पलवल
RNI No. HARHIN/2021/81389
www.deshrojana.com
वर्ष: 3, अंक: 115,
रविवार,
14 अप्रैल 2024
पृष्ठ: 12
मूल्य: 4 रुपये
देश रोजाना
हरियाणा, दिल्ली, हिमाचल, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में प्रसारित हिन्दी दैनिक
बेबाक सच...

स्पोर्ट्स

P 11

गुकेश को कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में मिली पहली हार

सोना (24 कैरेट) ₹ 75,185.00 प्रति 10 ग्राम

चांदी ₹855 प्रति 10 ग्राम

मौसम
सूर्योदय...5:56 (बजे)
सूर्यास्त...6:46 (बजे)
35° (+2)
24° (+2)

चैत्र नवरात्रि छठवां दिन
मां कात्यायनी

देवी भागवत पुराण में ऐसी कथा मिलती है कि, ऋषि कात्यायन मां आदिशक्ति के परम भक्त थे। इनकी इच्छा थी कि देवी उनकी पुत्री के रूप में उनके घर पधारें। इसके लिए ऋषि कात्यायन ने वर्षों कठोर तपस्या की। इनके तप से प्रसन्न होकर देवी इनकी पुत्री रूप में प्रकट हुई। कात्यायन की पुत्री होने के कारण माता कात्यायनी कहलायीं। सबसे पहले इनकी पूजा स्वयं महर्षि कात्यायन ने की थी। तीन दिनों तक ऋषि की पूजा स्वीकार करने के बाद देवी ने ऋषि से विदा लिया और महिषासुर को युद्ध में ललकार कर उसका अंत कर दिया इसलिए इन्हें महिषासुर मर्दनी के नाम से भी जाना जाता है। देवी कात्यायनी को ब्रजभूमि की अधिष्ठात्री देवी के रूप में भी जाना जाता है। ब्रजभूमि की कन्याओं ने श्रीकृष्ण के प्रेम को पाने के लिए इनकी आराधना की थी। भगवान श्रीकृष्ण ने भी देवी कात्यायनी की पूजा की थी। देवी कात्यायनी को मधुयुक्त पान अत्यंत प्रिय है। इन्हें प्रसाद रूप में फल और मिठाई के साथ शहद युक्त पान अर्पित करना चाहिए। माता कात्यायनी चार भुजाधारी हैं जिनमें इनके एक भुजा में शत्रुओं का अंत करने वाला तलवार है तो दूसरी भुजा में पुष्प है जो भक्तों के प्रति इनके स्नेह को दशार्ता है। तीसरी भुजा अभय मुद्रा में है जो भक्तों को भय मुक्ति प्रदान कर रहा है।

माता कात्यायनी का पूजा मंत्र

चंद्र हासोज्ज वलकरा शार्दूलवर वाहना। कात्यायनी शुभंदद्या देवी दानव घातिनी॥

न्यूज Window

एफबीआई ने भारतीय भगोड़े पर रखा दो करोड़ का इनाम

एजेंसी, वाशिंगटन। एफबीआई ने भारतीय भगोड़े पर रखा 250000 डॉलर यानी 2 करोड़ का इनाम का इनाम रखा है। आरोपी अमेरिका में पत्नी की हत्या के आरोप के बाद से फरार है। अमेरिकी संघीय जांच ब्यूरो ने भद्रेश कुमार चेतनभाई पटेल की गिरफ्तारी में मदद करने या जानकारी के लिए 2.1 करोड़ रुपये तक के इनाम की घोषणा की है। वह एफबीआई की टॉपटेन भगोड़ा में से एक है। चेतनभाई पटेल पर अपनी पत्नी पलक की हत्या करने का आरोप है, जब वे 2015 में हनोवर, मैरीलैंड में डंकिन डोनट्स में काम करते थे। उन्होंने कथित तौर पर दुकान के पीछे के कमरे में रसोई के चाकू से उस पर हमला किया, जिससे वह घायल हो गई। यह घटना रात की पाली में ग्राहकों की मौजूदगी में हुई और सीसीटीवी में कैद हो गई। फुटेज में उसे, उस समय 24 वर्ष का, और उसकी पत्नी को दृश्य से गायब होने से पहले रसोई क्षेत्र में जाते हुए दिखाया गया था।

तिरछी नजर
धर्मेंद्र व्यास

बस्तर की जनसभा में राहुल गांधी ने कहा, एक झटके में मिटा देंगे गरीबी

जितना 70 करोड़ लोगों के पास धन उतनी 22 लोगों की संपत्ति: राहुल

- कहा कि हमारी सरकार आई तो महा लक्ष्मी योजना शुरू की जाएगी

एजेंसी, जगदलपुर

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बस्तर के लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आई तो महा लक्ष्मी योजना शुरू की जाएगी। हर परिवार से हम एक महिला को चुनेंगे। इसके बाद हर महीने बैंक खाते में साढ़े 8 हजार रुपए डाले जाएंगे। यानी एक साल में एक लाख रुपए मिलेंगे। इस तरह एक झटके में हम देश से गरीबी मिटा देंगे। कांग्रेस सांसद ने कहा कि हमारी सरकार आई तो महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 50 प्रतिशत आरक्षण देंगे। आंगनबाड़ी और आशा कार्यकताओं का मानदेय डबल करेंगे।

राहुल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हमने किसानों को पैसा दिया, वही हम देश में करेंगे। जैसे ही हमारी सरकार आएगी, सबसे पहला काम किसानों की कर्ज माफी का होगा। किसानों को सही दाम मिलेगा, वो भी कानूनी गारंटी के साथ। कांग्रेस सांसद ने ये भी वादा किया कि अमीर घरों के बच्चे काम करने से पहले एक साल की अप्रेंटिसशिप करते हैं। जिसके लिए उन्हें पैसा भी मिलता है। अब भी अप्रेंटिसशिप का अधिकार लाने जा रहे हैं। जिनके पास भी डिग्री, डिप्लोमा है, हम उन्हें अप्रेंटिसशिप का अधिकार देंगे।

सरकारी सेक्टर में बंद होगी ठेकेदारी प्रथा

देश के बेरोजगार युवाओं को एक साल के लिए नौकरी मिलेगी, ट्रेनिंग मिलेगी। एक साल बाद उनके अकाउंट में एक लाख रुपए जमा किए जाएंगे। अगर काम अच्छा रहा तो उनकी नौकरी परमानेंट हो जाएगी। एक तरह से ये जॉब मार्केट में जाने का दरवाजा होगा। गरीब लोगों को कहीं परमानेंट नौकरी नहीं मिलती। अमीरों को वेतन, पेंशन और मेडिकल की सुविधा मिलती है। लेकिन जब गरीब काम करते हैं तो उन्हें एक दिन में भी निकाला जा सकता है। सरकारी सेक्टर में हम ठेकेदारी प्रथा को खत्म कर देंगे। जब आपको नौकरी मिलेगी वह परमानेंट होगी।

मोदी की मौजूदगी में भाजपा आज जारी करेगी संकल्प पत्र

- मेनिफेस्टो में पार्टी उन्हीं वादों को शामिल करेगी, जो पूरे किए जा सकें

देश रोजाना ब्यूरो, नई दिल्ली

भाजपा लोकसभा चुनाव 2024 के लिए रविवार (14 अप्रैल) को संकल्प पत्र जारी करेगी। दिल्ली स्थित भाजपा हेडक्वार्टर में चुनावी मेनिफेस्टो जारी करने के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने चुनावी मेनिफेस्टो के लिए 25 जनवरी 2024 को जनता से सुझाव मांगे थे। पार्टी को अब तक 15 लाख से ज्यादा सुझाव मिले। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, नमो ऐप के माध्यम से चार लाख और वीडियो के माध्यम से 11 लाख सुझाव मिले हैं।

पार्टी सूत्रों के मुताबिक, भाजपा के घोषणा पत्र का विषय सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के साथ मोदी की गारंटी: विकसित भारत 2047 पर फोकस होगा। पार्टी संकल्प पत्र में केवल उन्हीं वादों को शामिल करेगी, जो पूरे किए जा सकें। घोषणा पत्र विकास, समृद्ध भारत, महिलाओं, युवाओं, गरीबों और किसानों पर केंद्रित होगा।

मेनिफेस्टो कमेटी में चार राज्यों के सीएम समेत 27 सदस्य

भाजपा ने 30 मार्च को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मेनिफेस्टो कमेटी का ऐलान किया था। कमेटी में कुल 27 मेंबर हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को कमेटी का अध्यक्ष हैं। वहीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण संयोजक और पीयूष गोयल सह संयोजक हैं।

इसके अलावा कमेटी में चार राज्यों के सीएम भी शामिल हैं। मध्यप्रदेश के सीएम मोहन यादव, असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा, गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल और छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव साय कमेटी का हिस्सा हैं। कमेटी में अर्जुन मुंडा, किरेन रिजिजू, अश्विनी वैष्णव, शिवराज सिंह चौहान, वसुंधरा राजे और स्मृति ईरानी जैसे बड़े नाम भी शामिल हैं।

मणिपुर में फिर भड़की हिंसा फायरिंग में दो लोगों की मौत

- मरने वाले दोनों कुकी समुदाय के, लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद हुई पहली घटना

एजेंसी, इम्फाल

मणिपुर में 11 महीने उपद्रव जारी है। शनिवार को एक बार फिर हुई हिंसा में दो लोगों की मौत हो गई। पूर्वी इम्फाल और कांगपोकपी जिले के बीच मोइरंगपुरेल इलाके में हथियारबंद दो समूहों के बीच गोलीबारी हुई। बताया गया है कि जिन लोगों की मौत हुई, वे दोनों कुकी समुदाय से हैं। मरने वालों के नाम कम्मिनलाल लुफेंग (23), कामलेंगसैट लुंकिम (22) दोनों की कांगपोकपी जिले के रहने वाले थे।

लोकसभा चुनाव 2024 के चलते आचार संहिता लागू है, लेकिन बीते दो दिन से मणिपुर में अलग-अलग इलाकों में गोलीबारी हुई।

अमित शाह का दौरा कल

15 अप्रैल को गृह मंत्री अमित शाह का मणिपुर दौरा है। ऐसे में ताजा हिंसा के कारण क्षेत्र में तनाव है। वहीं, 19 अप्रैल को पहले फेज में इनर और आउटर मणिपुर लोकसभा सीट के लिए वोटिंग होनी है। केंद्र सरकार ने सुरक्षाबलों की तैनाती भी की है। इसके बावजूद हिंसा हो रही है।

जिनके पास संसाधन, वे न्याय का कर रहे दुरुपयोग: सीजेआई

- दो दिवसीय कांफ्रेस में बोले चंद्रचूड़, एआई लोगों के बीच गैप बना सकती है, लेकिन मौके भी देगी

देश रोजाना ब्यूरो, नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट और सिंगापुर के टॉप कोर्ट की दो दिवसीय की कॉन्फ्रेंस चल रही है। इसमें शनिवार को चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि हम रोज देखते हैं कि जिनके पास संसाधन हैं, वे न्याय का दुरुपयोग कर रहे हैं। एक जज होने के नाते यह हमारा सबसे बड़ा चैलेंज है। मुझे लगता है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) लोगों के बीच में एक गैप बना सकता है, लेकिन यह कुछ लोगों को नए मौके भी देगा।

इस कॉन्फ्रेंस का मकसद लीगल सिस्टम में टेक्नोलॉजी और कानूनी प्रणाली के बीच की कनेक्टिविटी को समझना है। साथ ही कॉन्फ्रेंस का फोकस भविष्य में एआई के रोल पर भी होगा।

चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि एआई ने लीगल रिसर्च को रीशेप करने में मदद की है। चैट जीपीटी के लॉन्च के साथ यह बात भी सामने आई है कि किसी निष्कर्ष तक पहुंचने के लिए एआई पर भरोसा करना चाहिए या नहीं। एआई को लेकर लोगों के बीच में बहुत एक्ससाइटमेंट है, लेकिन हमें इसमें होने वाली गलतियों को लेकर भी चिंता है। अपने इकोसिस्टम प्रोजेक्ट में हम सभी को एपीआई (एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस) की ओर बढ़ा रहे हैं।

मंडी से विक्रमादित्य सिंह और चंडीगढ़ से मनीष तिवारी को टिकट

- लोकसभा चुनाव: कांग्रेस की 15वीं सूची में 16 नाम शामिल

देश रोजाना ब्यूरो, नई दिल्ली

कांग्रेस ने शनिवार 13 अप्रैल को उम्मीदवारों की सूची जारी की। कांग्रेस की यह 15वीं लिस्ट है। इसमें चंडीगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश और ओडिशा से 16 नामों का ऐलान किया। पूर्व मंत्री मनीष तिवारी को चंडीगढ़ से टिकट दिया गया है। मंडी से विक्रमादित्य सिंह को उतारा गया है। भाजपा ने मंडी से एक्ट्रेस कंगना रणोट को टिकट दिया है। कांग्रेस अब तक 262 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर चुकी है।

कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री पी चिदंबरम ने कहा कि भाजपा नपी-तुली रणनीति के तहत विपक्ष को हिंदू विरोधी और पीएम नरेंद्र मोदी को हिंदुओं का रक्षक बता रही है। इस बार चुनाव में हमारी पार्टी 2019 की तुलना में अच्छा प्रदर्शन करेगी। कांग्रेस को पिछले लोकसभा चुनाव में 52 सीटें मिली थीं। चिदंबरम ने ये भी कहा कि इस चुनाव में ममता बनर्जी अहम रोल निभाएंगी। वे न केवल अपना किला बचाएंगी, बल्कि इंडिया गठबंधन को भी मजबूत करेंगी।

बहस के बाद यूट्यूबर लिव-इन जोड़े ने सातवीं मंजिल से लगाई छलांग, मौत

- दोनों शूटिंग के बाद लौटे थे घर, किसी बात पर दोनों में हुई थी बहस

देश रोजाना ब्यूरो, चंडीगढ़

बहादुरगढ़ में एक लिव-इन जोड़े ने कथित तौर पर एक अपार्टमेंट की सातवीं मंजिल से कूदकर खुदकुशी कर ली। वे दोनों यूट्यूबर थे। पुलिस के मुताबिक, उन दोनों के बीच झड़प हुई थी जिसके बाद उन्होंने यह कदम उठाया। बहादुरगढ़ शहर दिल्ली से सिर्फ 20 किलोमीटर की दूरी पर है।

जोड़े की पहचान 25 साल के गर्वित और 22 साल की नंदिनी के रूप में की गई है। यह दोनों कंटेंट क्रिएटर थे। वे अपना चैनल चलाते थे और यूट्यूब व फेसबुक जैसे प्लेटफार्मों के लिए शॉर्ट फिल्में बनाते थे। वे दोनों कुछ दिन पहले अपनी टीम के साथ देहरादून से बहादुरगढ़ पहुंचे थे। उन्होंने रुहेला रेजीडेंसी की सातवीं मंजिल पर एक फ्लैट किराए पर लिया था। वहां वे अपने पांच साथियों के साथ रह रहे थे। पुलिस ने बताया कि, दोनों ने आज सुबह करीब 6 बजे आत्महत्या कर ली। वे शूटिंग के बाद देर से घर लौटे थे और उनके बीच किसी बात पर बहस हो गई थी।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश में जुटी है कि इस जोड़े ने अपना जीवन समाप्त करने जैसा कदम क्यों उठाया। फोरेंसिक विशेषज्ञों की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और जांच करने के लिए मौके पर सबूत इकट्ठे किए।

केजरीवाल की याचिका पर सुप्रीमकोर्ट में कल होगी सुनवाई

देश रोजाना ब्यूरो, नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में 15 अप्रैल को सुनवाई होगी। केजरीवाल ने शराब नीति केस में ईडी की गिरफ्तारी और रिमांड पर हाईकोर्ट के 9 अप्रैल के फैसले को चुनौती दी है।केजरीवाल ने हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ 10 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। उन्होंने मामले पर तुरंत सुनवाई और उन्हें जल्द से जल्द रिहा करने की मांग की थी। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच सुप्रीम कोर्ट में केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई करेगी।

भाजपा को सबसे ज्यादा चंदा देने वाली मेघा इंजीनियरिंग पर एफआईआर दर्ज

- कंपनी पर सीबीआई ने लगाया कथित तौर पर अधिकारियों को रिश्वत देने का आरोप

देश रोजाना ब्यूरो, नई दिल्ली

हैदराबाद स्थित मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के खिलाफ सीबीआई ने कथित तौर से रिश्वत देने के एक मामले में एफआईआर दर्ज की है। गौरतलब है कि कंपनी ने 966 करोड़ रुपये के चुनावी बॉन्ड खरीदे थे और वह इन बॉन्ड की दूसरी सबसे बड़ी खरीदार है।

अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि जगदलपुर एकीकृत इस्पात संयंत्र से संबंधित कार्यों के लिए मेघा इंजीनियरिंग के 174 करोड़ रुपये के बिलों को मंजूरी देने में लगभग 78 लाख रुपये की कथित रिश्वत दी। प्राथमिकी में एनआईएसपी और एनएमडीसी के आठ अधिकारियों और मेकॉन के दो अधिकारियों को भी कथित तौर पर रिश्वत लेने के लिए नामित किया गया है। चुनाव आयोग के 21 मार्च को जारी आंकड़ों के अनुसार मेघा इंजीनियरिंग चुनावी बॉन्ड की दूसरी सबसे बड़ी खरीदार थी और उसने भाजपा को लगभग 586 करोड़ रुपये की सबसे अधिक राशि का दान दिया था।

कंपनी ने बीआरएस को 195 करोड़ रुपये, डीएमके को 85 करोड़ रुपये और वाईएसआरसीपी को 37 करोड़ रुपये का दान दिया। टीडीपी को कंपनी से करीब 25 करोड़ रुपये मिले, जबकि कांग्रेस को 17 करोड़ रुपये मिले।

भारत ने बांग्लादेश को सौंपी 56 एकड़ जमीन, मिली 14 एकड़

- भारत और बांग्लादेश के बीच 1974 में जमीनों की अदला-बदली का हुआ था समझौता

एजेंसी, ढाका

भारत और बांग्लादेश के बीच 50 साल बाद जमीन की अदला-बदली हुई है। बांग्लादेश के लोगों ने इसे ईद का तोहफा बताया है। भारत ने बांग्लादेश को सीमावर्ती ठाकुरगांव के रानीशंकोई उपजिला की 56.86 एकड़ जमीन सौंपी है। इसके जवाब में भारत को भी बांग्लादेश से 14.68 एकड़ जमीन हासिल हुई है।

भारत की ओर से बीएसएफ (बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स) और बांग्लादेश की ओर से बीजीबी (बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश) के बीच फ्लैग मीटिंग में जमीनों की अदला बदली हुई। भारत और बांग्लादेश के बीच 1974 में जमीनों की अदला-बदली का समझौता हुआ था, लेकिन रानीशंकोई को लेकर कोई कार्रवाई नहीं हुई थी।

बांग्लादेश को भारत से मिली जमीन अभी खास खातियान (सरकारी जमीन) कहलाएगी। इस जमीन में से 48.12 एकड़ खेती योग्य, 6.87 एकड़ चाय बगान व 1.87 नदी पेटा काश्त की है। बीजीबी के कैप्टन ले.कर्नल तंजीर अहमद का कहना है कि दोनों देशों के बीच जमीन की अदला-बदली सौहार्दपूर्ण तरीके से हुई है। हमें तो ईद का तोहफा मिल गया। इसके लिए हम बीएसएफ का शुक्रिया अदा करते हैं।

सबक कनीना बस हादसे के बाद प्रशासन ने अख्तियार किया सख्त रवैया

तीस की रफ्तार से ज्यादा नहीं दौड़ेंगी स्कूल बसें

हालत

- 75 फीसदी निजी स्कूलों में आग से बचाव के नहीं कोई इंतजाम

देश रोजाना ब्यूरो, चंडीगढ़

हरियाणा में कोई स्कूल बस 30 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक रफ्तार से नहीं दौड़ाई जा सकेगी। न केवल निजी स्कूलों की बसों, बल्कि सरकारी स्कूलों में बच्चों को ले जा रहे वाहनों की भी जांच होगी। किसी रूट पर 20 से अधिक छात्र हुए तो रोडवेज की बसें लगाई जाएंगी।

माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा अधिकारियों और मौलिक शिक्षा अधिकारियों को लिखित आदेश जारी कर दिए हैं। विद्यार्थी परिवहन सुरक्षा योजना के तहत प्रदेश में एक किलोमीटर से अधिक दूर के स्कूल में जाने वाले बच्चों के लिए सरकार के स्तर पर वाहन की व्यवस्था की जाती है।

निर्देशों में कहा गया है कि शिक्षा विभाग के अधिकारी परिवहन विभाग के साथ मिलकर छात्रों के लिए लगाए गए ऑटो रिक्शा, ई-रिक्शा, कार, वैन, जीप, मिनी बस और बसों सहित अन्य वाहनों की जांच सुनिश्चित कर एक सप्ताह के अंदर रिपोर्ट दें। स्कूल प्रबंधन समितियां सुनिश्चित करेंगी कि वाहन चालक पूरी तरह प्रशिक्षित हो। वह नशा न करता हो और पूरी तरह बेदाग हो।

अधिकारी सख्ती से पालन करवाएंगे निर्देश

महेंद्रगढ़ के कनीना में हुए बस हादसे के बाद बड़ी संख्या में मामले सामने आए हैं जिनमें छात्रों को सुरक्षित रखने के लिए स्कूल प्रबंधन द्वारा बसों और ड्राइवरों की उचित निगरानी नहीं की जाती है। इस कारण छात्रों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा होता है। ऐसे में सभी जिलों में पुलिस अधीक्षक, एसडीएम, आरटीए सचिव, जिला शिक्षा अधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारी आदेशों का सख्ती से पालन करवाएंगे।

हरियाणा के मान्यता प्राप्त 75 प्रतिशत निजी स्कूलों में आग से बचाव के इंतजाम नहीं हैं। साल 2017 में शिक्षा विभाग ने बच्चों की सुरक्षा को लेकर नीति बनाई थी, जिसे सात साल बाद भी लागू नहीं किया जा सका है। हिसार जिले में 109 निजी स्कूलों में किसी के पास फायर अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) नहीं है।

लोकसभा चुनाव की आभासी सियासी जंग बेहद दिलचस्प

- भाजपा-कांग्रेस आगे, आप पिछड़ी
- हर दिन औसतन 1000 डिजिटल विज्ञापन

देश रोजाना ब्यूरो, नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव की आभासी सियासी जंग भी बेहद दिलचस्प है। मतदाताओं तक सीधे पहुंच बनाने वाले इस प्लेटफॉर्म पर दिल्ली में मुकाबला अभी भाजपा व कांग्रेस के बीच दिख रहा है। गूगल एड व मेटा के सियासी विज्ञापन इसका सहारा बने हैं। आने वाले दिनों में इसमें बढ़ोतरी की उम्मीद है। जानकारों के अनुसार आभासी दुनिया में पार्टियां तीन तरीके से मतदाताओं तक पहुंच रही हैं। इसमें दो बड़े प्लेटफॉर्म गूगल एड और मेटा है। पार्टियां दोनों प्लेटफॉर्म पर लुभावने विज्ञापन दिखाकर मतदाताओं को अपने हक में लामबंद करने की कोशिश कर रही हैं। इसकी एवज में राजनीतिक दलों को खर्च भी करना पड़ता है। तीसरा तरीका एन्फ्लूएंसर होता है, जिस पर होने वाले खर्च का पता करना पाना आसान नहीं होता।

आंकड़ों के अनुसार लोकसभा चुनाव घोषित होने के बाद से भाजपा के साथ कांग्रेस ने भी इस माध्यम पर भरोसा जताया है। बीते करीब एक महीने में गूगल एड पर कांग्रेस ने 43.07 लाख रुपये व भाजपा ने 56.4 लाख रुपये खर्च किए हैं। वहीं, मेटा पर आंकड़ा क्रमशः पचास हजार व 1.76 लाख रुपये का है। दूसरी तरफ आप ने अभी तक मेटा पर सिर्फ सात लाख रुपये खर्च किए हैं।

गूगल एड ट्रांसपेरेंसी सेंटर की ओर से जारी किए गए डेटा के मुताबिक, राजनीतिक दलों ने चुनाव की घोषणा के दिन से लेकर अब तक दिल्ली में दिखाए जाने वाले 32,336 डिजिटल विज्ञापन जारी किए हैं। इस लिहाज से हर दिन एक हजार और हर घंटे 44 से ज्यादा विज्ञापन यूजर तक पहुंच रहे हैं। इस पर होने वाला खर्च 1.16 करोड़ रुपये है। इस मामले में भाजपा ने सबसे अधिक रुपये खर्च किए हैं। भाजपा ने 16 मार्च से अब तक लगभग 56 लाख रुपये गूगल एड पर खर्च किए हैं, जबकि कांग्रेस ने इस अवधि में 43 लाख रुपये खर्च किए हैं। आप ने अभी तक गूगल एड्स पर भरोसा नहीं जताया है। उधर, मेटा की एड लाइब्रेरी रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले एक माह में 10 अप्रैल तक भाजपा ने केवल इंस्टाग्राम और फेसबुक पर ऑनलाइन विज्ञापनों में 1.76 करोड़ रुपये खर्च किए हैं, जबकि इस अवधि के दौरान कांग्रेस ने विज्ञापनों पर करीब दस हजार रुपये ही खर्च किए हैं। हालांकि, आप ने मेटा में रुचि दिखाई है। पार्टी ने फेसबुक और इंस्टाग्राम पर सात लाख रुपये खर्च किए हैं।

दिलचस्प यह कि यूजर तक पहुंच भी एड लग-अलग रही है। डेटा के मुताबिक, भाजपा के एक फोटो विज्ञापन को गूगल ने एक करोड़ से अधिक बार यूजर को दिखाया है। 23 दिनों में इस पर सिर्फ तीन लाख रुपये खर्च किए। वहीं, कांग्रेस का वीडियो विज्ञापन पांच लाख रुपये खर्च करने पर 45 लाख बार यूजर को दिखाया गया है। विशेषज्ञ बताते हैं कि फोटो विज्ञापन सस्ता पड़ता है,जबकि वीडियो व पॉड कॉस्ट महंगा पड़ता है। भाजपा का विज्ञापन सकारात्मक व अपनी योजनाओं को प्रचार करने वाला है। साथ में बीच-बीच में दावा भ्रष्टाचार हटाने का भी है। कांग्रेस व आप के ज्यादातर विज्ञापनों में भाजपा व केंद्र सरकार को कठघरे में खड़ा किया गया है। बीच-बीच में वादे व इरादों पर दोनों दल चर्चा करते हैं। पार्टियां डिजिटल प्लेटफार्म पर क्षेत्र, आयु, वर्ग व पसंद के आधार पर लक्षित समूह बनाती हैं। इसके बाद बजट और उसे चलाने की अवधि भी तय की जाती है। फिर, यह विज्ञापन यूट्यूब वीडियो, वेबसाइट, एप आदि के जरिए यूजर तक पहुंचाता है। यूजर अपनी पसंद व जरूरत के अनुसार विज्ञापन पर जब अपनी प्रतिक्रिया देते हैं, तब विज्ञापन का मकसद पूरा हो जाता है।

भाजपा और कांग्रेस के सांसदों की संख्या बराबर

आप को भी खाता खुलने का इंतजार

देश रोजाना ब्यूरो, नई दिल्ली। लोकसभा चुनावों के बीच दिल्ली में कांग्रेस और भाजपा में दूसरे स्तर की भी सियासी जंग चल रही है। बीते 17 संसदीय चुनावों में दिल्ली से लोकसभा में जितने सांसद पहुंचे हैं, उनमें से भाजपा और कांग्रेस के सांसदों की संख्या बराबर रही है। 112 लोकसभा सांसदों में से दोनों दलों के सांसदों की संख्या 54-54 है। दोनों दलों में होड़ अब एक-दूसरे से आगे निकलने की है। जिस दल के ज्यादा उम्मीदवार लोक सभा में पहुंचेंगे, उसको इस मामले में बढ़त हासिल होगी। उधर, कांग्रेस के सामने बीते दस सालों का सियासी सूखा खत्म करने की भी चुनौती है। 2009 के आम चुनावों के बाद कांग्रेस का एक भी उम्मीदवार दिल्ली से नहीं जीत सका है। वहीं, बीते दो चुनावों में आप का भी दिल्ली से खाता नहीं खुला है। जीतने की सूरत में आप दिल्ली से लोकसभा में पहला प्रतिनिधि भेजेगी। सीट शेयरिंग समझौते के तहत दिल्ली के सत्ता संग्राम में उतरी कांग्रेस व आप की कोशिश इस वक्त एक-दूसरे को सियासी ताकत देने की है। दरअसल, बीते 17 संसदीय चुनावों में दिल्ली ने 112 सांसद लोकसभा में भेजे हैं। 2009 तक इनकी संख्या 98 थी। उस वक्त दिल्ली ने कांग्रेस को 54 सांसद दिए थे, जबकि भाजपा ने 40। इसके बाद भाजपा ने कांग्रेस को बुरी तरह पटखनी दी। लगातार दो चुनावों में दिल्ली से कांग्रेस का खाता भी नहीं खुल सका है। इससे उसके सांसदों की संख्या तो स्थिर रही, लेकिन भाजपा के 54 सांसद लोकसभा तक पहुंचने में कामयाब रहे। मौजूदा लोकसभा चुनाव इस मायने में भी अहम है कि जिस भी दल का ज्यादा उम्मीदवार जीतेगा, उसको इस पैमाने बढ़त हासिल होगी। 1952 से 2019 तक भाजपा कभी भी कांग्रेस से बराबरी नहीं कर सकी थी। 1999 के चुनाव में कांग्रेस से भाजपा मात्र दो अंक पीछे थी। उस दौरान दिल्ली में कांग्रेस के 41 व भाजपा के 39 सांसद बने थे। 2004 में भी दोनों दलों में आगे निकलने की होड़ थी, लेकिन चुनाव में कांग्रेस ने उलटफेर करके छह सीट जीत ली और आंकड़ा कांग्रेस के पक्ष में झुक गया। 2009 के चुनाव में कांग्रेस ने सातों सीटें जीतकर भाजपा को एक बार फिर काफी पीछे कर दिया था। पिछले दोनों चुनाव में भाजपा ने कांग्रेस का सफाया करके सभी सीटों पर जीत हासिल की और पिछले चुनाव में भाजपा के नेताओं ने सांसद बनने के मामले में कांग्रेस की बराबरी कर ली थी। भाजपा का गठन होने से पहले उसके नेता जनसंघ, भारतीय लोकदल व जनता पार्टी में रहकर चुनाव लड़े थे। भाजपा के छह नेता जनसंघ और पांच नेता भारतीय लोकदल व एक नेता जनता पार्टी के टिकट पर उनके साथ समझौते के तहत चुनाव लड़ने पर सांसद बना था, वहीं 42 नेता भाजपा के सांसद बन चुके है। किसान मजदूर प्रजा पार्टी व जनता दल का एक-एक सांसद बना है। वहीं, दो सांसद भारतीय लोकदल के अपने नेता बने है।

देश की समस्याओं का नाम कांग्रेस : योगी

- यूसीसी और नकल विरोधी कानून बनाकर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने इतिहास बना दिया है

एजेंसी, नैनीताल

हल्द्वानी के एमबी इंटर कॉलेज में आयोजित भाजपा की विजय संकल्प रैली में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंचे। उनके साथ सीएम पुष्कर सिंह धामी में मौजूद थे।

इस दौरान भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने योगी और धामी की तारीफों के पुल बांधे और कहा कि यूसीसी और नकल विरोधी कानून बनाकर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने इतिहास बना दिया है। भट्ट ने जमरानी बांध को मंजूरी मिलने को बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि अगर में दोबारा सांसद में जाता हूं तो प्रदेश और क्षेत्र की नाक नीची नहीं होने दूंगा।

सीएम पुष्कर धामी ने कहा कि योगी ने यूपी में जो कार्य किए हैं उनकी धमक देश दुनिया में हैं। आज सभी लोग उन्हें बुलडोजर बाबा के नाम से जानने लगे हैं। एक समय यूपी को बीमारू राज्य के रूप में जाना जाता था। अब यूपी उत्तम प्रदेश और उत्कृष्ट प्रदेश बन गया है। सीएम धामी ने कहा कि इस बार राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी भी हमें करनी है। हमने समान नागरिक संहिता विधेयक पारित किया। नकल विरोधी कानून लागू किया, लैंड जिहाद के खिलाफ कार्यवाही की, धर्मांतरण विरोधी कानून और दंगा विरोधी कानून हम लेकर आए हैं। दंगे में हुए नुकसान की भरपाई दंगा करने वाले भरेंगे।

सीएम योगी ने कहा कि उत्तराखंड अनेक महापुरुषों को जन्म देने वाली धरती है। यूपी के पहले मुख्यमंत्री पंडित गोविंद बल्लभ पंत, नारायण दत्त तिवारी और हेमवती नंदन बहुगुणा को इसी धरती ने जन्म दिया है। ऐसी धरती को कोटि कोटि नमन करता हूं। देवभूमि के कंकड़ कंकड़ में शंकर है। उन्होंने कहा कि देश की समस्याओं का नाम कांग्रेस है। आतंकवाद, नक्सलवाद, जातिवाद, भ्रष्टाचार आदि सभी समस्याएं कांग्रेस की देन है। मोदी के नेतृत्व में सभी समस्याओं का समाधान किया है। देश ने गौरव की नई ऊंचाइयों को छुआ है। उन्होंने कहा कि मेरा बचपन उत्तराखंड में ही बिता। दूर दूर जाकर पानी लाना पड़ता था। आज हर घर नल की योजना के कारण 100 में से 90 घरों में पानी पहुंच गया है।

योगी ने कहा कि अयोध्या का विवाद कांग्रेस ने खड़ा किया था। कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट में एफिडेविट देकर कहा था कि राम और कृष्ण तो हुए ही नहीं। हमने राम और कृष्ण की विरासत को स्वीकार किया और अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण किया।

उत्तराखंड में केदारनाथ, बद्रीनाथ धाम को नई पहचान के साथ प्रस्तुत किया। यूपी में पहले बमबाजी होती थी। अब हर हर बम बम के उद्घोष के साथ कावड़ यात्रा निकलती है। यूपी में अपराधियों को गलतफहमी होती है कि यूपी में अपराध करके उत्तराखंड भाग जायेंगे। मैं उन्हें इस लायक छोड़ूंगा ही नहीं कि वो देवभूमि को अपवित्र कर सकें। विपक्ष पर निशाना साधते हुए योगी ने कहा कि कांग्रेस के समय जातिवाद की राजनीति होती थी, अराजकता का राज होता था, तुष्टिकरण की राजनीति होती थी। आज जो परिवर्तन देखने को मिला है वो आपके वोट ने किया है। आज मोदी के नेतृत्व में एक भारत श्रेष्ठ भारत के दर्शन हो रहे हैं।

जल्द हमारी टीम में दिखेंगे विक्रमादित्य : कंगना रणौत

एजेंसी, मनाली/कुल्लू। कुल्लू दौरे के दूसरे दिन भी कांग्रेस के मंत्री विक्रमादित्य सिंह मंडी से भाजपा प्रत्याशी कंगना रणौत के निशाने पर रहे। सिमसा स्थित अपने घर के समीप जनता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विक्रम भैया को प्यार से राजा बेटा कहा तो वह मुंह फुलाकर बैठ गए। इसके अलावा कुल्लू के अटल सदन में कुल्लवी परिधान में पहुंचीं कंगना ने कुल्लू भाजपा मंडल के भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा सम्मेलन में कहा कि विक्रमादित्य ने दिल्ली के कई चक्कर लगाए हैं और अब जल्द ही वे हमारी टीम में दिखेंगे। उन्होंने कहा कि पप्पू, राजा भैया, राजा बाबू अभद्र शब्द नहीं हैं। छोटों के लिए यह शब्द प्यार के साथ कहे जाते हैं। मेरे राजनीति में आने से सबसे अधिक दिक्कत विक्रमादित्य सिंह को हो रही है। वह कभी मेरे ऊपर कीचड़ उछालते हैं, कभी विकास की बात करते हैं।

भाजपा सभी जाति और धर्मों के लिए समान काम कर रही है : अरुण गोविल

देश रोजाना ब्यूरो, मेरठ

मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल ब्रह्मपुरी के भगवतपुरा इलाके में दलित परिवार के यहां पहुंचे। इस दौरान महिलाओं ने अरुण गोविल की आरती उतार घर में प्रवेश कराया। इसके बाद अरुण गोविल ने दलित के घर में बैठकर खाना खाया। बताया गया कि नीतू जाटव ने अरुण गोविल और भाजपा नेताओं को खाना परोसा। वहीं, अरुण गोविल ने कहा कि भाजपा सभी जाति और धर्मों के लिए समान काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि भारत को विकसित बनाने के लिए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना जरूरी है। अरुण गोविल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कोरोना काल से देश में 80 करोड़ लोगों को निशुल्क खाद्यान्न योजना देकर निचले तबके को उबारने का बड़ा काम किया है। घर-घर शौचालय योजना ने देश की करोड़ों माताओं-बहनों को सम्मान दिया है। आज देश के करोड़ों किसानों को पीएम सम्मान निधि मिल रही है।

गोविल का भ्रमण कार्यक्रम सुबह माधवपुरम मंडल से शुरू हुआ। रथ यात्रा विशन चौक से जैनिस पैलेस, प्रेम विहार, आंबेडकर नगर, हनुमान मंदिर, आरकेपुरम, दिल्ली रोड, तेजपाल एन्क्लेव, साई पुरम, सरस्वती लोक से अग्रसेन द्वार, शिव शक्ति चौक से होते हुए खत्ता चौक पर समाप्त हुई।

सपा, बसपा, कांग्रेस के राज में माफिया को मिलता था संरक्षण : सीएम योगी

- सीएम योगी ने अपने 23 मिनट के भाषण में विपक्ष पर जमकर हमला बोला

देश रोजाना ब्यूरो, बिजनौर

लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बिजनौर पहुंचे। सीएम योगी का हेलिकॉप्टर आलमपुर गावड़ी पहुंचा। इसके बाद मुख्यमंत्री जनसभा स्थल पर पहुंचे और जनसभा को संबोधित किया। सीएम योगी ने अपने 23 मिनट के भाषण में विपक्ष पर जमकर हमला बोला। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में अब ना कर्फ्यू है ना दंगा है, अब सब चंगा है। उन्होंने कहा कि भाजपा शासनकाल में सभी को सुरक्षा का माहौल दिया गया, जबकि सपा, बसपा और कांग्रेस के राज में अपराधियों को सरकार का संरक्षण प्राप्त होता था।

मुरादाबाद लोकसभा के ग्राम आलमपुर गावड़ी में भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा में अपने 23 मिनट के भाषण में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आपने 2014 से पहले के भारत को भी देखा है और अब 2014 के बाद का भारत भी आपके सामने है। दुनिया में मात्र 10 वर्षों में कोई देश किस तरह तेजी के साथ विकास के पथ पर प्रगति कर सकता है। उसका उदाहरण भारत आपके सामने है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में दुनिया भर में देश का माथा ऊंचा हुआ है। उन्होंने कहा कि सपा, बसपा और कांग्रेस के एजेंडे में कभी विकास रहा ही नहीं। उन्होंने सिर्फ अपराधियों को संरक्षण देने का काम किया।

सीएम योगी ने कहा कि भाजपा शासन काल में अपराधी या तो जेल में है या जहन्नुम में है। उन्होंने कहा कि मुरादाबाद को भी विकास की पटरी पर लाने का काम भी भाजपा के शासनकाल में ही हुआ है। उन्होंने तीसरी बार नरेंद्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनने के लिए सपा, बसपा व कांग्रेस के झांसे में ना आने का आह्वान किया।

मामा, फूफा और बुआ तक पहुंची दौसा लोकसभा सीट की चुनावी लड़ाई

- कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा और कांग्रेस प्रत्याशी मुरारीलाल मीणा के बीच रिश्तों की सियासी तकरार शुरू हो गई है

एजेंसी, दौसा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौसा में रोड शो के बाद कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा और कांग्रेस प्रत्याशी मुरारीलाल मीणा के बीच रिश्तों की सियासी तकरार शुरू हो गई है। मंत्री किरोड़ीलाल ने रोड शो के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि मुरारीलाल मेरे फूफा हो सकते हैं। लेकिन, रिश्ता पगड़ी का होता है, घाघरी का नहीं। कांग्रेस प्रत्याशी मुरारीलाल की पत्नी मेरी बुआ लगती हैं, पिछले लोकसभा चुनाव में फूफा (मुरारीलाल) ने बुआ (सविता मीना) को दौसा से लोकसभा का चुनाव लड़वाया था। लेकिन, इस बार उन्होंने मेरी बुआ का टिकट कटवा दिया। बुआ का टिकट कटने का मुझे दर्द है। इसलिए फूफा और मामा (मुरारीलाल) को दौसा से चुनाव हराऊंगा। दरअसल, दौसा लोकसभा क्षेत्र में मामा के बाद फूफा और बुआ की लड़ाई उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सभा के बाद शुरू हुई थी। 7 अप्रैल को दौसा के लालसोट में आयोजित जनसभा में मंत्री मीणा ने कांग्रेस प्रत्याशी को अपना मामा बताते हुए कहा था कि जनता भ्रमित न हो, मैं मामा (कांग्रेस प्रत्याशी मुरारीलाल मीना) पर मेहरबानी नहीं करूंगा।

जगजीत छडबड़ बसपा से पटियाला लोकसभा सीट से लड़ेंगे चुनाव

देश रोजाना ब्यूरो, चंडीगढ़। बहुजन समाज पार्टी पंजाब की ओर से पटियाला से जगजीत छडबड़ को प्रत्याशी बनाया गया है। पार्टी के पंजाब-हरियाणा, चंडीगढ़ प्रभारी रणधीर सिंह बैनीवाल ने कहा कि जल्द ही पंजाब की सभी सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी जाएगी। सभी उम्मीदवारों के पैनल पर अंतिम निर्णय कुमारी मायावती ले रही हैं। बसपा प्रदेश अध्यक्ष जसवीर सिंह गढ़ी ने कहा कि पंथक चेहरा जगजीत छडबड़ बसपा प्रत्याशी पटियाला लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। बसपा की ओर से अब तक चार उम्मीदवारों की घोषणा कर दी गई है। होशियारपुर से राकेश कुमार सुमन, फिरोजपुर से सुरिंदर कंबोज और संगरूर से डॉ. मक्खन सिंह के नाम की घोषणा पहले ही की जा चुकी है। गढ़ी ने बताया कि छडबड़ धार्मिक एवं सामाजिक पृष्ठभूमि से हैं। वह बसपा के जिला अध्यक्ष रह चुके हैं और वर्तमान में प्रदेश महासचिव हैं।

पुत्रमोह के मकड़जाल में फंसी प्रयागराज की सियासत

- नेताओं की नर्सरी बन गई ऊसर, अब विरासत ही सहारा

शिवा शंकर पाण्डेय, देश रोजाना

प्रयागराज। देश की सियासत में खासा दखल रखने वाला प्रयागराज इस बार लोकसभा चुनाव में परिवारवाद और पुत्रमोह के मकड़जाल से आखिरकार बाहर नहीं निकल सका। दो संसदीय सीट वाले इस जिले में भाजपा ने फूलपुर से प्रवीण पटेल और इलाहाबाद सीट से नीरज त्रिपाठी को प्रत्याशी बनाकर मुसीबत खड़ी कर दी। प्रवीण पटेल के पिता महेंद्र पटेल कई दशक राजनीति में रहे। विधायक भी चुने गए। पिता की राजनीतिक विरासत संभालने वाले प्रवीण पटेल कई दलों में रहने के बाद भाजपा में ठिकाना तलाशा। मौजूदा समय में फूलपुर क्षेत्र से विधायक हैं।

उधर, इलाहाबाद सीट पर भी पिता की विरासत के नाम पर दो 'सियासी घरानों ' के 'कुंवर-सा' आमने सामने हैं। भाजपा के नीरज त्रिपाठी और सप्ताह भर पहले सपा छोड़ कांग्रेस ज्वॉइन करने वाले उज्ज्वल रमण ने तीन दिन यमुनापार इलाके में भ्रमण के बहाने कार्यकताओं की नब्ज टटोली।

दोनों सीटों पर हंगामा, झल्लाहट, घुटनभरे उठापटक के बीच भाजपा समर्थक अवाक हैं। वोटरों के चुभते सवालों से खुद को बचाते फिर रहे हैं। पब्लिकी लोग सवाल उठा रहे हैं कि चुनाव में भाजपा 'उधार- प्रत्याशी' कब उतारना बंद करेगी ? परिवारवाद और पुत्रमोह को लेकर विरोधी दलों का विरोध मगर खुद वही करके दिखाएंगे? पिछले लोकसभा चुनाव में फूलपुर से केशरी देवी और इलाहाबाद से डॉ रीता बहुगुणा जोशी सांसद रहीं। भाजपा ने तब इन दोनों को बेजोड़ बताया था। केशरी देवी भाजपा से सपा वाया बसपा, मोदी लहर में फिर भाजपाई बनीं। डॉ रीता बहुगुणा जोशी भी लंबे अरसे कांग्रेस में रहकर भाजपा में शामिल हुईं। इस



बार दोनों निवर्तमान सांसदों का टिकट काटा गया है।

टिकट वितरण के दूसरे ही दिन शुक्रवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा प्रयागराज में थे। एयरपोर्ट गेस्ट हाउस में श्री नड्डा प्रत्याशियों से फीडबैक लेने के बाद काफी देर तक नाराज कार्यकताओं के 'घाव पर मरहम' लगाते रहे।

मंचों पर परिवार और पुत्रवाद का विरोध करने वाली भाजपा इस जिले में तो उसी पोखरे के कीचड़ में फंस गई। इलाहाबाद सीट से नीरज त्रिपाठी और फूलपुर से प्रवीण पटेल को प्रत्याशी घोषित किए जाने से भाजपा कार्यकर्ता से लेकर हजारों समर्थक भौचक्के हैं। सिविल लाइंस सुभाष चौराहे पर दबी जुबान कई कार्यकताओं ने कहा, मंचों पर देवतुल्य कार्यकर्ता का संबोधन अब खीझ पैदा करते हैं। सवाल किया कि भाजपा कार्यकर्ता गैर भाजपाई और पैराशूट प्रत्याशी की पालकी आखिर कब तक ढोएं ? दावा किया कि दोनों क्षेत्रों में भाजपा के पुराने, समर्पित, निष्ठावान, मेहनती और लोकप्रिय जिताऊ कई दर्जन भाजपाई नेता मौजूद हैं। प्रत्याशी चयन को लेकर पूर्व में कराए गए सर्वे और चयन कमेटी के आकलन के दावे पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। शांतिपुरम चौराहे पर मिले करुणा शंकर और भाजपा के शुरूआती काल से जुड़े कार्यकर्ता गणेश शुक्ला, अमित कुमार, अजितेश, अभिषेक शुक्ला जिक्र छिड़ते ही साफ शब्दों में कहते हैं कि केशरी देवी पटेल और रीता बहुगुणा जोशी को हटाने के बाद कम से कम इनसे ज्यादा लोकप्रिय और मजबूत चेहरा दिया जाना था पर भाजपा ने जिनको प्रत्याशी बनाया, वो भाजपा समर्थित वोटरों के पल्ले नहीं पड़ रहा है। पूरी तरह गैर राजनीतिक नीरज त्रिपाठी भाजपा कार्यकताओं के बीच भी अनजान और चौंकाने वाला नाम है। पेशे से वकील नीरज त्रिपाठी पंडित केशरी नाथ त्रिपाठी के पुत्र हैं। केशरी नाथ त्रिपाठी भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, विधानसभा अध्यक्ष और राज्यपाल थे। खास बात यह कि यहां की दोनों सीटों पर भाजपा को छोड़ अभी तक किसी भी दल ने पत्ते नहीं खोले हैं। इंडी गठबंधन में इलाहाबाद सीट कांग्रेस के हिस्से में है। करछना से आठ बार लगातार विधायक और दो बार सांसद रह चुके सपा नेता कुंवर रेवती रमण सिंह ने बेटे उज्ज्वल रमण को सांसद बनाने के मोह में सपा से बगावत कर लिया। सप्ताह भर पहले सपा छोड़ कांग्रेस ज्वाइन करने वाले उज्वल रमण सिंह का नाम बतौर कांग्रेस प्रत्याशी फाइनल जरूर हो गया है पर लिस्ट अभी घोषित नहीं हुई है।

बिहार का अगला भविष्य चिराग : मांझी

एजेंसी, गया

अक्सर अपने बयानों से बिहार की सियासत को गर्म करने वाले गया लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी ने फिर एक ऐसा ही बयान दिया है जिसकी अभी खूब चर्चा हो रही है। उन्होंने कहा कि चिराग साहेब बिहार के भविष्य हैं।

दरअसल बेलागंज विधानसभा क्षेत्र के चाकन में पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर वहां लोजपा रामविलास के अध्यक्ष और हाजीपुर से एनडीए उम्मीदवार चिराग पासवान भी मौजूद थे। वहीं लोगों को संबोधित करते हुए जीतनराम मांझी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का नाम लिए बिना उनके ऊपर ही सवाल उठाये और चिराग पासवान को बिहार का भविष्य बता दिया।

सभा को संबोधित करते हुए जीतनराम मांझी ने कहा कि चिराग साहेब बिहार के भविष्य हैं। केंद्र में जाकर हमलोग परिस्थितियां बनाएंगे कि बिहार का अगला भविष्य चिराग साहेब बनें। मांझी ने कहा कि जाति और धर्म से ऊपर उठकर और बिहार के भविष्य को देखते हुए एनडीए के पक्ष में वोट कीजिए। उन्होंने कहा कि यह चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चुनाव है। अबकी बार चार सौ के पार का नारा पीएम मोदी की तरफ से दिया गया है। बिहार की सभी 40 सीटें देने का वादा उनसे हमलोगों ने किया है। इसे लेकर हमलोग अपने-अपने क्षेत्रों में लगे हुए हैं। इस दौरान मांझी ने लोगों से एनडीए के पक्ष में वोट करने की अपील की।

एनडीए ने पूर्व मुख्यमंत्री सह हम पार्टी के संरक्षक जीतनराम मांझी को गया संसदीय सीट से अपना साझा प्रत्याशी बनाया है। अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरा जोर लगा रहे है। और चुनावी सभा, रोड शो और घूम-घूमकर नुक्कड़ सभाएं भी कर रहे हैं।

खास परिवारों का रहा हरियाणा की छह सीटों पर वर्चस्व

बदलते रहे दल, कुनबा रहा अटल

देश रोजाना ब्यूरो, हिसार

हरियाणा की राजनीति में कांग्रेस, भाजपा, इनेलो सभी ने परिवारवाद को बढ़ाया है। प्रदेश में छह सीटें ऐसी हैं, जहां एक ही परिवार के लोग बार-बार जीतते आए हैं। भले ही वे दल बदलते रहे, लेकिन चेहरा एक परिवार का ही सामने आता रहा। इस बार भी इन्हीं परिवारों के वंशज चुनावी रण में ताल ठोकते दिखाई रहे हैं। इन सीटों पर दादा से लेकर पोता तक जीते तो कहीं पिता ने पुत्र को ही उस सीट के रूप में अपनी विरासत सौंप दी। रोहतक और भिवानी सीट पर तो तीन-तीन पीढ़ियों ने जीत का स्वाद चखा है।

हिसार सीट पर भी तीन पीढ़ियों ने चुनाव लड़ा, लेकिन दो पीढ़ियां ही चुनाव जीत सकीं। रोहतक, महेंद्रगढ़, भिवानी सीट पर पिता-पुत्र की जोड़ी सबसे अधिक जीती है। हिसार लोकसभा की सीट एकमात्र ऐसी रही है जहां पर दो-पिता पुत्रों की जोड़ी को जनता का आशीर्वाद मिला। इस सीट पर पूर्व सीएम चौधरी भजनलाल व कुलदीप बिश्नोई और पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह और बेटे बृजेंद्र सिंह सांसद बन चुके हैं।

भिवानी सीट पर चौधरी बंसीलाल तीन बार, सुरेंद्र सिंह दो बार, श्रुति चौधरी एक बार सांसद बनीं। 1980, 1984, 1989 में चौधरी बंसीलाल सांसद बने। इसके बाद 1996, 1998 में उनके बेटे सुरेंद्र सिंह व 2009 में बंसीलाल की पौत्री और सुरेंद्र की बेटी श्रुति सांसद बनीं। सिरसा सीट पर 1967, 1971, 1980, 1984 में दलबीर सिंह सांसद बने। उसके बाद 1991, 1996 में उनकी बेटी कुमारी सैलजा जीतीं। सैलजा दो अलग अलग अंबाला व सिरसा लोकसभा सीट पर लड़कर जीतने वाली प्रदेश की एकमात्र महिला नेता हैं। रोहतक सीट पर चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा दो, उनके बेटे भूपेंद्र सिंह हुड्डा चार और पोते दीपेंद्र सिंह हुड्डा तीन बार सांसद बन चुके हैं। 1951, 1957 में चौधरी रणबीर सिंह सांसद बने। 1991, 1996, 1998, 2004 में भूपेंद्र सिंह हुड्डा व 2005, 2009 और 2014 में दीपेंद्र सिंह हुड्डा। महेंद्रगढ़ यानी मौजूदा गुरुग्राम सीट पर राव बीरेंद्र सिंह तीन बार और उनके बेटे राव इंद्रजीत सिंह पांच बार सांसद बन चुके हैं। महेंद्रगढ़ में 1980, 1984, 1989 में राव बीरेंद्र सिंह सांसद बने और 1998, 2004 में उनके बेटे राव इंद्रजीत सांसद बने। उसके बाद यह महेंद्रगढ़ जिला भिवानी में शामिल हो गया और गुरुग्राम नाम से नई सीट बनी। इस सीट से भी 2009, 2014 और 2019 से राव इंद्रजीत ही लगातार जीतते आ रहे हैं।

हिसार में वर्ष 1977 में चौधरी बीरेंद्र सिंह सांसद बने, 2014 में उनके बेटे बृजेंद्र सिंह सांसद बने। वर्ष 2009 में चौधरी भजनलाल सांसद बने, 2009 के उपचुनाव में उनके बेटे कुलदीप बिश्नोई सांसद बने। कुरुक्षेत्र में 1996 में उद्योगपति ओपी जिंदल सांसद बने। इसके बाद 2009 में उनके बेटे नवीन जिंदल सांसद बने। इस सीट पर पिता और पुत्र को जनता का आशीर्वाद मिला।



कमल की सैर कराने लाए थे, फिर डूबती नैया में जा बैठे : मनोहर लाल

नौकरियां बिकने के मामले में एक मुख्यमंत्री को 10 साल जेल काटनी पड़ी

देश रोजाना ब्यूरो, हिसार

हरियाणा के हिसार में बरवाला की कपास मंडी में भाजपा की विजय संकल्प रैली में पूर्व सीएम मनोहरलाल ने कहा कि कांग्रेस ने अपने समय में भ्रष्टाचार के उद्योग लगा रखे थे। भाजपा सरकार ने उन्हें बंद कर दिया।

पूर्व मंत्री बीरेंद्र व पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह का नाम लिए बिना कहा कि हमारी इच्छा रहती है कि कुछ अच्छे आदमी हों, उन्हें कीचड़ से निकालकर कमल की सवारी करा दें। कीचड़ में पड़े लोगों को कमल की सवारी कराने के लिए ले आते हैं, लेकिन क्या करें, उनकी नाक का नशा ही ऐसा है कि कमल की सुगंध पसंद आती नहीं और फिर से डूबती नैया में जा बैठे। मनोहरलाल ने जनता से पूछा कि डूबने के लिए बैठ गए हैं या नहीं? इन दोनों ने भाजपा को धोखा दिया है, जनता उन्हें सबक सिखाएगी। बिना नाम लिए पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला पर निशाना साधते हुए मनोहरलाल ने कहा कि नौकरियां बिकने के मामले में एक मुख्यमंत्री को 10 साल जेल काटनी पड़ी।

अब चाहे खुद को बेकसूर बताएं। चाहे केस किसी ने बनाया हो, फैसला तो जज ने ही सुनाया है। हमें सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट के फैसलों का सम्मान करना चाहिए। कोई बात थी तभी उन्हें सजा हुई। पूर्व सीएम ने कहा कि वर्ष 2014 में केंद्र व प्रदेश में सत्ता संभालने के बाद भाजपा ने जहां भ्रष्टाचार पर लगाम लगाई। पहले लोगों में धारणा बन गई थी कि यदि हमें कोई काम करवाना है तो उस काम के हिसाब से अधिकारी या कर्मचारी को पैसे देने ही होंगे, तभी काम होगा लेकिन हमने उस धारणा को खत्म कर दिया। आजकल ऐसे भी एजेंट खड़े हो गए हैं कि 20 आदमियों से पैसे ले लो जिनकी नौकरी लग जाए उनके पैसे रख लो, बाकी के पैसे लौटा देते हैं। लोग उनकी तारीफ करते हैं कि आदमी ईमानदार है। किसी को पैसे देने की आज जरूरत नहीं है।

अफसर समस्या का समाधान निकाल दें अन्यथा 4 जून के बाद हम निकाल देंगे : मुख्यमंत्री सैनी

पीएम नरेन्द्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह ने मुझे सीएम बनाकर नारायणगढ़ को बड़ा सम्मान दिया है

देश रोजाना ब्यूरो, अंबाला

हरियाणा के सीएम नायब सैनी के गढ़ नारायणगढ़ में शनिवार को भाजपा की विजय संकल्प रैली आयोजित हुई। जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। इस रैली में भाजपा ने शक्ति प्रदर्शन किया। यह रैली लोकसभा चुनाव में अंबाला लोकसभा सीट से प्रत्याशी बंतो कटारिया के लिए आयोजित की गई थी। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि दिवंगत रतनलाल कटारिया की आवाज को आगे बढ़ाने के लिए बंतो कटारिया को लेकर आओ। पीएम नरेन्द्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह ने मुझे सीएम बनाकर नारायणगढ़ को बड़ा सम्मान दिया है। मुझे तो मालूम भी नहीं था, मैं तो काम कर रहा था, काम करते करते मुझसे कहा कि आपको हरियाणा देखना है। मैंने कहा कि पार्टी अध्यक्ष के नाते मैं लोगों को जोड़ने का काम कर रहा हूं। मगर कहा गया कि आपको दोनों के काम देखने हैं। मैं जब अंबाला आया था तो मैंने कहा था कि मुझे मालूम है कि कार्यकताओं की क्या-क्या दिक्कत होती है। आपका मुख्यमंत्री अब 24 घंटे उनके लिए उपलब्ध है। सीएम ने कहा कि मैं उत्तराखंड था चंडीगढ़ साढ़े 10 बजे पहुंचा, वहां पर एक प्रतिनिधि मंडल परिवहन मंत्री असीम गोयल के समक्ष आया था। इस समस्या पर साढ़े 12 बजे तक मेरे से चर्चा हुई। अधिकारियों को साफ कह दिया गया कि या तो समाधान निकाल दें अन्यथा 4 जून के बाद हम निकाल देंगे। सीएम ने कहा कि आचार संहिता लगी हुई है मन की बात मन में है। मगर 4 जून के बाद आपकी एक-एक बात सुनी जाएगी। पीछे में राजस्थान में दो महीने लगाकर आया। वहां मंडल की बैठक ले रहा था तब पता चला कि मुझे प्रदेश का अध्यक्ष बना दिया। वहां जब कार्यक्रम में गया तो जोर की बारिश शुरू हो गई। ढ़ाई से तीन हजार माताएं भी वहां पर थी, एक भी नहीं हिला और कुर्सियां सिर पर उठाकर वहीं बैठे रहे। यह लोगों को पीएम नरेन्द्र मोदी के लिए प्यार है। जब-जब मुझे नारायणगढ़ के लोगों ने काम दिए उन्हें हर संभव तरीके से करने का काम किया। अस्पताल के काम में तेजी लाने को कहा है उन्होंने कहा कि चार जून के बाद पूछंगा। उन्होंने कहा कि जो काम बताया जाएगा वह किया जाएगा।

अंबाला लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया ने लोगों को संबोधित किया। उन्होंने अपने भाषण में पहले तो केंद्र सरकार की योजनाओं और उनके कामों को गिनाया। इसके बाद दिवंगत रतनलाल कटारिया के नारायणगढ़ से जुड़ाव को साझा किया। भाषण के आखिर में बंतो कटारिया ने लोगों को कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी और सीएम नायब सिंह सैनी की जोड़ी को कमाल का बताया।

भारतीय मुक्केबाजों के पास ओलंपिक कोटा प्राप्त करने के लिए अंतिम अवसर

देश रोजाना ब्यूरो, भिवानी। पेरिस ओलंपिक कोटा प्राप्त करने के लिए पटियाला में एक से दस अप्रैल तक भारतीय बॉक्सिंग संघ की ओर से ट्रायल शिविर लगाया गया। ट्रायल में सात पुरुष मुक्केबाजों समेत दो महिला मुक्केबाजों का चयन हुआ। इनमें छह मुक्केबाज हरियाणा से हैं। अब ये मुक्केबाज 26 मई से 2 जून तक थाइलैंड में आयोजित होने वाले पेरिस ओलंपिक कोटा प्राप्त करने के लिए क्वालिफाइंग मुकाबले खेलेंगे। ओलंपिक कोटा प्राप्त करने के लिए मुक्केबाजों के लिए यह अंतिम मौका है। इस बार चयन प्रक्रिया में दो स्वदेशी व एक विदेशी कोच को शामिल किया गया है। क्योंकि इटली में हुए क्वालिफाइंग मुकाबलों में सभी मुक्केबाजों की हार पर चयन प्रक्रिया पर सवाल उठाए गए थे। इससे पहले ओलंपिक कोटा प्राप्त करने के लिए भारतीय मुक्केबाजों को दो अवसर मिल चुके हैं। इनमें चीन में हुए एशियन गेम्स और इटली में आयोजित करवाए गए ओलंपिक क्वालिफाइंग मुकाबले शामिल हैं। अब थाइलैंड में 26 मई से दो जून तक आयोजित होने वाले क्वालिफाइंग मुकाबले भारतीय मुक्केबाजों के लिए ओलंपिक कोटा प्राप्त करने का अंतिम अवसर है। इसके लिए मुक्केबाज पूरी मेहनत से तैयारियों में जुटे हुए है। अभी तक हुए पेरिस ओलंपिक कोटा प्राप्त करने भारतीय मुक्केबाजों को दो अवसर मिल चुके है। इनमें दो हरियाणवी महिला मुक्केबाजों समेत चार महिला मुक्केबाज पेरिस ओलंपिक कोटा प्राप्त कर चुकी हैं। इनमें हरियाणा के भिवानी से प्रीति पंवार 54 किलो भार वर्ग, रोहतक से प्रवीन हुड्डा 57 किलो भार वर्ग, असम से लवलीना 75 किलो भार वर्ग व तेलंगाना से निखिल जरीन 50 किलो भार वर्ग में शामिल है। अनिल टेकराम मितथल, कोच, सचिन सिवाच ने बताया कि पटियाला में आयोजित ट्रायल में सात पुरुष मुक्केबाजों समेत दो महिला मुक्केबाजों का चयन हुआ। इनमें मेरे शिष्य सचिन सिवाच का भी चयन हुआ है। ये मुक्केबाज 26 मई से दो जून तक थाइलैंड में आयोजित होने वाले पेरिस ओलंपिक कोटा प्राप्त करने के लिए क्वालिफाइंग मुकाबले खेलेंगे।

थारा फूफा जिंदा है टाइटल पर मांगा अदालत से समय

देश रोजाना ब्यूरो, रोहतक। 'थारा फूफा जिंदा है' टाइटल को लेकर दायर याचिका के जवाब में हरियाणवी एप के ब्रांड एंबेसडर ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा, डायरेक्टर संजय भसीन, विश्वास चौहान, हरीश छाबड़ा के वकील कोर्ट में पेश होकर अदालत में जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा। अदालत ने आठ मई तक जवाब देने के लिए तिथि तय की है। अपनी पेंशन काटे जाने के विरोध में 'थारा फूफा जिंदा है' आंदोलन करने वाले करीब 104 वर्षीय दादा दुलीचंद बुधवार को मानसरोवर पार्क स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा के पास पहुंचे थे। यहां से रथ में सवार होकर रोहतक कोर्ट गए। रथ पर सारथी बनकर नवीन जयहिंद उनके साथ रहे। उनका आरोप है कि एप संचालकों ने अपनी फिल्म में उनके आंदोलन का कंटेंट चुराया है। इस संबंध में कोर्ट में फिल्म के खिलाफ याचिका दायर की है। अदालत ने पांच लोगों को नोटिस भेजकर 12 अप्रैल तक जवाब मांगा था। अदालत से बाहर आए गांधरा निवासी दादा दुलीचंद ने कहा कि उनकी यह लड़ाई मान-सम्मान की है, पैसे के लिए नहीं है। पैसा किसी गोशाला में दान कर दिया जाए। वहीं, सामाजिक कार्यकर्ता नवीन जयहिंद ने कहा कि 104 वर्षीय दादा दुलीचंद ने 2 साल पहले थारा फूफा जिंदा है मुहिम चलाई थी। इसके बाद प्रदेश के बुजुर्गों, दिव्यांग और विधवाओं की पेंशन बनाई गई। सरकारी कागजों में सरकार ने इन्हें मरा हुआ दिखाया था और इसी को लेकर तब इन्होंने संघर्ष किया था और यह अभियान चलाया। उन्होंने अदालत को बताया कि पूरी दुनिया में सबसे पहले थारा फूफा जिन्दा है की मुहिम दादा दुलीचंद के साथ उन्होंने चलाई थी। इस एप ने व्यवसायिक तौर पर यह शब्द इस्तेमाल किए हैं। अगर वे गलत साबित होते है तो कोर्ट चाहे तो बेशक नवीन जयहिंद पर जुमार्ना लगा दे।

कोई भी वकील नहीं करेगा आरोपी पक्ष की पैरवी, कनीना बार एसोसिएशन का बड़ा फैसला

देश रोजाना ब्यूरो, महेंद्रगढ़। हरियाणा के महेंद्रगढ़ और कनीना बार एसोसिएशन ने हादसे में मृत बच्चों को श्रद्धांजलि देते हुए अदालत में कोई काम नहीं किया। इस दौरान 400 से अधिक मामलों पर सुनवाई के लिए अगली तारीख तय कर दी गई है। कनीना बार एसोसिएशन ने कहा कि कोई भी वकील आरोपी पक्ष की पैरवी नहीं करेगा। बार एसोसिएशन महेंद्रगढ़ के प्रधान राजीव कुमार ने कहा कि बार ने उन्हाणी हादसे में मृतकों के प्रति शोक व्यक्त करते हुए एक दिन के वर्क सस्पेंड का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन पीड़ित परिवारों की हर संभव सहायता को तैयार है। कनीना बार एसोसिएशन की ओर से आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से एक दिन का वर्क सस्पेंड रखने का निर्णय लिया गया। एसोसिएशन ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि गांव उन्हाणी के पास हुए हादसे में आरोपी पक्ष की ओर से बार का कोई भी अधिवक्ता पैरवी नहीं करेगा।

मुंबई पुलिस का डीएसपी बनकर 65 लाख की ठगी

खाता फ्रिज कर पुलिस ने 43 लाख वापस दिलवाए

देश रोजाना ब्यूरो, रोहतक

हरियाणा के रोहतक में मुंबई पुलिस का डीएसपी बनकर सेक्टर छह की महिला से ठग गिरोह ने 65 लाख रुपये ठग लिए। समय रहते महिला कुमुदनी ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तत्काल उस खाते को फ्रिज करवा दिया जिसमें राशि ट्रांसफर हुई थी। इसके बाद पुलिस 43 लाख 34 हजार रुपये वापस पीड़ित महिला को दिलवाने में कामयाब रही। साइबर थाना प्रभारी राजीव ने बताया कि सात मार्च को सेक्टर 36 ए निवासी कुमुदनी ने शिकायत दी थी कि 29 फरवरी की सुबह उसके पास कॉल आई। उससे कहा गया कि आपके नाम से पार्सल मुंबई से बुक हुआ है। कुमुदिनी के मना करने पर उन्होंने पार्सल की झूठी जानकारी भेजी व महिला पर शक जाहिर किया। बताया गया कि पार्सल में कपडे, लैपटॉप, क्रेडिट कार्ड, पासपोर्ट व एमडीएमए ड्रग्स है, कोरियर सर्विस के माध्यम से ईरान भेजे जा रहे हैं। कुमुदिनी को फोन पर बार बार किसी पुलिस अधिकारी की साइबर पुलिस की फर्जी आईडी भेजकर गिरफ्तार करने का दबाव बनाया गया। मुंबई पुलिस का डीएसपी बनकर कुमुदिनी के सारे अकाउंट की डिटेल ली। साथ ही एक साल के खाते कि ट्रांजेक्शन की जानकारी ली। इसके बाद कहा कि आपको साबित करना होगा कि उसकी आईडी चुराई गई है और पकड़े गए गिरोह से कोई लेना देना नहीं है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसको गिरफ्तार करने की धमकी देकर उसके अकाउंट का पासवर्ड और अन्य जानकारी ली। इसके कुमुदनी की एफडी बंद करके 65 लाख 33 हजार 225 रुपये निकाल लिए।

हमें वापस बुलाने का फैसला ओपी चौटाला करेंगे : दिग्विजय

मेरा विरोध करने वाले एक्सपोज हो चुके हैं : दिग्विजय

देश रोजाना ब्यूरो, फतेहाबाद

हरियाणा के फतेहाबाद में जननायक जनता पार्टी के प्रदेश महासचिव दिग्विजय चौटाला ने कहा कि हमें इनेलो से निकालने वाले हमारे दादा ओमप्रकाश चौटाला हैं। हमें वापस बुलाने का फैसला भी उन्हीं को ही करना है। दिग्विजय चौटाला फतेहाबाद में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मेरा विरोध करने वाले एक्सपोज हो चुके हैं।

अभय चौटाला की कोठी पर बुलाकर उन्हें इसके निर्देश दिए गए थे। गांव वालों ने उनका साथ नहीं दिया, अन्यथा वे मेरे पर हमला कर देते। हमारा विरोध किसान जत्थेबंदियों के निर्देश पर नहीं हो रहा है। मैंने इस विषय में राकेश टिकैत व अन्य किसान नेताओं से बात की है। उन्होंने कहा कि उनकी तरफ से ऐसा कोई निर्देश नहीं है, जो कर रहे हैं, वह खुद के स्तर पर कर रहे हैं। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि पूर्व सीएम मनोहर लाल की छवि की वजह से दुष्यंत को नाराजगी झेलनी पड़ रही है। लोग दुष्यंत से नाराज नहीं हैं। मगर मनोहर लाल के साथ खड़े होने पर नाराजगी थी। समझने में कई बार समय लग जाता है।

लोगों को हम मना रहे हैं। किसी बात को लेकर मायूस व हताश हैं, तो हम उनको समझाने का प्रयास कर रहे हैं। बैठकर बातचीत के जरिये ही नाराजगी सुलझाई जा सकती है। जजपा के प्रदेशाध्यक्ष पद से निशान सिंह के इस्तीफा देने पर उन्होंने कहा कि निशान सिंह बहुत अच्छे इंसान हैं। हम हमेशा उनकी इज्जत करेंगे। दिग्विजय ने कहा कि जजपा लोकसभा चुनाव पूरी मजबूती से लड़ेगी। अगले एक-दो दिन में जजपा अपने प्रत्याशी घोषित कर देगी। साढ़े 9 लाख फाइलों को उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने फॉरवर्ड किया है जबकि बाकी पूरी कैबिनेट ने डेढ़ लाख फाइलों को फॉरवर्ड किया है। भाजपा वालों के तो दरवाजे ही नहीं खुले होते थे।

हमारा परिवार ही राजनीतिक है। 90 में से 5 एमएलए हमारे परिवार के हैं। हमारा परिवार एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ता रहा है। हिसार से चुनाव लड़ने को लेकर सवाल रणजीत चौटाला से किया जाना चाहिए। हिसार से दुष्यंत चौटाला सांसद रहे हैं। इस मौके पर कुलजीत कुलड़िया, जिलाध्यक्ष रविंद्र बैनीवाल, पंकज झाझड़ा सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

संविधान पर शोर मचाने वाली कांग्रेस ने सदा बाबा साहब को किया अपमानित: अनुराग ठाकुर

- **टुकड़े-टुकड़े इंडी गठबंधन का घोषणा पत्र भी टुकड़ों में : अनुराग ठाकुर**
- **इंडी गठबंधन के पास ना नेता है, ना नीयत और ना ही है नेतृत्व : अनुराग ठाकुर**
- **कांग्रेस को भी पता है, आयेगा तो मोदी ही: अनुराग ठाकुर**

एजेंसी, मध्यप्रदेश

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने मध्यप्रदेश के छिन्दवाड़ा में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में जनसभाएँ कीं। इंडी गठबंधन के सहयोगी दलों द्वारा अलग-अलग घोषणापत्र जारी करने को हास्यास्पद बताते हुए टुकड़े-टुकड़े इंडी गठबंधन का घोषणा पत्र भी टुकड़ों में आने की बात कही है व साथ ही बाबा साहब के दिए संविधान को 62 बार संसोधित करने, उन्हें अपमानित करने का, पार्टी से बाहर करने का, चुनाव हरवाने का काम कांग्रेस द्वारा करने की बात कही । अनुराग ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार ने बाबा साहब को हर वो सम्मान दिया जिसके वो हकदार थे, मगर बाबा साहब को अपमानित करने के पीछे आखिर कांग्रेस की क्या मंशा थी?

अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा इंडी गठबंधन के पास ना नेता है, ना नीयत और ना ही नेतृत्व है। और तो और इनका तो घोषणा पत्र भी एक नहीं है। आखिर यह कैसा गठबंधन है जिसकी रैली में एक गैर राजनीतिक महिला आकर 6 गारंटीयों की घोषणा कर देती है? यह कैसा गठबंधन है जिसका घोषणा पत्र भी टुकड़ों टुकड़ों में आ रहा है? उधर ममता बनर्जी अपना घोषणा पत्र लेकर आती हैं, लालू यादव और उनके सुपुत्र अपना घोषणा पत्र लेकर आते हैं तो वहीं अखिलेश यादव अलग घोषणा पत्र लेकर आते हैं।

पहले टुकड़े-टुकड़े गैंग वाले कांग्रेस में शामिल हुए और अब कांग्रेस ने टुकड़े-टुकड़े मिलाकर एक गठबंधन बनाया है। इनके नेताओं के बयानों से स्पष्ट झलकता है कि यह भारत के टुकड़े करना चाहते हैं। देश ना टुकड़े-टुकड़े गठबंधन को स्वीकारेगा ना ही टुकड़ों में बँटा इनका घोषणापत्र स्वीकारेगा। क्योंकि भारत के हर कोने से एक ही आवाज है, आएगा तो मोदी ही। विपक्ष द्वारा भारतीय जनता पार्टी पर संविधान बदलने के आरोपों के ऊपर बोलते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के पास देश के भविष्य का कोई रोड मैप नहीं है।

उनके पास कहने को कुछ नहीं है इसलिए जनता को भ्रमित करने हेतु ऐसी मनगढ़ंत बातें करते हैं। लेकिन आज भारत की जनता इनका असली चाल, चरित्र और चेहरा पहचान चुकी है। यह वही कांग्रेस है जिसने हमारे संविधान निमार्ता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का सभी तरह से अपमान किया और चुनाव हरवाए। कांग्रेस और नेहरू गांधी परिवार ने 62 बार संविधान में संशोधन किए हैं। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने 17 बार, मनमोहन सिंह जी ने 7 बार तो वहीं इंदिरा गांधी जी ने 33 बार संविधान में संशोधन किए। कांग्रेस पहले यह बताए कि उसने क्या सोचकर यह संशोधन किए। वहीं दूसरी ओर हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं जिन्होंने सांसद जाकर सबसे पहले संविधान के सामने अपना शीश झुकाया था। हमने बाबा साहेब अंबेडकर की जन्मस्थली, शिक्षस्थली, दीक्षा स्थली और उनसे जुड़े सभी स्थलों का पंच तीर्थ के रूप में विकास किया है। यह हमारी ही सरकार है जिसने संविधान दिवस मनाया और बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती को राष्ट्रीय अवकाश के रूप में घोषित किया। बाबा साहब को भारत रत्न भी गैर कांग्रेसी सरकार में मिला।

अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियों पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस सदा परिवारवाद, जातिवाद और क्षेत्रवाद के नाम पर विभाजनकारी नीतियां फैलती है। यही कारण है कि आज देश के नागरिक कांग्रेस को वोट करने को तैयार नहीं हैं। आज कांग्रेस का उत्तर प्रदेश से पलायन हो चुका है। जनता से नकारे जाने के बाद अन्य राज्यों से भी उनका पलायन जारी है। कांग्रेस जहां केंद्र में आरएसवीपी पार्टी यानी राहुल, सोनिया, वाड्रा, प्रियंका बनकर रह गई है वहीं मध्य प्रदेश में कांग्रेस सिर्फ कमलनाथ और नकुलनाथ तक सीमित रह गई है। राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी वायनाड से अपने चुनाव में एसडीपीआई और पीएफआई का समर्थन ले रहे हैं। यह आतंकवादी और देश के विभाजन की सोच रखने वाली पार्टियां हैं। अच्छा होगा अगर राहुल गांधी बता दें कि उन्हें देश के किस टुकड़े पर राज करना है? आज देश मोदी के विकास पर विश्वास करता है। कांग्रेस और उसके सहयोगियों की सारी गरंटियां फेल हैं। 2014 और 2019 में देश ने भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण बहुमत दिया था और अब यानी 2024 में देश के नागरिक बीजेपी को 370 पार और एनडीए को 400 पार सीटें देने का मन बना चुके हैं।

जो सेवा बिना आनंद के की जाती है, वह न तो सेवक की मदद करती है और न ही सेवा करने वाले की। सेवा करने में तो बस आनंद आना चाहिए।
-महात्मा गांधी

संपादकीय

बेरोजगारी के मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने

हरियाणा में बेरोजगारी कई सालों से एक बहुत बड़ा मुद्दा रहा है। जब भी लोकसभा और विधानसभा चुनाव हुए हैं, सरकारी नौकरियों और बेरोजगारी का मुद्दा उठाया जाता रहा है। पूर्ववर्ती सरकार से लेकर वर्तमान सरकार तक इस मुद्दे पर सकारात्मक तस्वीरें दिखाती रही हैं, लेकिन विपक्ष हमेशा इसे नकारता रहा है। इन दिनों भी बेरोजगारी एक बार फिर चर्चा में है। इसका कारण लोकसभा चुनावों में इस मुद्दे को भुनाकर अधिक से अधिक सीटों पर कब्जा जमाना है। कांग्रेस और इनेलो ने इस मुद्दे को लेकर भाजपा सरकार पर हमला तेज कर दिया है। विपक्ष का दावा है कि हरियाणा में बेरोजगारी की दर 27.9 प्रतिशत से भी अधिक है, जो राष्ट्रीय मानक से भी कहीं ज्यादा है। सेंटर फॉर मॉनीटरिंग इंडियन इकोनॉमी के रिपोर्ट पर विश्वास करें, तो हरियाणा में राष्ट्रीय औसत से तीन गुना ज्यादा बेरोजगारी है। राष्ट्रीय स्तर पर बेरोजगारी की दर 9.17 प्रतिशत है। प्रदेश सरकार इस बात को मानने को तैयार नहीं है। उसका दावा है कि प्रदेश में बेरोजगारी की दर पांच से छह फीसदी के बीच है। प्रदेश में बेरोजगारी की कितनी है, इसका अंदाजा सरकारी नौकरी के लिए आने वाले आवेदनपत्रों से लगाया जा सकता है। मनोहर सरकार के दौरान 5500 पदों पर कांस्टेबल भर्ती होनी थी, लेकिन इसके लिए साढ़े आठ लाख युवाओं ने आवेदन किया था। चतुर्थ श्रेणी के 18 हजार पदों के लिए 18 लाख युवाओं ने आवेदन किया था। इतना ही नहीं, एमडीयू रोहतक में सहायक प्रोफेसर के 112 पदों के लिए दस हजार बेरोजगारों ने अप्लीकेशन दी थी। प्रदेश सरकार का कहना है कि पिछले दस साल में 1.40 लाख युवाओं को रोजगार दिया गया है। इसके लिए कोई खर्ची और पर्ची नहीं ली गई है। सरकार ने मेरिट के आधार पर योग्य युवाओं की भर्ती की। वहीं विपक्षी दलों का कहना है कि इस मामले में सरकार झूठ बोल रही है। प्रदेश में दो लाख पद खाली हैं और सरकार उन पर भर्ती नहीं कर रही है। सरकार ने यदि इन पदों पर भर्ती की होती, तो प्रदेश के युवाओं को अपना देश छोड़कर युद्धरत देश इजराइल में नौकरी करने के लिए नहीं जाना पड़ता। यह बात कुछ हद तक सही है कि प्रदेश में बेरोजगारी एक विकट समस्या का रूप धारण करती जा रही है। शहर और गांवों में बेरोजगारों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इसके लिए प्रदेश सरकार को काफी प्रयास करने होंगे। सबसे पहले तो यहां देशी-विदेशी पूंजी निवेश को आकर्षित करके कल-कारखानों को खुलवाने की व्यवस्था करनी होगी। जब तक प्रदेश में उद्योग-धंधों का विस्तार नहीं होगा, तब तक बेरोजगारी की समस्या से निजात पाना संभव नहीं दिखता है। रिक्त पदों पर जल्दी से जल्दी सरकार को भर्ती भी करनी होगी।

प्रदेश में दो लाख पद खाली हैं और सरकार उन पर भर्ती नहीं कर रही है।

बोधिवृक्ष

● अशोक मिश्र

अत्याचारी शासक चीते से भी बुरा

जिन दिनों भारत में महात्मा बुद्ध और स्वामी महावीर जैसे समाज सुधारक और दार्शनिक अपने उपदेशों और वचनों से लोगों का कल्याण कर रहे थे, ठीक उन्हीं दिनों चीन में महान दार्शनिक कन्फ्यूशियस लोगों की अपने ज्ञान के बल पर उनकी अज्ञानता को दूर करने का प्रयास कर रहे थे। जिस समय कन्फ्यूशियस का जन्म हुआ था, उन दिनों चीन में झोऊ राजवंश का शासन था। बचपन में ही उनके पिता की मृत्यु हो गई थी। इसके चलते उन्हें ज्ञान हासिल करने के लिए काफी परेशानी उठानी पड़ी। एक बार की बात है। वे अपने शिष्यों के साथ ताई नामक पहाड़ी से जा रहे थे। तभी उन्हें किसी महिला के रोने की आवाज सुनाई दी। वे उसके पास गए और पूछा कि तुम क्यों रो रही हो। उस महिला ने रोते हुए कन्फ्यूशियस से कहा कि चीते ने मेरे बेटे को मार डाला है। तब उन्होंने पूछा कि तुम्हारा बाकी परिवार कहां है? उस महिला ने रोते हुए बताया कि पिछले साल उसके पति और ससुर को चीते ने चीरफाड़ डाला था। यह सुनकर कन्फ्यूशियस आश्चर्यचकित हो गए। उन्होंने कहा कि आप यह स्थान छोड़ क्यों नहीं देती हैं? आपका पुत्र, पति और ससुर को इस इलाके में रहने वाले चीते ने मार डाला है। इसका मतलब अन्य लोगों को भी उस चीते ने क्षति पहुंचाई होगी। उस महिला ने कहा कि हम लोग इस स्थान को इसलिए नहीं छोड़ सकते हैं कि क्योंकि यहां किसी अत्याचारी का शासन नहीं है। चीता हमला करके एक बार में ही मौत देता है, लेकिन अत्याचारी शासक तो हर पल मौत देता है। उसका हर अत्याचार एक मौत के समान होता है। तब कन्फ्यूशियस ने कहा कि महिला की बात बिल्कुल सही है। अत्याचारी शासक चीते से भी बुरा होता है। हमें यह बात याद रखना चाहिए।

news@deshrojana.com

सामयिकी

निशिकांत ठाकुर
वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक

हमारा आपका तो कर्तव्य है सोच-समझकर उसे मतदान करना, जो चुनाव के बाद भी आपके मान-सम्मान का ख्याल रखे और समाज और देश के विकास के लिए अपना शत-प्रतिशत योगदान दे। जब तक आप सोच-समझकर मतदान नहीं करेंगे और बहकावे में नहीं आकर अपनी परख को मान्यता देते हुए मतदान करेंगे, तो निश्चित रूप से देश का विकास होगा। और, यदि देश का विकास होता है, तो आपका भी निश्चित ही विकास होगा। आपको रोजगार मिलेगा, जब बाजार में धन आएगा, तो आपका व्यवसाय भी बढ़ेगा और जब ऐसा होगा, तभी विकसित भारत कहलाएगा। व्यक्ति विशेष का नहीं, भारत का डंका बजेगा।

व्यक्ति विशेष का नहीं, भारत का डंका बजेगा

कुछ राजनीतिज्ञ कुशल नहीं होते हैं। ऐसे में सवाल यह उठता है कि आखिर उनकी अकुशलता का कारण क्या हो सकता है? दरअसल, अकुशल राजनीतिज्ञ वही है, जो यह सोचने लगता है कि पूरी दुनिया मेरे पीछे चल रही है। मैं जहां जाऊंगा, दुनिया वहीं जाएगी। यही उसकी सबसे बड़ी गलती होती है। कुशल राजनीतिज्ञ वह होता है, जो भांप लेता है कि लोग किस तरफ जा रहे हैं। उसी के हिसाब से वह अपना रास्ता तय करने लगता है। आज देश में चुनावी माहौल चरम पर पहुंच चुका है। इसलिए नेताओं की भीड़ आपको भी आसपास मंडराती नजर आती होगी। बड़ी मासूमियत से आपके चरणों को स्पर्श करके आपसे अपना उद्देश्य बताते हैं-बस एक वोट। आप उनकी मासूमियत पर फिदा होकर उन्हें अपना प्रतिनिधि चुन लेते हैं और संसद भेज देते हैं। अब सिक्के का दूसरा पहलू देखिए कि अगर किस्मत से उस नेता की पार्टी सत्तारूढ़ हो गई, तो फिर दोबारा उनके दर्शन आपके लिए ईश्वर के दर्शन जैसा हो जाएगा। यदि आप उनसे उनके विशेष 'दरबार' में मिलने भी जाते हैं, तो वहां उनकी मासूमियत करवट बदल चुकी होती है। अब उनकी इच्छा होती है कि आप उनके चरणों में झुककर उन्हें नमन करें, उनके सामने अपना दुखड़ा रोएं या फिर याचना करें।

चुनावी दौर में जो भी दल चुनावी मैदान में हैं, सभी को अपनी बात कहने का अधिकार भारत का संविधान देता है। इन्हीं बातों को अपनी नजर में रखते हुए सभी दल चुनाव जीतने के बाद उनके द्वारा देशहित में क्या कुछ किया जाएगा, इसका लिखित पत्र देश की जनता को समर्पित करते हैं जिसे आजादी के बाद से आज तक चुनावी घोषणा पत्र कहा जाता रहा है। सभी दलों की भांति अब कांग्रेस भी अपने चुनावी घोषणापत्र जारी करते हुए कहा है कि यदि उसकी सरकार बनी, तो नौकरी, सामाजिक न्याय, युवा-महिला और किसान-मजदूरों के बीच की दूरी को पाटने की दिशा में काम किया जाएगा। कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणापत्र में कहा है कि वह सालाना तीस लाख नौकरियां, प्रतिवर्ष अप्रेंटिस अधिकार एक्ट के तहत एक लाख रुपया, केंद्र सरकार की नौकरियों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण, हर गरीब परिवार की एक महिला को प्रतिवर्ष एक लाख रुपये, देश में सभी के लिए पच्चीस लाख रुपये का कैशलैस स्वास्थ्य बीमा, जातिगत जनगणना करने और किसानों को एमएसपी की योजना लागू करेगी।

वहीं, राजग (भाजपा) ने अपने घोषणापत्र का नाम बदलकर 'संकल्प पत्र' कर दिया है। इसमें प्रधानमंत्री ने कहा कि हम घोषणापत्र नहीं, संकल्प पत्र लाते हैं। उसे पूरा भी करते हैं, नीयत साफ हो, तो नतीजे सही आते हैं। वहीं, उत्तर प्रदेश के सहारनपुर और पुष्कर की चुनावी सभाओं में उन्होंने कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र पर मुस्लिम लीग की छाप है। कांग्रेस के पास देशहित की नीतियां नहीं हैं। उन्होंने कटाक्ष किया कि आज विपक्ष जीत का दावा न कर सिर्फ भाजपा को न्यूनतम सीटों पर रोकने की बात कर रहा है। इसी के साथ उन्होंने देश को याद दिलाया कि अपने तीसरे कार्यकाल के लिए सौ दिन में और फैसले लेने जा रहा हूं जिसके लिए पूरी तैयारी कर चुका हूं। उन्होंने जनता पर मनोवैज्ञानिक प्रभाव डालते हुए कहा कि जो डंका बज रहा है, उसकी वजह मैं नहीं, आपका वोट है। उनका कहना था कि भाजपा ने देश की छवि को मजबूत बनाया है। अपनी बातों की पुष्टि के लिए श्रोताओं से पूछा कि इंग्लैंड और अमेरिका में डंका बज रहा है कि नहीं? अब मोदी की गारंटी की बात नहीं करते, अब पंद्रह लाख आपके खाते में आएंगे, दो करोड़ युवाओं को रोजगार देंगे, देश में सौ शहर को जापानी शहर क्योटो बनाएंगे की बात नहीं कहते। हां अपना विदेशों में डंका बजता है कि नहीं, यह जरूर पूछ लेते हैं। यह ठीक है कि चुनाव में अपनी अपनी बात कहना और एक-दूसरे पर आरोप लगाना सामान्य बात हो गई है।
(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

एक्स हैंडल

Swami Prasad Maurya@SwamiPMaurya

लोकसभा क्षेत्र संख्या-05, नगीना (सुरक्षित) से आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के प्रत्याशी श्री चंद्रशेखर आजाद को राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी समर्थन देती है। श्री आजाद जी युवा, कर्मठ, जुझारू तथा सामाजिक न्याय के प्रति समर्पित एक क्रांतिकारी नेता हैं, जिन्हें नगीना लोकसभा की जनता के द्वारा अपार समर्थन भी मिल रहा है। अतः नगीना लोकसभा की सम्मानित जनता से उन्हे प्रचंड बहुमत के साथ जिताने की अपील करता हूँ।

स्वामी प्रसाद मौर्य
राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी

cmoharyana@cmohry

नारायणगढ़ जाने के रास्ते में गांव पंजौड़ी निवासी अपने परिवारजन रिटायर्ड सूबेदार रविंद्र जी के प्रतिष्ठान पर जाना हुआ।रविंद्र जी ने जो हमारा सत्कार किया उसे आजीवन याद रखूंगा। नारायणगढ़ मेरा अपना घर है और हर परिवार से मेरा एक विशेष आत्मीय संबंध है। आज की विजय संकल्प रैली में आपका ये अद्वितीय स्नेह और समर्थन आपके अपने बेटे को आशीर्वाद है।

नायब सिंह सैनी
मुख्यमंत्री हरियाणा

Jaiky Yadav@JaikyYadav16

कांग्रेस पार्टी जिसके पास मात्र 53 लोकसभा सांसद हैं वह अपना घोषणापत्र जारी कर चुकी है। समाजवादी पार्टी जिसके पास मात्र 2 लोकसभा सांसद हैं वह अपना घोषणापत्र जारी कर चुकी है। DMK जिसके पास मात्र 22 लोकसभा सांसद हैं वह अपना घोषणापत्र जारी कर चुकी है। RJD जिसके पास मात्र 0 लोकसभा सांसद हैं वह अपना घोषणापत्र जारी कर चुकी है। मगर BJP जिसके पास 303 लोकसभा सांसद हैं और करीब करीब 20 राज्यों में सरकार भी है वह अभी गिन रही है कि किसने मछली खाई और किसने मटन खाया मगर अब तक घोषणापत्र जारी नहीं किया।

चिट्ठी आई है

सुरक्षा खामियां दूर करे स्कूल प्रबंधन

महेंद्रगढ़ के कनीना उपमंडल के अंतर्गत उन्हाणी गांव के पास स्कूल बस पलटने की घटना न केवल शिक्षा विभाग के लिए बल्कि स्कूलों के सभी परिवहन सेवा प्रदाताओं के लिए भी आंखें खोलने वाली होनी चाहिए। निजी स्कूल वैन संचालक और ऑटो रिक्शा चालक भी सुरक्षा मानकों से खिलवाड़ करते हैं। संचालक पैसा कमाने के लिए स्कूली बच्चों को क्षमता से अधिक बैठने की अनुमति देते हैं। सड़कों पर तेज गति और यातायात नियमों के उल्लंघन पर अंकुश लगाने की जरूरत है। कुछ मामलों में ड्राइविंग लाइसेंस, बस के फिटनेस सर्टिफिकेट का समयबद्ध निरीक्षण नहीं किया जाता। सीसीटीवी /जीपीएस प्रणाली को क्रियाशील रखा जाना चाहिए। 13 अप्रैल का संपादकीय 'बंद होना चाहिए बच्चों की जान से हो रहा है खिलवाड़' में देश रोजाना ने कटु सत्य को परिभाषित किया है कि जब स्कूल आते जाते बच्चे ही सुरक्षित नहीं रहेंगे तो सरकारी तंत्र से और क्या उम्मीद की जाए।
युगल किशोर शर्मा, फरीदाबाद

पाठकों से 'चिट्ठी आई है' कालम के लिए विचार, सुझाव और शिकायतें आमंत्रित हैं।
-संपादक

साकार हो रहे बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के सपने

सुनील भारद्वाज
स्वतंत्र पत्रकार

भारत रत्न बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर की 134वीं जन्मजयंती हम ऐसे समय में मना रहे हैं, जब पूरा भारत लोकतंत्र का उत्सव मना रहा है। यह उनके द्वारा ही दिए गए संविधान का परिणाम है जिसके कारण हर नागरिक को वोट का समान अधिकार मिला और इसमें कोई छोटा-बड़ा नहीं है। वो एक ऐसी समानता भारत में लाना चाहते थे जहां कोई छुआ-छूत, ऊँच-नीच, जाति-पाति का बंधन न हो, जहां मानवता ही सबसे बड़ा धर्म हो, यानि एक समरस भारत की संकल्पना बाबा साहब ने की थी।

यों तो बाबा साहब का जीवन संघर्षों से भरा रहा है। उनके संघर्ष और पग-पग पर उनके अपमान की अनेक बातें हम सभी ने सुनी हैं। मगर उस अपमान और संघर्ष के बीच भी अपना सारा जीवन राष्ट्र की समस्याओं के समाधान हेतु समर्पित करना आसान कार्य नहीं था। यह कोई देव पुरुष ही कर सकता है, जहां व्यक्ति अपने व्यक्तिगत सम्मान की परवाह किए बगैर अपनों के लिए खुद को खपा देता है। आज उसी का परिणाम है कि जिन शोषित लोगों की वो आवाज बने, ऐसे करोड़ों जन के हृदयों में बाबा साहब का नाम पूरी श्रद्धा और आस्था से बसा हुआ है।

सैकड़ों वर्षों से अस्तित्व में रहने वाली तथा सजातीयों के मध्य उच्च -निम्न का कृत्रिम भेदभाव उत्पन्न कर अत्याचारों और शोषण का माध्यम रहने वाली पाप-समान सामाजिक-धार्मिक कुरीतियां व कुप्रथाएँ भारत की एक विडम्बना थीं। यह स्थिति हिन्दुस्तान के अधःपतन अथवा दुर्दशा का एक प्रमुख कारण थी। इसी स्थिति के कारण देश के करोड़ों जन मनुष्य के रूप में प्राप्त अपने मूल अधिकारों से वंचित रहे। समाज के एक बहुत बड़े वर्ग का जीवन अति कष्टमय, दुखमय और साथ ही लगभग हर प्रकार से अधिकारशून्य स्थिति में रहा। यह वास्तव में भारतीय समाज और राष्ट्र के लिए भारी लज्जा एवं कलंक के समान स्थिति थी।

अपने एक भाषण में इसी विषय का जिक्र भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने किया था। उन्होंने कहा कि हमारे इतने लंबे समय तक गुलामी का कारण भी असमानता रही है। हमने बहुत बड़े वर्ग के लिए मंदिरों के दरवाजे बंद कर दिए। हमने भक्त और भगवान के बीच एक दीवार खड़ी कर दी। अटल ने प्लासी के युद्ध का उदाहरण देते हुए कहा कि हमने देश के बहुत बड़े वर्ग को लड़ने से वंचित रखा, हमने उनको हथियार नहीं उठाने दिए, हमने समाज को मार्शल-नॉन मार्शल कौम में बाँट दिया।

इसी असमानता का सामना जीवन भर बाबा साहब को भी करना पड़ा। उनका जीवन संघर्षों की चरमसीमा थी। उन्होंने अनेक आंदोलनों के माध्यम से करोड़ों पिछड़े लोगों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने अपने भाषणों में बार-बार कहा, शिक्षित बनो, संगठित बनो और संघर्ष करो। उनका उद्देश्य कभी किसी को दोष देना नहीं था, बल्कि सही मायने में अपने समाज को जातिप्रथा से बाहर निकालकर आत्म सहायता, आत्मोद्धार और आत्म सम्मान द्वारा आत्मनिर्भर बनाना था।

इस सबके बीच बाबा साहब ने अपनी अद्वितीय विद्वत्ता से हमें विश्व का सबसे लंबा सर्वस्पर्शी और सर्व समावेशी संविधान दिया जिसमें राजनीतिक के साथ ही सामाजिक और आर्थिक लोकतंत्र का मार्ग प्रशस्त होता है। भारतीय संविधान देश को एक लोक कल्याणकारी राज्य के रूप में किसी भेदभाव के समस्त नागरिकों, महिलाओं और पुरुषों की समानता और विकास के द्वार खोलता है।

देश ने आजादी के बाद लगातार जातपात से मुक्ति के लिए अनेक प्रयास किए हैं। साथ ही अनेक योजनाओं के माध्यम से पिछड़े वर्गों के उत्थान हेतु भी कार्य हुआ है। मगर पिछले एक दशक में देश ने तेज गति से बाबा साहब के सपनों को साकार होते देखा है। मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में देश के महापुरुषों को अद्वितीय सम्मान दिया है। फिर वो नेताजी सुभाष चंद्र बॉस हो, देश की एकता के सूत्रधार सरदार बल्लभ भाई पटेल हों, भगवान बिरसा मुंडा हों, आदिवासी नेत्री रानी कमला पति हों, कश्मीरी राजा हरी सिंह हों या फिर दक्षिण भारत से स्वतंत्रता सैनानी अल्लुरी सीताराम राजू हों।
(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

डे इन हिस्ट्री

14 अप्रैल 2024

14 अप्रैल 1991 को जन्मी अनीता हसनंदानी फिल्म और टीवी अभिनेत्री हैं।

- 1865: अमरीका के 16वें राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन को वाशिंगटन के 'फॉर्ड थिएटर' में गोली मार दी गई। उन्होंने अगले दिन सुबह दम तोड़ दिया।
- 1891: भारत के संविधान निर्माता बी.आर. आंबेडकर का जन्म हुआ।
- 1912: ब्रिटेन का आलीशान पोत टाइटैनिक हिमखंड से टकराकर डूब गया।
- 1958: सोवियत उपग्रह स्पूतनिक-2 अपने अंतरिक्ष अभियान के 162 दिन बाद नष्ट हुआ।
- 1970: अमेरिकी अंतरिक्ष यान अपोलो 13 में धमाके के बाद गंभीर स्थिति पैदा हो गई।
- 1988: सोवियत संघ ने अमरीका, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के साथ जिनेवा में एक समझौते पर हस्ताक्षर कर अफगानिस्तान से अपनी सेना की वापसी पर सहमति जताई।
- 2008: भारत में कोलकाता और बांग्लादेश में ढाका के बीच 1965 के बाद पहली बार यात्री रेल सेवा की शुरुआत हुई।

त्वरित टिप्पणी

महाराष्ट्र में अपना पिछला रिकॉर्ड दोहरा पाएगी भाजपा!

संजय मग्गू
प्रधान संपादक

भारतीय जनता पार्टी की लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा परीक्षा बिहार और महाराष्ट्र में होने वाली है। बिहार में भाजपा ने लोकसभा चुनाव से थोड़ा पहले जनता दल यूनाइटेड को इंडिया गठबंधन से अलग करके अपने साथ कर लिया। उन्हें नीतीश कुमार की सुशासनी छवि को भुनाना था। महाराष्ट्र में इन दिनों हालत यह है कि भाजपा, कांग्रेस के अलावा दो शिवसेना और दो एनसीपी हैं। दोनों संगठनों का बंटा हुआ धड़ा एक सत्ताधारी दल के साथ है, तो दूसरा सत्ताधारी दल विरोधी धड़े के साथ है। ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि क्या साल 2019 जैसे परिणाम को भाजपा दोहरा पाएगी? क्या महाराष्ट्र की 48 सीटों में से 41 सीटों पर विजयी परचम लहराने में भाजपा और उसके सहयोगी दल सफल होंगे? राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो बिल्कुल नहीं। वर्ष 2019 और 2024 के हालात में काफी फर्क आ गया है। जब सन 2019 में लोकसभा चुनाव लड़े गए थे, तो भाजपा और शिवसेना एक साथ थे। भाजपा ने 23 सीटों पर सफलता हासिल की थी और शिवसेना ने 18 सीटों पर। बाकी सात सीटें विपक्ष को मिली थीं। पिछली बार एक साथ लड़ने वाली शिवसेना आज दो हिस्से में बंट गई है। पांच साल पहले अपनी अलग राह चुनने वाली शिवसेना को भ्रष्ट बताकर आलोचना करने वाली भाजपा ने जब विद्रोही एकनाथ शिंदे को अपने साथ मिलाया, तो जनता में उद्धव ठाकरे के प्रति स्वाभाविक रूप से सहानुभूति की लहर पूरे महाराष्ट्र में पैदा हुई थी। वह किसी न किसी रूप में आज भी कायम है। एनसीपी के दो फाड़ होने के बाद अजित पवार को शामिल करने से भाजपा छवि को और धक्का लगा। महाराष्ट्र में पीएम नरेंद्र मोदी से लेकर पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा तक पानी पी-पीकर कोसा, भ्रष्टाचारी कहा और बाद में जब उसको अपनी सरकार में शामिल किया, तो इसकी विपरीत प्रतिक्रिया हुई। महाराष्ट्र में जितनी पकड़ उद्धव ठाकरे की है, शरद पवार की है, उतनी लोकप्रियता एकनाथ शिंदे और अजीत पवार की नहीं है। लोगों में यह भावना घर कर गई है कि अजीत पवार और एकनाथ शिंदे पार्टी ही हजम कर ली और इसमें सहयोग किया भाजपा ने। जिसने और जिसके पूर्वजों ने मेहनत करके पार्टी खड़ी की, उस पार्टी को दूसरे लोगों ने अपनी बना लिया। भाजपा कार्यकर्ता तक दबी जुबान से इस बात को स्वीकार करते हैं कि जिसको कल तक हम भ्रष्टाचारी बताते थे, आज उनका स्वागत करना पड़ रहा है। भाजपा ने आज ही महाराष्ट्र के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है, उसमें एकनाथ शिंदे और अजीत पवार का नाम नहीं है। इस बात के भी अब निहितार्थ तलाशे जाएंगे। इसको एकनाथ शिंदे और अजीत पवार समर्थक किस रूप में लेंगे, यह देखना अभी बाकी है। बहरहाल, अभी तक जो माहौल दिख रहा है, उसको देखते हुए कहा जा सकता है कि इस बार महाराष्ट्र और बिहार में भाजपा के लिए सब कुछ आसान नहीं रहने वाला है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक नीता मग्गू द्वारा आर.प्रहरी मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, वार्ड नंबर 12, नजदीक हरियाणा सीनियर सेकेंड्री स्कूल, बाली नगर, पलवल से प्रकाशित और इंप्रेशन्स प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, सी-21-22, सेक्टर 59, नोएडा, 201301 से मुद्रित। **संपादक: संजय मग्गू** (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन एवं प्रकाशन के लिए जिम्मेदार) फोन नंबर-0129-4059300, 4317287, मोबाइल नंबर-7027599300, प्रसार: 9871669296 आरएनआई नंबर: **HARHIN/2021/81389, Email info@deshrojana.com, Website www.deshrojana.com**

शहर की धड़कन...

रविवार, 14 अप्रैल 2024

Rojana फरीदाबाद

देश रोजाना

www.deshrojana.com

ग्रेटर फरीदाबाद/बल्लभगढ़

P 08

मोदी ही कर सकता है देश के गरीब, युवा, महिला और किसान का भला: कृष्णपाल गुर्जर

सिक्सलेन हाईवे की खामियों से परेशान मतदाता नेताओं से मांगेंगे जबाव

लोकसभा चुनाव

- मतदाता तो सिर्फ यह देख रहे हैं कि उनके मुद्दों को लेकर कौन सा प्रत्याशी ध्यान देने वाला है

कविता, देश रोजाना

फरीदाबाद। जिले के अधिकारी लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न करवाने की तैयारियों में जुटे हुए हैं। जिसे लेकर प्रशासन की तरफ से कई ठोस कदम उठाए जा चुके है। वहीं केंद्रों में मतदाताओं की सुविधा के लिए सुदृढ़ योजना बनाई है। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस समेत अन्य दलों द्वारा प्रत्याशियों के नामों की घोषणा न करने से जिले में अभी तक चुनावी माहौल जरा भी नजर नहीं आ रहा है। लेकिन मतदाताओं को इससे कोई लेना देना नहीं है। मतदाता तो सिर्फ यह देख रहे हैं कि उनके मुद्दों को लेकर कौन सा प्रत्याशी ध्यान देने वाला है। उनकी समस्या का समाधान कौन करवा सकता है। मतदातों की समस्याओं में हाईवे में मौजूद खामियां भी काफी प्रमुख है। हाईवे की इन खामियों की वजह से शहर के लोगों को लगातार परेशानी झेलनी पड़ रही है। इसलिए मतदाता चुनाव में वोट मांगने वाले नेताओं से इसका जबाव मांगने की तैयारी कर रहे हैं।

नहीं हैं पर्याप्त फुटओवर ब्रिज

बदरपुर सीमा से पलवल तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर मौजूद कई तरह की खामियों को दूर नहीं कर पाए हैं। जिसके कारण राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजरने वाले लोगों को हर रोज कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सबसे ज्यादा परेशानी पैदल चलने वाले लोगों को होती है। पैदल चलने वाले लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी राष्ट्रीय राजमार्ग को पार करने के दौरान होती है। अभी तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर करीब आधा दर्जन फुटओवर ब्रिजों का ही निर्माण करवाया गया है। इनका निर्माण शहर के लोगों के भारी विरोध को देख कर किया गया है। नियम के मुताबिक राष्ट्रीय राजमार्ग पर हर 500 मीटर की दूरी पर एक फुटओवर ब्रिज होना चाहिए। पर्याप्त फुटओवर ब्रिज न होने की वजह से लोगों को अपनी जान जोखिम में डाल कर राष्ट्रीय राजमार्ग पार करना पड़ता है।

अन्य समस्याएं भी हैं गंभीर

सेक्टर सात, आठ, नौ, 10 और 11 की तरफ से आकर दिल्ली की तरफ जाने वाले लोग वाईएमसीए अंडरपास से दिल्ली की तरफ यूटर्न तो लेते हैं। लेकिन यहां हाईवे पर चढ़ने के लिए कोई जगह नहीं बनाई गई। इन वाहन चालकों को बाटा पुल के नीचे से गुजरना पड़ता है। जिससे बाटा पुल के नीचे हमेशा जाम जैसी स्थिति बनी रहती है। इस समस्या के कारण इन सेक्टरों के लोग काफी परेशानी हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग पर अजरौंदा के पास बल्लभगढ़ की तरफ जाने के लिए यूटर्न बना हुआ था। लेकिन बाद में एनएचएआई ने इस यूटर्न को खत्म कर दिया। ऐसे में यदि कोई वाहन चालक गलती से अजरौंदा चौक पार कर आगे तक पहुंच जाता है तो उसे या तो रॉग साइड आना पड़ता है या फिर उसे ओल्ड फरीदाबाद तक जाना पड़ता है।

हाईवे पर नहीं शौचालय

राष्ट्रीय राजमार्ग पर ऐसी अनेक समस्याएं है, जिनकी वजह से दिल्ली से आगरा की ओर आने जाने वाले यात्रियों को हर रोज भारी परेशानी होती है। इन समस्याओं में सबसे गंभीर समस्या है शौचालय की है। एनएचआईए और हाईवे का निर्माण करने वाली कंपनी ने आज तक लोगों की इस समस्या पर ध्यान देने की कोई जरूरत महसूस नहीं की। बदरपुर से पलवल सीमा तक करीब 30 किलोमीटर लंबे रास्ते पर एनएचआईए की तरफ से कहीं भी शौचालय का निर्माण नहीं करवाया गया है। जिसके कारण लंबे सफर पर जाने वाले यात्रियों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। ऐसे में पुरूष तो जिले को शौच मुक्त दावों को खोखला करते हुए कहीं भी सड़क किनारे खड़े होकर लघुशंका से निवृत हो जाते हैं। लेकिन महिला यात्रियों को भारी परेशानी होती है।

ट्रॉमा सेन्टर की जरूरत

सड़क सुरक्षा संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष एसके शर्मा का कहना है कि शहर में आए दिन सड़क दुर्घटनाओं में घायल की जान तक चली जाती है। शहर में ट्रॉमा सेन्टर की बेहद जरूरत है। इसलिए प्रत्याशियों को शहर में ट्रॉमा सेन्टर बनवाने का वायदा करना होगा।

घायल को मिलना चाहिए इलाज

समाजसेवी एवं शहर में रहने वाले डॉ अखिल महाजन ने कहा कि घायलों को अस्पताल पहुंचाने के मामले में लोग जागरूक हो रहे हैं। लेकिन जब वे नजदीक के अस्पताल में लेकर जाते हैं तो निजी अस्पताल द्वारा इलाज के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जाती है।

उठाना होगा ठोस कदम

अजरौंदा निवासी समाजसेवी वीरेंद्र गौड ने कहा कि वैसे तो सडक दुर्घटना में घायलों का इलाज करने के लिए निजी अस्पताल वाध्य हैं। लेकिन घायल को पहुंचाने पर वे टालते हैं। घायलों को इलाज दिलवाने के लिए नेताओं को ठोस कदम उठाना होगा।

ठोस नीति बनानी होगी

जवाहर कालोनी में रहने वाले तिलक का कहना है कि सडक दुर्घटना में किसी व्यक्ति के घायल होने की स्थिति में निजी अस्पताल में कई बार उपचार के नाम पर खानापूर्ति करते हैं। घायलों की जान बचाने के लिए नेताओं को शहर में एक ट्रामा सेन्टर बनवाना होगा।

न्यूज डायरी

हर्षोल्लास के साथ मनाया बैसाखी का त्योहार

देश रोजाना ब्यूरो, फरीदाबाद। सेक्टर 21 बी स्थित जीवा पब्लिक स्कूल में प्रार्थना सभा के दौरान विद्यालय के प्रांगण में बैसाखी का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसके साथ-साथ डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती को भी समान रूप से मनाया गया। इस कार्यक्रम में यह दर्शाया गया कि भारत में विभिन्नताओं में एकता पाई जाती है। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने बताया कि भारत में प्रत्येक ऋतु का अपना एक महत्व होता है, क्योंकि यहाँ हर ऋतु में अलग-अलग तरह की फसलें होती है। कार्यक्रम में विद्यालय की संगीत की अध्यापिका गुरमीत कौर ने सुंदर भजन प्रस्तुत किया उने साथ बच्चों ने भी मनमोहक भजन प्रस्तुत किया। डॉ0भीमराव अम्बेडकर के जीवन एवं उनके महान कार्यों के विषय में बताया। इस अवसर पर वैसाखी से संबंधित एक प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया। छात्रों ने बताया कि विभिन्न राज्यों में किस प्रकार से बैसाखी का त्योहार मनाया जाता है। बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत भ्या। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष ऋषिपाल चौहान ने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति सबसे प्रेम करना सिखाती है। अतः हमें सबसे प्रेम पूर्वक व्यवहार करना चाहिए और सबकी भावनाओं का आदर करना चाहिए।

दो वृद्धों का सहारा बना ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम

देश रोजाना ब्यूरो, फरीदाबाद। वृद्धों को सहारा देने वाली संस्था नवजन मोर्चा समिति ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम 2डी-ब्लॉक ने फिर दो बेसहारा वृद्धों को आश्रम में सहारा देकर ना केवल सामाजिक कार्य किया है ब्लकि दो अनमोल जिन्दगी को भी बचाया है। दरअसल समिति के संचालक कृष्ण लाल बजाज को पैनल एडवोकेट रविन्द्र गुप्ता ने फोन पर सूचना दी कि दो वृद्ध बादशाह खान अस्पताल के सामने लावारिस हालत में बैठे हैं। कृष्ण लाल बजाज बिना समय गंवाए अपनी पुत्री कोमल बजाव, सूरज आर्य व पप्पू के साथ मौके पर पहुचें और तुरंत उन्हें उठाकर वृद्धाश्रम में लेकर आए और खानपान दिया। पूछताछ करने पर एक वृद्ध ने अपना नाम कांची राम पुत्र ख्याली राम आयु लगभग 77 वर्ष है और दूसरे ने सुभाष वर्मा पुत्र वानी वर्मा बताया। इसके अलावा वो कुछ भी बताने में असमर्थ थे। कृष्ण लाल बजाज ने बताया कि दोनों वृद्धों की हालत खराब है और जल्दी ही इन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराना पड़ेगा। हमसे जो भी बन पड़ेगा हम इनके लिए करेंगे। उन्होंने बताया कि इसकी लिखित सूचना 3 नंबर पुलिस चौकी में दे दी जाएगी।

स्नेचर गिरफ्तार, पुलिस रिमांड पर

देश रोजाना ब्यूरो, फरीदाबाद। अपराध शाखा उंचा गांव की टीम ने बाइक से स्नेचिंग की वारादत को अन्जाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपी मोमराज दरियापुर हाथरस अलीगढ़ ने 11 अप्रैल को अपने साथी के साथ मिलकर कोतवाली एरिया में एक चेन स्नेचिंग की वारादात को अंजाम दिया था। जिसका मुकदमा थाना कोतवाली में दर्ज किया था। अपराध शाखा टीम ने अनाज मंडी बल्लबगढ़ से काबू किया है। आरोपी से वारदत में प्रयोग बाइक बरामद की गई है। आरोपी दूध की डेरी पर काम करता है। आरोपी को पूछताछ के लिए और चेन की बरामदगी के लिए पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा जाएगा।

सराय ख्वाजा विद्यालय में मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित

देश रोजाना ब्यूरो, फरीदाबाद। महेंद्रगढ़ जिले के कनीना गांव के जी एल पब्लिक स्कूल की बस दुर्घटना ग्रस्त होने के कारण छह विद्यार्थियों के असामयिक निधन पर राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा फरीदाबाद में जूनियर रेडक्रॉस सदस्य छात्र, छात्राओं, अध्यापकों और समस्त स्टाफ ने दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की। विद्यालय के प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा और स्टाफ सदस्यों ने कहा कि यह बहुत ही दुखद एवं हृदय विदारक दुर्घटना घटी है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि ऐसी हृदय वित्तीर्ण घटना की पुनरावृति न हो। विद्यालय प्रबंधन को भी वित्तीय स्वार्थों से परे सोचना होगा और सुरक्षा मानकों का अनुसरण करते हुए कुशल और निपुण बस चालकों का चयन करें क्यों कि मानवीय त्रुटि से होने वाली दुर्घटना को होने देने से भयंकर परिणाम प्राप्त होते हैं। ऐसी भूलों के लिए उचित एवम कठोर दंड और प्रतिबंधों का प्रावधान किया जाना चाहिए। इतना करने पर भी क्या जिन घरों के कुलदीपक बुझे है उन्हें लौटाया जा सकता है। ऐसी हृदय विदारक त्रासदी से हम सभी को विशेष रूप से संचालकों और प्रबंधकों को जीरो टॉलरेंस की नीति पर दृढ़ता से अनुपालन करना ही होगा। शोक की इस घड़ी में शिक्षा विभाग, परिवहन विभाग तथा प्रशासन भी त्वरित कार्यवाही कर रहा है तथा शोक संतप्त परिवारों के साथ है। सराय ख्वाजा फरीदाबाद विद्यालय के सभी छात्र, छात्राओं और अध्यापकों ने परम पिता परमेश्वर से प्रार्थना की कि जिन परिवारों पर यह अपार दुख का पहाड़ गिरा हैं उन्हें इस विशाल दुख को सहन करने का सामर्थ्य प्रदान करें।

अवकाश के दिन खोला स्कूल तो रद्द होगी मान्यता : उपायुक्त

- स्कूल बसों के संबंध में भी कर सकते हैं हेल्पलाइन पर शिकायत

देश रोजाना ब्यूरो, फरीदाबाद

ईद की छुट्टी के दिन महेंद्रगढ़ के कनीना में हुए निजी बस स्कूल हादसे को देखते हुए जिला प्रशासन अब एक्शन मोड में आ गया है। जिसके चलते उपायुक्त विक्रम सिंह के आदेश अनुसार शिक्षा विभाग ने राजपत्रतित अवकाश के दिन कोई स्कूल नहीं खुलने देने के निर्देश दिए हैं और इसके लिए शिक्षा विभाग द्वारा हेल्पलाइन नंबर - 9289563595 और ईमेल आईडी -deofbdhelppvt@gmail.com जारी कर दी गयी है। इस नंबर पर

व्हाट्सएप के माध्यम से भी सूचना दी जा सकती है।

उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि सरकारी छुट्टी के दिन कोई निजी स्कूल अगर खुला तो उसकी मान्यता रद की जाएगी। ईद की छुट्टी के दिन स्कूल खोलने वाले स्कूल संचालकों को भी नोटिस जारी किए गए हैं। इसके साथ ही स्कूल बसों से संबंधित अगर कोई समस्या है तो भी वह इस नंबर पर अपनी शिकायत कर सकते हैं।

उपायुक्त विक्रम सिंह के आदेश अनुसार सभी प्राइवेट विद्यालयों द्वारा राजपत्रित अवकाश के दौरान विद्यालय खोलने एवं प्राइवेट विद्यालय संचालकों द्वारा विद्यार्थियों के परिवहन (बसों इत्यादि) के नियमानुसार संचालन नही करने की शिकायतों को प्राप्त करने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा हेल्पलाइन नंबर और ईमेल आईडी जारी कर दी गयी है। अगर कोई स्कूल आदेश की अवमानना करता है तो कोई भी अभिभावक हेल्पलाइन नंबर और ईमेल आईडी पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है इसके साथ ही उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा है कि सभी विद्यालयों को अवकाश के बारे में अवगत करवाना सुनिश्चित करें और अवकाश के दिन निरीक्षण करें कि कोई विद्यालय खुला हुआ न हो। कोई विद्यालय खुला मिलता है तो उसे बंद करवाकर उसके खिलाफ तुरंत आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें और नियमों के तहत प्रत्येक बस संचालन में जो 14 नियम है उसकी पूरी पालना हो।

जिलास्तरीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन

देश रोजाना ब्यूरो, फरीदाबाद

सेक्टर 16 स्थित केएलमेहता दयानन्द स्कूल के बैडमिंटन हॉल में शनिवार को 'फरीदाबाद जिला किकबॉक्सिंग संघ' के तत्वावधान में दो दिवसीय ₹23वीं जिला स्तरीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता₹ का शुभारंभ हुआ। फरीदाबाद जिला किकबॉक्सिंग संघ₹ के संस्थापक महासचिव संतोष कुमार अग्रवाल ने बताया कि प्रतियोगिता में फरीदाबाद जिले के विभिन्न स्कूल एवं कॉलेज के लगभग 300 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

जिला किकबॉक्सिंग संघ के जिला अध्यक्ष राज कुमार अग्रवाल ने बताया की प्रतियोगिता का सुबह 10 बजे उद्घाटन अजय गौड़ मुख्यमंत्री के पूर्व राजनैतिक सलाहकार ने किया। समारोह की अध्यक्षता क्रीड़ा भारती फरीदाबाद के जिलाध्यक्ष आनंद मेहता ने की। विशिष्ट अतिथि अंतर्राष्ट्रीय कवि दिनेश रघुवंशी, जिला बैडमिंटन संघ के महासचिव संजय सपरा एवं फरीदाबाद जिला इलेक्ट्रॉनिक्स डीलर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, रोटरी क्लब फरीदाबाद संस्कार के प्रधान मनोज सिंधु उपस्थित रहे।

बैसाखी पर रक्तदान शिविर लगाया

देश रोजाना ब्यूरो, फरीदाबाद

बैसाखी के शुभ अवसर पर थेलासिमिया ग्रस्त बच्चों के लिये एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

यह शिविर शनिवार को गुरुद्वारा श्री दरबार साहिब सेंट्रल ग्रीन में फाउंडेशन अगेंस्ट थेलासिमिया व रोटरी क्लब ओफ फरीदाबाद हेरिटिज के सहयोग से लगाया गया। जिसमें गुरुद्वारा की संगत व वहा की कार्यकारिणी का भरपूर सहयोग रहा। इस अवसर पर दीपक प्रशाद, संदीप गोयल, मनोज गुप्ता, जे. के. भाटिया, बी. दास बतरा, रविंद्र डुडेजा, डी. बी. गर्ग विशेष रूप से उपस्तिथ रहे।

डीसीपी ने बैठक कर सुनी वरिष्ठ नागरिकों की समस्याएं

- हर संभव मदद का दिया आश्वासन, साइबर फ्रॉड से बचाव के बारे में बताया

देश रोजाना ब्यूरो, फरीदाबाद

डीसीपी एनआईटी कुलदीप सिंह की अध्यक्षता में थाना एनआईटी में पुलिस पब्लिक कम्युनिटी के अंतर्गत एक बैठक आयोजित की गई। जिसमे वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल, उनके भरण-पोषण तथा मूलभूत सुविधाओं के लिए बनाए गए कानून के बारे में उन्हें जानकारी दी। साथ ही साइबर फ्रॉड, डायल 112 व नशे के दुष्परिणा के संबंध में जागरुक किया है। मीटिंग में एसएचओ एनआईटी, एसजीएम नगर, कोतवाली, डबुआ और महिला थाना प्रभारी एनआईटी, के साथ वरिष्ठ नागरिक मौजूद रहे।

डीसीपी एनआईटी ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों के वेलफेयर तथा मेंटेनेंस के लिए किस प्रकार वह एप्लीकेशन फाइल कर सकते हैं वरिष्ठ नागरिकों की दवा पानी, मल्टी सर्विस डे केयर सेंटर के प्रावधानों तथा मुफ्त कानूनी सलाह के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही लोगो को नशा रोकने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की गई।

उन्होने बताया कि एरिया में रह रहे वरिष्ठ नागरिक किसी भी प्रकार की सहायता के लिए उन्हें किसी भी समय पुलिस से संपर्क कर सकते हैं। वरिष्ठ नागरिकों को किसी भी प्रकार की मेडिकल इमरजेंसी के विषय में यदि उन्हें कोई मेडिकल इमरजेंसी हो जाती है तो वह बाहर जाकर अपनी तकलीफ किसी को बताने में असमर्थ होते हैं। इस दशा में वह वरिष्ठ नागरिक सेल या थाने के नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। पुलिस उनकी सहायता के लिए तुरंत उपस्थित होगी और उन्हें आवश्यक सहायता दी जाएगी। इसके साथ ही साइबर फ्रॉड के संबंध में बताया कि अगर कोई साइबर फ्रॉड होतो है तो तुरंत 1930 पर कॉल करके अपनी शिकायत दर्ज कराएं।

नवरात्र

शहरभर के मंदिरों में मां दुर्गा के पांचवें स्वरूप मां स्कंदमाता की पूजा-अर्चना की गई

स्कंदमाता को कहा जाता है मोक्ष के द्वार खोलने वाली माता

कविता, देश रोजाना

फरीदाबाद। नवरात्रों के पांचवें दिन शहरभर के मंदिरों में मां दुर्गा के पांचवें स्वरूप मां स्कंदमाता की भव्य पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हजारों भक्तों ने मां के जयकारों के बीच पूजा अर्चना में हिस्सा लिया। प्रातकालीन आरती में मां के भजनों के बीच हवन यज्ञ में श्रद्धालुओं ने अपनी आहूति डाली। मंदिरों में जहां माता के इस रूप की कथा सुनाई गई, वहीं महिलाओं ने भजन-कीर्तन गाकर माता का गुणगान किया। सुबह से ही मंदिरों में माता के पूजन के लिए भक्तों की कतार रही। माता के श्रंगार के बाद भक्तों ने विधिवत पूजा-अर्चना की। आरती और प्रसाद वितरण के साथ पूजा सम्पन्न हुई। संतान की सुख-समृद्धि की उपासना हुई।

मां के रूप के बारे में बताया

सिद्धपीठ मां वैष्णोदेवी मंदिर में शनिवार को मां स्कंदमाता की भव्य पूजा की गई। पूजा का शुभारंभ मंदिर संस्थान के प्रधान जगदीश भाटिया ने करवाया। पूजा अर्चना के उपरांत जगदीश भाटिया ने भक्तों को मां स्कंद माता की महिमा के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि नवरात्रि के पांचवें दिन मां स्कंदमाता की पूजा की जाती है। चार भुजाओं वाली मां दुर्गा के रूप के गोद में विराजमान होते हैं कुमार कार्तिकेय, इन्हें मोक्ष के द्वार खोलने वाली माता भी कहा जाता है। मान्यता है कि स्कंदमाता की पूजा करने वाले माता के भक्तों की सभी इच्छाएं पूरी होती हैं।

पहुंचे इंटरनेशनल भजन गायक...

वैष्णोदेवी मंदिर में इंटरनेशनल भजन गायक अनिल कत्याल ने विशेष तौर पर माता के दरबार में हाजिरी लगाई और हवन में आहुति दी। उन्होंने स्कंदमाता की विशेष पूजा अर्चना में भी हिस्सा लिया तथा अपनी अरदास लगाई। इस विशेष मौके पर प्रसिद्ध इंटरनेशनल भजन लेखक एवम गायक अनिल कत्याल (नीले) को चुन्नी ओढ़ाकर एवम स्मृति चिन्ह देकर धर्म संस्कृति के प्रचार, प्रसार में अहम भूमिका निभाने पर मन्दिर के प्रधान जगदीश भाटिया ने सम्मानित किया। भाटिया ने बताया कि अनिल कत्याल अब तक करीब 9500 भेंट, भजन लिख चुके है, इनके द्वारा लिखी भेंटो को मां वैष्णो देवी दरबार जम्मू में सुबह और शाम को होने वाली दिव्य आरती में गाया जाता है, विशेष तौर पर दिल्ली से आए अनिल कत्याल ने महारानी वैष्णो देवी मंदिर में आरती करके मां भगवती जी के चरणों में अपनी हाजरी लगाई। खास बात यह है कि इन भजनों की वैष्णो अराधना नाम से 6 पुस्तक भी मां के चरणो में अर्पित की जा चुकी है, यह पुस्तक सभी मां के भक्तो को निशुल्क वितरित की जाती है।

आज होगी मां कात्यायनी की पूजा

एनएच-पांच स्थित राधा सर्वेश्वर मंदिर के पुजारी पंडित मुनिराज जी ने बताया कि माता भगवती का षष्ठम नाम कात्यायनी है। प्रसिद्ध महर्षि कात्यायन जी ने कठोर तप कर माँ भगवती से अपनी पुत्री के रूप में जन्म लेने का वरदान मांगा था। जिस प्रकार से नन्द बाबा ने परब्रह्म को पुत्र रूप में पाने के लिए कठोर तप किया और भगवान कृष्ण उनके पुत्र बनकर आये। इसी प्रकार कात्यायन ऋषि ने भी कठोर तप किया, ऋषि की तपस्या से प्रसन्न होकर मां ने उनकी इस इच्छा को पूरा किया और ऋषि कात्यायन की पुत्री देवी कात्यायनी कहलाई। मुनिराज जी ने बताया कि मां कत्यायनी देवी चार भुजा धारी है। माँ कात्यायनी सिंह की सवारी करती है। अपने एक हाथ में तलवार और दूसरे हाथ में अपना प्रिय पुष्प कमल लिए हुए हैं। अन्य दो हाथों में से एक हाथ में वरमुद्रा और दूसरे में अभय मुद्रा में है। इन्हीं मां कात्यायनी के आशीर्वाद से राधा, रुक्मिणी आदि रानियों ने भगवान कृष्ण जैसे पति को प्राप्त किया एवं सीता जी ने भी राम जी को मां के आशीर्वाद से ही प्राप्त किया, इसलिए सौभाग्यवती स्त्रियां अपने पति की लंबी आयु के लिए मां का पूजन करें। कन्याऐं सुन्दर वर प्राप्ति के लिए मां का विधिवत पूजन करें। माता कात्यायनी के पूजन में मधु (शहद) का प्रयोग करना चाहिए एवं नील कमल का फूल, नारियल मां को अर्पण करना चाहिए।

पूजन से अलौकिक तेज की प्राप्ति

सिद्धपीठ काली मंदिर में पुजारियों ने बताया कि स्कंदमाता के पूजन से साधक को अलौकिक तेज की प्राप्ति होती है। उन्होंने माता के स्वरूप का वर्णन करते हुए कहा कि जब भी अत्याचारी दानवों का अत्याचार बढ़ता है को माता संत जनों की रक्षा के लिए सिंह पर सवार होकर आती है। इन्हें माहेश्वरी और गौरी नाम से भी जाना जाता है। पवर्त राज की पुत्री होने की वजह से इन्हे पार्वती कहा गया है और महादेव की वामिनी यानि पत्नी होने की वजह से इन्हे माहेश्वरी कहते हैं।

निजी स्कूलों की कबाड़ बसों में देश के भविष्य के जीवन से हो रहा खिलवाड़

प्रवीण सैनी, देश रोजाना

होडल। जिलेभर में सैकड़ो निजी स्कूलों के खटारा वाहनों में देश का भविष्य मासूम बच्चे सफर करने को मजबूर हैं। स्कूल संचालकों द्वारा खटारा बसों, सुमो, टवेरा, ईको आदि गाड़ियों में बच्चों को स्कूल लाने ले जाने के कार्य पर लगाकर मोटा मुनाफा वसूल जा रहा है।

इसके अलावा स्कूल संचालक सरकार को चूना लगाने का काम कर रहे हैं बता दें कि क्षेत्र होडल में सैकड़ो की संख्या में प्राइवेट स्कूल है अधिकांश स्कूलों में बच्चों को लाने ले जाने के लिए कबाड़ हो चुकी बसें और प्राइवेट रजिस्ट्रेशन की सरकार द्वारा समय सीमा अवधि खत्म हो चुकी गाड़ियां लगाई हुई है। इन गाड़ियों में स्कूली बच्चों को घर से स्कूल लाने व घर ले जाने के एवज में अभिभावकों से हजारों रुपए वसूल किए जाते हैं। परंतु इन गाड़ियों में सुविधाओं के नाम पर ठीक से बैठने की जगह भी नहीं होती । इन वाहनों में सुरक्षा के उपकरण भी नहीं होते। इन वाहनों में बच्चों को वाहनों की क्षमता से अधिक बिठाकर लाने ले जाने का कार्य किया जाता है। इन बसों पर ना तो कोई हेल्पलाइन नंबर लिखा होता है ना ही स्कूल का नाम ना ही कोई इमरजेंसी और हेल्पलाइन नंबर। यह खटारा हो चुकी गाड़ियां होने के कारण रास्ते में कहीं पर भी खराब होकर खड़ी हो जाती हैं । इन गाड़ियों के ड्राइवर बच्चों की परवाह न करते हुए खतरनाक ड्राइविंग करते हुए नजर आते हैं। बहुत से स्कूलों में बसों पर ड्राइवर के साथ अन्य कोई भी हेल्पर बच्चों को उतारने वह चढ़ाने के लिए नहीं होता है।

ऐसा ही एक मामला बीते दिन रोड पर चलती हुई एक बस में देखने को मिला जिस स्कूल बस में उसके शीशे तक टूटे हुए थे उसमे ना तो ब्रेक लाइट थी ना ही इंडीकेटर। बस में शीशे की जगह पर कुछ भी नहीं था और बच्चे इधर-उधर झांक रहे थे। ऐसी बसों में बच्चों को बिठाकर लाने ले जाने के कारण उनके जीवन के साथ खिलवाड़ हो रहा है। स्कूल संचालकों की मनमर्जी के कारण कभी भी कोई बड़ा हादसा क्षेत्र होडल में ऐसी कबाड़ बसों के कारण हो सकता है।और ऐसा प्रतीत होता है जैसे प्रशासन आंखें मूंदे शायद किसी बड़े हादसे का होने का ही इंतजार कर रहा है या फिर ऐसा कहे की प्रशासनिक अधिकारी और स्कूल संचालको की सांठ गांठ के कारण ही बच्चों के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। शिक्षा विभाग के बड़े अधिकारी इन स्कूलों के कार्यक्रमों में बतौर अतिथि उपस्थित होते रहते है और बड़े कीमती उपहार उन्हे मिलते रहते है शायद इस कारण भी लगता है ऐसे स्कूलों पर कोई कार्यवाही अमल में नही लाई जाती। क्षेत्र की सड़कों पर दौड़ती ऐसी गाड़ियां सालों से दौड़ रही है पर प्रशासनिक अधिकारियों को यह कभी नजर नहीं आती।

हर्षोउल्लास से मनाया जाट दिवस व बैसाखी पर्व

देश रोजाना ब्यूरो, पलवल

पलवल की जाट धर्मशाला में अंतरराष्ट्रीय जाट दिवस व बैसाखी पर्व बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जाट समाज के लोगों ने जाट महापुरुषों की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके जीवन पर प्रकाश डाला साथ ही लोकसभा चुनावों में एकजुट होकर वोट करने की अपील की।

अंतरराष्ट्रीय जाट दिवस व बैसाखी पर्व के अवसर पर पलवल की जाट धर्मशाला में सभी वक्ताओं ने जाट इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा की देश के इतिहास में जाट समाज का बहुत बड़ा योगदान रहा है चाहे वो देश की आजादी की बात हो या फिर मुगल शासन की बात हो हमेशा जाट योद्धाओं ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। वक्ताओं ने कहा की जाट समाज एक ऐसा समाज है जो सभी को साथ लेकर चलता है सभी की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहता है। उन्होंने कहा आज अंतरराष्ट्रीय जाट दिवस मनाने का उद्देश्य है की अपनी कौम के युवाओं को जाट इतिहास की जानकारी देना की किस तरह देश के निर्माण में जाटों का योगदान रहा है। उन्होंने कहा की समाज के युवाओं को अपनी कौम के महापुरुषों का अनुसरण करने की जरूरत है। उन्होंने कहा की 13 अप्रैल का दिन जाट समाज देश व समाज में भाईचारा बढ़ाने व कौमी एकता के रूप में मनाता है। वक्ताओं ने कहा की अंतर्राष्ट्रीय जाट दिवस जाट समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है क्योंकि यह उनकी सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं का जश्न मनाने का अवसर प्रदान करता है। यह समाज में जाटों के योगदान को प्रतिबिंबित करने और उनकी पहचान और एकता को बढ़ावा देने का भी दिन है। इस मौके पर जाट धर्मशाला के अध्यक्ष रणवीर चौहान, इनेलो नेता केशर डागर, भाजपा नेता बलदेव अलावलपुर, कांग्रेस नेता मनधीर मान, आप जिला अध्यक्ष चंद्र शेखर रावत, मूलचंद बडगूर्जर, करतार डागर, राहुल तंवर सहित तमाम जाट समाज के मौजिज लोग मौजूद रहे।

सीवर हादसे के मामले में जेई और एसडीओ के खिलाफ केस दर्ज

मृतक का हुआ पोस्टमार्टम

देश रोजाना ब्यूरो, हथीन

हथीन अनाज मंडी के सार्वजनिक शौचालय के सीवर मैनहोल की सफाई करते समय हुए हादसे के मामले में हथीन थाना पुलिस ने मार्किट कमेटी की निर्माण विंग के जे ई एवं एसडीओ के खिलाफ अनुसूचित जाति अधिनियम एवं अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। हथीन के डीएसपी सुरेश भड़ाना मामले की जांच कर रहे हैं।

हथीन सिटी पुलिस चौकी इंचार्ज विजयपाल ने बताया कि हादसे में मृत अजय के पिता दिगम्बर निवासी खोकियाका ने केस दर्ज कराया है कि उसका 19 वर्षीय पुत्र मार्किट कमेटी में ठेके पर काम करने गया। उसका आरोप है कि 12 अप्रैल को मार्किट कमेटी के सम्बन्धित अधिकारियों एसडीओ एवं जे ई ने जबरन उसके बेटे अजय उसके साथ कर्मचारियों इंद्रपाल निवासी तिगांव एवं राजेश निवासी बल्लभगढ़ को सीवर के गढ़े में उतारा। उन्होंने मना किया। लेकिन जे ई एवं एसडीओ ने धमकाया एवं जबरन धक्का देकर सीवर सीवर में उतार दिया।इस हादसे में अजय की मौत हो गई। पीड़ित ने एसडीओ ,जेई एवं सम्बन्धित अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। सिटी चौकी प्रभारी विजयपाल ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है। डीएसपी हथीन सुरेश कुमार भड़ाना केस की जांच कर रहे हैं।

इससे पूर्व पोस्टमार्टम के समय मृतक अजय एवं अन्य दो श्रमिकों के भारी संख्या में परिजन पोस्टमॉर्टम स्थल के बाहर एकत्रित हो गए। उन्होंने कार्यवाही की मांग की।मौके पर मार्किट कमेटी हथीन के प्रशासक एवं स्थानीय एसडीएम संदीप अग्रवाल एवं डीएसपी हथीन सुरेश कुमार भड़ाना भी पुलिस बल के साथ पहुंचे। इस अवसर पर तिगांव से जितेंद्र चंदेलिया एवं अन्य लोगों के मध्य बहसबाजी भी हो गई। डीएसपी सुरेश कुमार भड़ाना एवं अन्य स्टाफ ने उनको समझाकर शांत कराया। डीएसपी भड़ाना ने परिजनों को विश्वास दिलाया कि जांच करके न्यायोचित कार्यवाही की जाएगी। इसके बाद पोस्टमार्टम शुरू हुआ। पोस्टमार्टम के बाद परिजन मृतक के शव को पैतृक गांव खोकियाका में ले आए।

गेहूं का उठान न होने से किसान आढ़ती परेशान, भुगतान भी नही हो रहा

देश रोजाना ब्यूरो, हथीन

हथीन अनाज मंडी में अब तक एक लाख 89 हजार क्विंटल गेंहूँ की खरीद सरकारी खरीद एजेंसियों ने की है। इसके बावजूद अभी तक खरीदे गए गेंहूँ का उठान शुरू नही हो पाया है। इस कारण मंडी के आढ़ती किसान परेशान हैं।

स्थिति यह बनी हुई है कि उच्च अधिकारी जिला मुख्यालय की मंडी का मौका निरीक्षण कर उठान के दावे कर रहे हैं। फील्ड में अधिकारी मौके का निरीक्षण नही कर रहे हैं। हथीन मार्किट कमेटी आढ़ती असोसिएशन के पूर्व प्रधान रविन कुमार ने इस संदर्भ में अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल से बात की। राजपाल ने समस्या के हल का भरोसा दिलाया है। आढ़ती असोसिएशन के प्रधान सुखवीर ने बताया कि खरीदे गए गेंहूँ का भुगतान भी समय पर नही हो पा रहा है।

उन्होंने भुगतान भी शीघ्र शुरू करने की मांग की है। हथीन मार्किट कमेटी के सचिव लेखचन्द ने बताया कि हथीन अनाज मंडी में गेहूं उठान का टेंडर छूट शनिवार को ही हुआ है। उठान के लिए गाड़ियां आ रही हैं। शीघ्रता से समस्या का निवारण कर दिया जाएगा।

न्यूज डायरी

टहल रही बुजुर्ग महिला के गले से सोने की चेन लूटी

देश रोजाना ब्यूरो, पलवल। घर के बाहर टहल रही बुजुर्ग महिला के गले से सोने की चैन लूट ली गई। महिला ने शोर मचाया, परंतु तब तक आरोपी फरार हो गया। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। कैंप थाना पुलिस ने महिला के बेटे की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। अभी तक पुलिस आरोपी की पहचान नहीं कर पाई है। कैंप थाना प्रभारी इंस्पेक्टर दिनेश कुमार के अनुसार ओमेक्स सिटी निवासी शशि भूषण जांगड़ा ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसकी74 वर्षीय मां सुबह घर के बाहर गली में टहल रही थी। उसी दौरान एक लडका पीछे से आया और उसकी मां के गले से सोने की चैन को लूटकर फरार हो गया। उसकी मां ने शोर मचाया, परंतु तब तक आरोपी चैन को लेकर बहुत दूर जा चुका था। बुजुर्ग महिला का शोर सुनकर आस पड़ोस के लोग घरों से बाहर निकल आए और युवक तलाश शुरू कर दी, लेकिन कहीं नहीं मिला। मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की तो आरोपी युवक बुजुर्ग महिला के गले से सोने की चैन को लूटकर भागता हुआ दिखाई दे रहा है। पुलिस ने महिला के बेटे की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

घायल गाय को छोड़ने जा रहे युवक पर फायरिंग

देश रोजाना ब्यूरो, पलवल। दुर्घटना में घायल गाय को गौशाला छोडने जा रहे युवक पर कार सवार युवकों ने फायरिंग कर दी। आरोपी ने युवक को जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए। शहर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर दो नामजद सहित सात के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। शहर थाना प्रभारी राजेश कुमार के अनुसार कृष्णा कॉलोनी निवासी विष्णु भारद्वाज ने शिकायत दर्ज कराई है कि अलावलपुर के समीप एक गाय दुर्घटना में घायल हो गई। रात के करीब आठ बजे वह अलावलपुर से घायल गाय को एंबुलेंस में लेकर आल्हापुर गौशाला जा रहा था। रास्ते में एक थार गाड़ी ने अचानक उसका रास्ता रोक लिया, जिसमें 4-5 युवक उतरे और उसके साथ मारपीट करने लगे। किसी तरह जान बचाकर वह गौशाला पहुंचा तो वहां छह-सात युवक गौशाला में घुस आए और जान से मारने की नीयत से गोली चला दी, जिससे वह बच गया। आरोपियों ने धमकी दी कि आज तो बच गया, अबकी बार कहीं मिल गया तो जान से खत्म कर देंगे। आरोपी ने कहा कि मेरा नाम अजय कटारिया है, मेरे बारे में पूछ लेना। शिकायत में कहा गया कि हमलावरों में अजय के साथ मनोज ठाकुर व 4-5 अन्य युवक थे। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

25 वर्षीय विवाहिता की लाश घर में लटकी हुई मिली

देश रोजाना ब्यूरो, हथीन। गांव कुमरेहडा में 25 वर्षीया विवाहिता मेहरम की लाश घर में लटकी हुई मिली। उसके दो बच्चे घर में रो रहे थे। बच्चों की रोने की आवाज सुनकर घर वाले एवं पड़ोसी पहुंचे। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम कराया। मृतक का पति ड्राइवर है। वह घटना के समय बाहर था। थाना प्रभारी टेक सिंह डागर ने बताया कि अभी तक इस मामले में किसी भी पक्ष ने कोई शिकायत नही दी है। जांच की जा रही है मृतक के मायके वाले भी पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंच गए हैं।

किसानों व व्यापारियों को किया मतदान के लिए जागरूक

कृष्ण आर्य, देश रोजाना, पुन्हाना। ज्यादा से ज्यादा वोट बनवाने व ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लक्ष्य को लेकर पुन्हाना उपमंडल अधिकारी ने आज पुन्हाना अनाज मंडी में किसानों व व्यापारियों के बीच जाकर उन्हें ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने किसानों व व्यापारियों को अधिक मतदान की शपथ भी दिलाई। उपमंडल अधिकारी लक्ष्मीनारायण ने बताया कि मतदान हमारा अधिकार है और मतदान से हम अपने व अपने देश के विकास को निर्धारित करते हैं। हमारा एक-एक वोट हमारा व हमारे बच्चों का भविष्य निर्धारित कर सकता है। इसलिए सभी को ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करना चाहिए। उन्होंने किसानों व व्यापारियों का अपील करते हुए कहा कि सभी ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपनी वोट बनवाकर अधिक से अधिक मतदान करें। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि अपने आसपास व अपने परिवार में सभी व्यस्क लोगों की वोट वोटर लिस्ट से मिलान करके देखें। जिन लोगों का वोट नहीं बना है तुरंत वोट के लिए अप्लाई करें।

जलियांवाला बाग के बलिदानियों की दी श्रद्धांजलि

देश रोजाना ब्यूरो, हथीन

शनिवार को शहर स्थित विश्रामगृह के प्रांगण में अखिल भारतीय शहीदाने सभा के द्वारा जलियांवाला बाग नरसंहार में बलिदान हुए क्रांतिकारियों की याद में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिसमें वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि 13 अप्रैल 1919 के नरसंहार में हजारों भारतीयों को अंग्रेजी जनरल डायर ने मौत के घाट उतार दिया था। जनरल डायर की यह कायराना करतूत इतिहास के पन्नों में दर्ज है।

हमारे देश के युवाओं को शहीद उधम सिंह के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए की कैसे उन्होंने एक लक्ष्य निर्धारित करके जलियांवाला बाग नरसंहार का बदला लंदन में जाकर जनरल माइकल ओ डायर को मारकर लिया। उन्होंने कहा कि हमें अपने बलिदानियों के बलिदान से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। वक्ताओं ने कहा कि हमें समाज में व्याप्त बुराइयों को लेकर भी आवाज उठानी चाहिए। क्योंकि आज का युवा नशे, जुआ और लूटपाट सहित अन्य वारदातों को अंजाम देने में लगा हुआ है।

इस मौके पर सभा के कार्यकारी राष्ट्रीय प्रधान डॉ. असगर हुसैन, जिला प्रधान जवाहर सिंह रावत, डा. प्रभुदयाल आर्य, पूर्व सरपंच उदयसिंह, मोहम्मद जकरिया, सुभाषचंद्र, समाजसेवी गजराज जांगिड़, कवि केसरीलाल, निसार, हनीफ, छोटे लाल, लोकेश कुमार, ओमबीर, बिलाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

250 से ज्यादा कांग्रेस और जेजेपी के कार्यकर्ताओं और समाजसेवियों ने थामा भाजपा का दामन

कृष्णपाल गुर्जर दर्ज करेंगे 10 लाख से ज्यादा की बड़ी जीत : राजकुमार वोहरा

देश रोजाना ब्यूरो, फरीदाबाद

भारतीय जनता पार्टी में लगातार दूसरी राजनैतिक पार्टियों के नेताओं और कार्यकताओं का पार्टी ज्वाइन करना जरी है और आज इसी कड़ी में फरीदाबाद भाजपा जिला कार्यालय अटल कमल पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में जेजीपी और कांग्रेस के कई नेताओं व कार्यकताओं ने बीजेपी का दामन थामा। जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने हरियाणा के उधोग मंत्री मूलचंद शर्मा और वरिष्ठ उप महापौर देवेन्द्र चौधरी की उपस्थिति में पटका पहनाकर 250 से ज्यादा लोगों को भाजपा की सदस्यता दी। इस मौके पर ज़िला महासचिव मनोज वशिष्ठ, सुरेंद्र जांगड़ा, वरिष्ठ नेता टिप्परचंद शर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष शोभित अरोड़ा, पार्षद राकेश गुर्जर, ज़िला मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता, सह मीडिया प्रभारी आभास अग्रवाल उपस्थित थे। कांग्रेस के कार्यकर्त्ता राजू धारीवाल के साथ 175 से ज्यादा लोगों ने, जे.जे.पी के ज़िला महासचिव सुनील शास्त्री के साथ 30 से ज्यादा लोगों ने, जे.जे.पी के ज़िला महासचिव परविंदर सिंह के साथ 25 से ज्यादा लोगों ने बल्लभगढ़ के युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष कार्तिक शर्मा के साथ 25 से ज्यादा युवाओं भाजपा की सदस्यता ली। जे.जे.पी के जिला सचिव दयाचंद सैनी के नेतृत्व में घनश्याम सैनी, सुजान सैनी, अशोक कुमार, सुरेन्द्र सिंह सरदार, अशोक चौरसिया, कुंदन बिष्ट, रमण वोहरा आदि ने भी मोदी जी की नीतियों में विश्वास दिखाते हुए भाजपा की सदस्यता ली। इसके अलावा कुछ वरिष्ठ समाजसेवियों ने भी भाजपा की सदस्यता ली। भाजपा ज़िला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने कहा कि आज आपको भाजपा कार्यकर्ता का पद मिला है, मोदी जी के हाथ मजबूत करना है और कृष्णपाल गुर्जर को फरीदाबाद लोकसभा में 10 लाख वोट से जिताना है। ज़िला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा और सीनियर डिप्टी मेयर देवेंद्र चौधरी ने भाजपा की सदस्यता लेने वाले सभी कार्यकताओं और नेताओं को बधाई और शुभकामनायें दी।

इस अवसर पर के कांग्रेस से आये राजू धारीवाल के साथ प्रह्लाद कटारिया, मुकेश शर्मा एडवोकेट, योगेश शर्मा एडवोकेट, राकेश वकील, राहत पवार, दीपक सिंह, लड़की चौधरी, योगेश, हिमांशु, सुधीर कुमार, विशाल, अरुण, राजू, रोहित कुमार, विर्जु, करमवीर भाटी , मुकेश बघेल, टी एन सिंह, चौधरी श्याम सुंदर एडवोकेट, सुखवीर, हिमांशु, धर्मेंद्र भाटी, नीरज बघेल, कुणाल गर्ग, जतिन कुमार, राजू वशिष्ठ व तारा भाटी आदि भाजपा सदस्य बने , जे.जेपी ज़िला महासचिव सुनील शास्त्री के साथ अर्जुन पराशर, संजय शर्मा, जितेंद्र, भीम सिंह, विजय शर्मा, जितेंद्र भारद्वाज, साहिल, राजपाल भारद्वाज, हितेश यादव भाजपा के सदस्य बने। बल्लभगढ़ के युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष कार्तिक शर्मा शिवम-कौशिक, साहिल कौशिक, तुषार कौशिक, ध्रुव कौशिक, बृजभूषण शास्त्री, कल्याण दत्त आदि कार्यकताओं ने भाजपा का दामन थामा।

मेवात के गौरवशाली इतिहास को जन-जन तक पहुंचाएगी भाजपा सरकार: वशिष्ठ

- 25 मई को लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट देकर कर्ज उतारेगा मेवाती: रसीद मेव
- डूंगरपुर गाँव में मीडिया समन्वयक का हुआ जबरदस्त स्वागत

हेमलता, देश रोजाना

पलवल। मेवात का इतिहास स्वर्णिम और अनुकरणीय है। सच्चाई में यह वीर बलिदानियों की गौरव गाथा है। जिसे जन-जन तक पहुंचाना चाहिए।

यह बात मुख्यमंत्री नायाब सैनी के मीडिया समन्वयक मुकेश वशिष्ठ ने शुक्रवार देर शाम डूंगरपुर गाँव में आयोजित नुक्कड सभा में कहे। नुक्कड सभा का आयोजन मेव महासभा के राष्ट्रीय महासचिव अब्दुल रसीद मेव किया। जबकि अध्यक्षता सरपंच सद्दाम ने की।

गाँव पहुंचने पर ग्रामीणों ने मीडिया समन्वयक का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। नुक्कड सभा को संबोधित करते हुए मीडिया समन्वयक वशिष्ठ ने कहा कि जब-जब देश पर विदेशी हुकूमत ने आक्रमण किया, देश की गैरत को ललकारा तब-तब मेवात के वीरों ने उनका डटकर मुकाबला किया। मेवात के वीरों ने दिल्ली के सुल्तानों व मुगल बादशाहों ही नहीं, बल्कि देश की आजादी में अंग्रेजों से भी डटकर लोहा लिया। शायद ही मेवात क्षेत्र का कोई गाँव ऐसा होगा, जिसमें से कोई शहीद न हुआ हो। मेवाती वतनपरस्ती के परिचायक है। शहीद राजा हसन खां मेवाती इसका सबसे बड़ा सबूत है।

दुर्भाग्यवश पूरानी सरकारों ने कभी मेवात के इतिहास पर न कभी विचार किया और न समझने की कोशिश की। कांग्रेस, इनेलो सरकारों ने मेवातियों को सिर्फ वोट-बैंक मानकर रखा।

भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व की वर्तमान हरियाणा सरकार मेवात के गौरवशाली इतिहास को जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रही है। मेव महासभा के राष्ट्रीय महासचिव अब्दुल रसीद ने कहा कि 9 मार्च को पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में जिस तरह से हरियाणा सरकार ने मेवातियों को सम्मान दिया है, उसे कोई मेवाती भूला नहीं सकता। 25 मई को लोकसभा चुनाव में हर मेवाती भाजपा को वोट देकर अपना कर्ज चुकाएगा।

इस मौके पर पूर्व सरपंच मुकदीस, सुबराती, अज्जर रफी, मोहम्मद तालिब, मामन, शेरद्दीन, फौजी जानू जुल्ला, उसमान और अख्तर इमरान और कालू सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

सुधीर राजपाल ने पलवल अनाज मंडी का दौरा किया

हेमलता, देश रोजाना

पलवल। अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं जिला नोडल अधिकारी सुधीर राजपाल ने शनिवार को पलवल अनाज मंडी का दौरा किया। इस दौरान गेहूं फसल की खरीद को लेकर जिला के अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए गए। इससे पहले उन्होंने लघु सचिवालय में अधिकारियों की बैठक भी ली। बैठक में उन्होंने फसल खरीद के इंतजामों की समीक्षा की गई। सचिव ने फसल खरीद से जुड़े इंतजामों की समीक्षा करते हुए मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर दर्ज जानकारी, किसानों की सुविधा के लिए मंडीवार इंतजाम, खरीद एजेंसी की तैयारी, फसल की आवक व उठान तथा किसानों को फसल के भुगतान से संबंधित जानकारी ली।

इस अवसर पर जिला उपायुक्त नेहा सिंह ने जिला प्रशासन की ओर से फसल खरीद से जुड़े इंतजामों के बारे में जानकारी दी। सचिव सुधीर राजपाल ने अधिकारियों से कहा कि मंडी में उपज लेकर आने वाले किसानों को तय समय सीमा के भीतर भुगतान किया जाए। साथ ही मंडी में खरीद के साथ उठान के कार्य को भी तेज किया जाए। उन्होंने कहा कि मंडी में पीने के पानी, स्वच्छता, तिरपाल, बारदाना आदि का उचित इंतजाम होना चाहिए। मंडी से गेहूं की आवक का उठान एक सप्ताह में पूरा कर लिया जाए। इसके अलावा मंडी में आई गेहूं की आवक को बारिश से बचाने के लिए तिरपाल आदि की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों से भी अपील की कि मंडी में लाने वाली आवक को अच्छी तरह से सुखाकर लाएं। इस दौरान उन्होंने आढ़ती एसोसिएशन के प्रतिनिधियों व किसानों से भी बातचीत की।

इस अवसर पर एसडीएम नरेंद्र कुमार, जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक सीमा शर्मा, किसान एवं कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ.बाबूलाल, कृषि उपमंडल अधिकारी कुलदीप तेवतिया, जिला सिविल सर्जन डॉ.नरेश गर्ग सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

सरकारी खरीद में गोलमाल की आशंका, एसडीएम ने जब्त किए तीन वाहन

- राजस्थान से चोरी से लाई जा रही थी सरसों एसडीएम ने देर रात पकड़ी
- देर रात एसडीएम डा. चिनार चहल ने मंडी में छापामारी कर जमाखोरों के उडाए होश

अख्तर अलवी, देश रोजाना

फिरोजपुर झिरका। विगत कई दिनों से फिरोजपुर झिरका की अनाज मंडी में नियमानुसार सरसों की सरकारी खरीद जारी है। लेकिन इस खरीद में गोलमाल होने की बात सामने आई है। देर रात एसडीएम डा. चिनार चहल ने छापामारी कर राजस्थान नंबर के ऐसे तीन वाहनों को पकडा जिनमें राजस्थान से सरसों लाकर स्थानीय मंडी में बेची जा रही थी। पकड़े गए इन वाहनों की गहनता से जांच की गई तो यहां मार्किट फीस चोरी करने का मामला सामने आया। प्रशानिक टीम ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए तीनों वाहनों को जब्त कर लिया और इनसे मार्किट फीस वसूलकर इनपर कई प्रकार के जुमार्ने लगाए हैं। एसडीएम द्वारा की गई इस कार्रवाई से जमाखोरों में हडकंप मच गया।

सरकार को लगाया जा रहा है चूना

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार फिरोजपुर झिरका में कुछ मुनाफाखोरों द्वारा बडे पैमाने पर सरसों का भंडारण यानी स्टॉक किया जा रहा है। ऐसा कर कुछ लोग सरकार को चूना लगाकर मार्किट फीस चोरी कर रहे हैं। जोकि कानूनन अपराध है। नियमानुसार यदि कोई प्राइवेट एजेंसी सरसों का स्टॉक करती है तो उसे प्रति क्विंटल के हिसाब से एक प्रतिशत मार्किट फीस जमा करानी होती है। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कुछ जमाखोरों ने मंडी से बाहर ऐसे गुप्त ठिकाने बनाए हुए हैं जहां करोडों रुपये की सरसों स्टॉक की हुई है। एसडीएम ने इस बाबत कहा कि यदि कोई व्यक्ति स्टॉक कर मार्किट फीस चोरी कर रहा है तो उसपर कानूनी कार्रवाई कर मार्किट फीस वसूली जाएगी।

मेरी फसल मेरा ब्योरा पर किए गए पंजीकरण की हो जांच

सरकारी केन्द्रों पर फसल बेचने के लिए किसानों को नियमानुसार मेरी फसल मेरा ब्योरा पर पंजीकरण करवाना जरुरी है। ऐसे में क्षेत्र के काफी किसानों ने इस पोर्टल पर पंजीकरण करवाया हुआ है। लेकिन इन किसानों के साथ काफी ऐसे फर्जकार भी हैं जिन्होंने किसानों के साथ ही फजीर्वाडा कर उनकी जमीन का अपने नाम से रजिस्ट्रेशन करवा रखा है। पूर्व में भी ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं। अब फिर से ऐसे ही मामले सामने आ रहे हैं। इसकी जांच हो तो काफी फर्जकार पकड़े जा सकते हैं। एसडीएम ने कहा यदि किसी किसान को लगता है कि उसके साथ फजीर्वाडा हुआ है तो वो आनलाइन के अलावा उनके कार्यालय में शिकायत दे सकता है।

एसडीएम ने बनाई टीम, सरसों बैग की गिनती जारी

खरीद में गोलमाल की आशंका की शंका को दूर करने के लिए एसडीएम डा. चिनार चहल ने शनिवार को सरकारी खरीद केन्द्र का दौरा किया। उन्होंने यहां एक टीम का गठन कर सरसों के बैग की गिनती शुरू करवा दी। गिनती शुरू होते ही खरीद एजेंसियों की सांसे फूलती नजर आई। अब देखना होगा कि जो खरीद अभी तक मंडी में हुई है वो पूरी है या नही है। सरकारी आंकडों के अनुसार अभी तक मंडी में 75 हजार क्विंटल की सरसों खरीद की जा चुकी थी। जबकि 3603 किसानों के गेट पास काटे जा चुके हैं। मंडी के बाहर हाईवे पर ट्रैक्टर लेकर खड़े किसानों की अभी भी लाइनें लगी हुई हैं। कई किसानों ने बताया कि उनका गेट पास नहीं बनाया जा रहा है।

उपायुक्त ने किया तावडू अनाज मंडी का दौरा

- खरीद कार्यों व सुविधाओं का लिया जायजा

यूनुस अलवी, देश रोजाना

नूंह। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने शनिवार को नई अनाज मंडी, तावडू का औचक निरिक्षण किया तथा रबी फसलों के खरीद संबंधी प्रबंधों का निरीक्षण किया, उनके साथ उपमण्डल अधिकारी, तावडू संजीव कुमार तथा विरेन्द्र कुण्डु, सचिव एवं कार्यकारी अधिकारी, मार्केट कमेटी, तावडू, मनजीत कुमार, मैनेजर एच.डब्लू.सी, सभी आढती, संजय गोयल, सुभाष, पवन कुमार भी साथ मौजूद रहे।

उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान सबसे पहले गेट पास व डाटा ऑपरेटर रूम का निरिक्षण किया, जहां पर गेट पास का कार्य सुचारू रूप से चलता पाया गया। उन्होंने पाया कि अनाज मंडी के सभी कार्य सचारू रूप से चल रहे थे और गेंहू व सरसो की बोली भी समय पर चल रही थी। अनाज मण्डी के अन्दर साफ-सफाई, पीने के पानी की व्यवस्था आदि ठीक पाई गई। बारिश के मौसम को देखते हुये आढ़तियों के द्वारा फसल को तिरपाल से ढक रखा था। मण्डी में आवक व खरीद सुचारू से चल रही है। उपायुक्त द्वारा सरसो व गेंहू के उठान के बारे में डीएम व संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों से फसलों का उठान कार्य में तेजी लाई जाए। इसके लिये गाड़ियों की संख्या बढ़ा दी जाए ताकि किसानों को मंडियों में फसल लाने व बेचने में कोई परेशानी ना हो।

मामूली गाली गलोज के चलते दामाद ने ससुर का किया कत्ल

- पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की

यूनुस अलवी, देश रोजाना

नूंह/मेवात। नूंह जिला के पिनगवां थाना के गांव ढांडोली में दामाद और उसके साथियों द्वारा ससुर की हत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक के बेटे साहुन कि शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर कारवाई शुरू कर दी है।

शिकायत में बताया कि उनका जीजा शाहिद उनकी बहन को लेकर घर आया था और उनके पिता सोहराब और उनके जीजा शाहिद में किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई थी और शाम को उनके जीजा मेरे पिता को जान से मारने की धमकी देकर अपने गांव चला गया था। लेकिन जब रात उसके पिता सोहराब अपने मकान में सो रहे थे तो तभी उनका जीजा शाहिद रात्रि करीब एक बजे अपने चार-पांच साथियों को लेकर उनके घर आया और उनके पिता से उनके कमरे का दरवाजा खुलवाया। उनके पिता सोहराब ने जैसे ही दरवाजा खोला तो उसके साथ उनके जीजा और उसके साथ आए अन्य लोगों ने मारपीट शुरू कर दी। मारपीट करते हुए उन्हें सरिया, लाठी, डंडों से बुरी तरह पीटा और उसके पिता ने जब शोर मचाया तो आरोपी लोगों को आता देख भाग गए। जैसे ही वो मौके पर पहुंचे तो उन्होंने अपने पिता को गंभीर हालत में जख्मी पाया , जिससे वो अपने पिता को लेकर जब इलाज कराने अस्पताल जा रहे थे तो रास्ते में ही उनके पिता सोहराब ने दम तोड़ दिया।

जिसकी सूचना उन्होंने पुलिस को दी, पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लिया और शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए मांड़ी खेड़ा के अल आफिया अस्पताल पहुंचाया।

इस मामले में डीएसपी अजैब सिंह ने बताया कि मृतक के बेटे साहुन की शिकायत पर हत्या सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है और इस मामले में जल्द ही हत्या करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस मामले में कई टीमें में गठित कर दी गई है और आरोपियों के ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। इतना ही नहीं डीएसपी अजैब सिंह ने कहा कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम करा कर शव को परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

घर में घुसकर तोड़फोड़ व लूटपाट सहित मारपीट का आरोप

- पांच घायल, 41नामजद 25 अन्य के विरुद्ध मामला दर्ज

नसीम खान, देश रोजाना

तावडू। खंड के गांव सेवका में दो पक्षों में हुए विवाद के दौरान घर में घुसकर तोड़फोड़ व लूटपाट मारपीट करने और जमकर पथराव करने का का मामला सामने आया है। हमले में तीन महिलाओं सहित पांच के घायल होने की खबर है। पुलिस ने एक पक्ष की शिकायत पर 41 नामजद आरोपियों सहित 25 अन्य के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सेवका गांव के रहने वाले जाकिर हुसैन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीते तीन अप्रैल को वह घर पर नही थे जबकि अन्य सदस्य घर पर ही मौजूद थे।

आरोप है कि उसी दौरान भिवाड़ी-घटाल से दो दर्जन से अधिक की संख्या में एक गैंग के रूप में हमलावर पहुंचे। जिन्होंने आते ही घर और दुकान में घुसकर धावा बोल दिया। दुकान के सीसीटीवी को तोड़ दिया,दो मोटरसाइकलों समेट छह वाहनों को लाठी डंडों आदि से बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ित का दावा है कि हमलावरों ने लूटपाट भी की। हालांकि पुलिस ने लूटपाट की वारदात से इनकार किया है। झगड़े में एक पक्ष से तीन महिलाएं सहित करीब पांच लोग घायल हो गए। जिनका अस्पतालों में उपचार जारी है।जाकिर ने बताया कि हमलावर अपराधिक प्रवृत्ति के हैं।

जिन पर पहले से ही कई मुकदमे चल रहे हैं। एक व्यक्ति पर दो हत्या के आरोप है। उन्होंने बताया कि विवाद के समाधान को लेकर अब तक पंचायत स्तर पर फैसला करने का प्रयास किया जा रहा था। लेकिन कोई समाधान नहीं हो सका। सदर थाना पुलिस ने एक पक्ष की शिकायत पर 41 नामजद सहित 25 अन्य आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

बाबा साहेब के जीवन चरित्र से सीख लें युवा : नीरज रामपाल

नसीम खान, देश रोजाना

तावडू। संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर जी 133 वे जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर युवाओं को सम्बोधित करते हुए युवा एकता टीम के अध्यक्ष नीरज रामपाल ने युवाओं से आह्वान किया है की वे परोपकार की भावना को अपनाते हुए संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर जी के जीवन से सीख लेकर उनके दिखाए हुए मार्ग पर चलकर राष्ट्रीय हित मे कार्य करें बकौल नीरज रामपाल बाबा साहेब ने देश के संविधान में सभी धर्मों व वर्गो के नागरिकों के हितो की रक्षा के लिए सभी को समानता का दर्जा दिया है। देश का संविधान लिखते समय बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर जी ने महिलाओ के हितो का विशेष ध्यान रख कर उनकी भी तरक्की के रास्तो को खोलकर उन्हें भी समानता का अधिकार देने का पुनीत कार्य किया है। बाबा साहेब ने विषम परिस्तिथियो में भी अपनी काबलियत के दम पर देश विदेश में उच्च स्तर की डिग्रीया हासिल कर भारत का मान बढ़ाया है।

आज के दौर मे युवाओं को मानव कल्याण के लिए उनके बताये रास्ते पर कार्य करके राष्ट्रीय एकता को मजबूत करना चाहिए गौरतलब है की नीरज रामपाल क्षेत्र के जाने माने रक्तदाता व सामजिक कार्यकर्ता है इनके मार्गदर्शन में समय समय पर रक्तदान शिविर, पौधरोपण,गरीब बच्चों को निशुल्क शिक्षा, कानूनी जागरूकता शिविर सहित अनेको सामाजिक कार्य युवा एकता टीम द्वारा किये जाते रहें हैं।

पुरानी रंजिश को लेकर फायरिंग, कई घायल, घर में तोड़फोड़, पांच गिरफ्तार

- आरोपियों से दो अवैध बंदूक, 5 रौंद, दो खोल बरामद

यूनुस अलवी, देश रोजाना

मेवात। पुरानी रंजिश के चलते नूंह जिला के थाना पिनगवां के गांव ढाना में अवैध हथियारों से जमकर फायरिंग कर करीब तीन लोग को घायल कर दिया जबकि पथराव करने ने मोटरसाइकल, कार के अलावा घरों को काफी नुकसान हुआ है। पुलिस ने वकील, शकील, अल्ली, मुनफेद उर्फ मुन्ना, जम्मा, आदिल, रिज्जी, सम्मी पुत्रान आसू, साहिल, निजामु, असरु, सब्बा, खत्ती, सल्लम निवासीयान ढाना थाना पिनगवां व दिलावर निवासी बिस्मबरा हालाबाद डुगेजा थाना पिनगवां के खिलाफ हत्या के प्रयास करने सहित करीब 15 लोगों के खिलाफ अवैध हथियार रखने, जान लेवा हमला करने सहित विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को अदालत से एक दिन के रिमांड पर लेकर दो 12 बोर की अवैध बंदूक, 5 रौंद व दो खोल बरामद किए हैं। पीडितों ने अन्य आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार गांव ढाना निवासी खालिद पुत्र कल्लू ने पिनगवां पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि दो मार्च 2024 को उपरोक्त आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की थी। जिस बाबत थाना पिनगवां मे आरोपियों के खिलाफ थाना पिनगवां में मु0 नं0 47/2024 दर्ज कर लिया था। जो इसी बात की वजह से पीड़ित के लोगो के साथ रंजिश रखते हुए आ रहे है। दिनांक 11 अप्रैल को समय लगभग दोपहर एक बजे वकील दारु के नशे मे होकर पिनगवां से अपनी मोटरसाईकिल पर सवार होकर अपने घर के लिये जा रहा था जो वकील हमारे घरो के निकट अपनी मोटरसाईकिल से निचे गिर गया था जिसे गिरने की वजह से थोडी बहुत चोटे आई। आरोपियों ने मुकदमा की रंजिश को रखते हुए थोडी देर बाद जब वकील अपने घर पहुँचा तो आरोपियों ने हमश्वरा होकर अपने अपने घरों की छतों के ऊपर चढ़कर हमारे ऊपर गिड, पत्थर व अवैध हथियारो से जान लेवा हमला कर दिया।

जो दोषी वकील व आदिल के हाथो मे अवैध बंदूके थी जिन्होने अवैध बंदूको से हमारे ऊपर जान से मारने की नियत से सीधा फायर किया। जो हम बडी मुश्किल। से बाल - बाल बचे व जैसे तैसे अपने घरो के अंदर घुसकर अपनी जाने बचाई वरना उन्हे जान से मार देते। आरोपियों ने उनके घरो मे गिड, पत्थर फैक कर घरो का काफी सामान व घरो के सीसे दरवाजे गिड, पत्थरो से तोड दिये व उपरोक्त झगडे मे मुझे वा मेरे परिवार के कई लोगो को चोटे आई है। फायरिंग करते हुए झगडे की पीडितों ने वीडियो ग्राफी भी कर ली। उसके बाद पीडितों ने पुलिस सहायता के लिये 112 नम्बर पर कॉल कर सूचना दी। जो पुलिस को आता देख और आरोपी जान से मारने धमकी देकर फरार हो गए। जबकि पुलिस ने मौके से करीब 6 आरोपियों को हिरासत में ले लिया।

जांच अधिकारी जयचंद ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर करीब 15 लोगों के खिलाफ जान से मारने की धमकी देने, हत्या का प्रयास करने सहित अन्य धाराओं को तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जबकि पांच आरोपी गिरफ्तार कर उनसे 12 बोर की दो अवैध बंदूक, दो खोल और 5 रौंद बरामद किए हैं। अन्य आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

मां भगवती का विशाल जागरण 15 अप्रैल को पंजाबी बारात घर में

कृष्ण आर्य, देश रोजाना, पुन्हाना। आगामी 15 अप्रैल को शहर के पंजाबी बारात घर में मां भगवती का 12 वां विशाल जागरण आयोजित किया जाएगा। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि बहन दया भड़ाना व विशिष्ट अतिथि होडल नगर परिषद अध्यक्ष शीशपाल कड्डन होंगे। उक्त जानकारी श्री बांके बिहारी सखा मंडल के सदस्य नरेंद्र मंगला व धर्मेंद्र अप्पू गर्ग ने दी। उन्होंने बताया कि जागरण में हाथरस की मशहूर गायक कलाकार चंदन शर्मा, गाजियाबाद से रामकुमार लक्खा, अलवर से कमल कान्हा, पलवल से मोनू भैया अपने मधुर भजनों से श्रोताओं का मन मोहेंगे। इसके अलावा फरीदाबाद के ऋतिक रसिया ग्रुप के माध्यम से जागरण में सुंदर-सुंदर झांकियां प्रस्तुत की जाएगी। नरेंद्र मंगल व धर्मेंद्र अप्पू गर्ग ने बताया कि जागरण की तैयारी को लेकर जगह-जगह निमंत्रण पत्र बांटे जा रहे हैं। जागरण में हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश व दिल्ली से हजारों की संख्या में श्रद्धालु शिरकत करेंगे।

उपमंडल अधिकारी पुन्हाना ने चलाया स्कूल बसों का चेकिंग अभियान

- चेकिंग के दौरान एक बस इम्पाउंड

यूनुस अलवी/कृष्ण आर्य, देश रोजाना

मेवात/पुन्हाना। कनीना में हुए दर्दनाक हादसे के बाद जिला प्रशासन के दिशा निर्देशानुसार पुन्हाना उपमंडल अधिकारी व पुन्हाना डीएसपी ने संयुक्त रूप से आईटीआई परिसर में क्षेत्र के सभी निजी विद्यालयों की स्कूल बसों का निरीक्षण किया। इस दौरान स्कूल बसों में काफी खामियां मिलीं, जिसके बाद स्कूल संचालकों को चेतावनी देकर 2 दिन में अनियमितताओं को सही करने का निर्देश देकर छोड़ दिया गया। वहीं उपमंडल अधिकारी ने बताया कि किसी भी तरह की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी।

पुन्हाना उपमंडल अधिकारी लक्ष्मी नारायण ने बताया कि सरकार व जिला प्रशासन के दिशा निदेर्शानुसार कनीना में हुए हादसे के बाद प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। प्रशासन द्वारा सभी स्कूल बसों की गहराई से जांच की जा रही है। सरकार के दिशा निर्देश अनुसार स्कूल बसों के लगभग 35 नियम हैं, जिसमें बसों के मानक तय किए गए हैं। प्रशासन द्वारा तय मानकों के तहत स्कूल बसों का सघन चेकिंग अभियान शुरू किया गया है। जिन स्कूल बसों में कोई कमी कोताही पाई गई है, उनके स्कूल संचालकों को चेतावनी देकर 2 दिन में उन्हें सही करने की दिशा निर्देश दिए हैं। उप मंडल अधिकारी ने बताया कि फिलहाल स्कूल बसों को प्रशासन एक जगह इकट्ठा करके नियमावली के तहत उनकी चेकिंग कर रहा है, परंतु इसके बाद सभी स्कूलों में जाकर या सड़क पर चल रही बसों को रोककर चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि कुछ स्कूल संचालक अपनी कंडम बसों को प्रशासन के समक्ष पेश नहीं कर रहे हैं, परंतु वे सावधान रहें। प्रशासन जल्द ही ऐसी बसों को चिन्हित करके उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाएगा।

निजी स्कूल की एक बस इम्पाउंड

पुन्हाना उपमंडल अधिकारी लक्ष्मी नारायण ने जानकारी देते हुए बताया कि पुन्हाना थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने नियमों की अवहेलना करने के आरोप में एक स्कूल बस को इंपाउंड कर पुलिस थाने में खडा कर दिया है।

जिला प्रशासन ने निजी व सरकारी स्कूल बसों के फिटनेस की जांच

- अभियान के दौरान नॉर्म्स पूरे ना होने पर कई वाहनों को इंपाउंड कर किया चालान

यूनुस अलवी, देश रोजाना

मेवात। जिला प्रशासन ने निजी व सरकारी स्कूलों की बसें व अन्य वाहनों की फिटनेस की जांच अभियान के दोरान नॉर्म्स पूरे ना होने पर कई वाहनों को इंपाउंड कर किया चालान। इस दौरान नूंह के एसडीएम विशाल कुमार ने बताया कि जब तक सभी वाहनों की चेकिंग नहीं की जाएगी तब तक यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

आपको बता दें कि महेंद्रगढ़ जिले के निजी स्कूल के बस हादसे में 6 बच्चों की मौत एवं दर्जन भर से भी ज्यादा बच्चे घायल हो गए थे। जिसको लेकर प्रदेश में ही नहीं बल्कि देशभर में स्कूल संचालकों के खिलाफ भारी रोष है। वहीं नूंह जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने सरकार के उच्च अधिकारियों के आदेश पर शनिवार को निजी स्कूल की बसों की चेकिंग का अभियान चलाया। अब उच्च अधिकारियों के निर्देश के बाद नूंह प्रशासन और पुलिस भी अलर्ट मोड पर नजर आ रहा है। सभी स्कूल बसों को चेकिंग के लिए नूंह के वाईएमडी कॉलेज में बुलाया गया और उनके फिटनेस के सभी दस्तावेज चेक किए गए। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सतबीर सिंह तंवर ने बताया कि सभी स्कूलों को आदेश जारी कर दिए हैं और सभी को निर्धारित की गई जगह पर बुलाया गया है ताकि उनके वाहनों की जांच की जा सके। एसडीएम नूंह विशाल कुमार ने बताया कि स्कूल बसों को चेक करने के बाद खामियां मिलीं हैं खामियां मिलने के साथ-साथ स्कूल बसों को इंपाउंड कर दिया गया है। मौके पर सभी विभागों की टीमें मौजूद है तहसीलदार डीटीओ ट्रैफिक पुलिस मेडिकल जांच के लिए डॉक्टर मौजूद हैं गहनता से जांच की जा रही है उन्होंने कहा नूह जिले में 240 प्राइवेट स्कूल है प्राइमरी से लेकर सीनियर सेकेंडरी स्कूलों के पास तक 207 बस चालू है फिटनेस चेक करने के लिए डीटीओ ऑफिस को नोटिस जारी कर दिया है। नूंह, तावडू, फिरोजपुर झिरका, पुन्हाना, नगीना और पलवल जिले की बसों को खंड स्तर पर इकठ्ठा कर चेकिंग की जा रही हैं। सभी प्राइवेट स्कूलों के मालिकों को आदेश जारी कर दिए हैं अपनी-अपनी बसों को लेकर फिटनेस चेक कराए ओर सभी डॉक्यूमेंट साथ लेकर आए। इतना ही नहीं सभी ड्राइवर अपना लाइसेंस भी साथ लेकर आए। इस दौरान आरटीओ मनीष सहगल ने बताया कि अगर किसी बस के पास फिटनेस नहीं है तो कार्रवाई की जाएगी और आदेश जारी कर दिए हैं कि ऐसी बसों को रोड पर नहीं चलाएं। बच्चों की सुरक्षा को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि वाहन पॉलिसी का विशेष ध्यान रखा जाएगा एचसीएस वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए बातचीत होने के साथ-साथ सभी प्राइवेट स्कूलों से एफिडेविट लिए जाएंगे, वहीं एफिडेविट सेल्फ अटेस्टेड होना चाहिए।

मोदी सरकार विकसित भारत के संकल्प पर काम कर रही है : कमल यादव

बैठक

- जिला पदाधिकारियों, मोर्चा अध्यक्ष एवं मंडल प्रभारियों से पिछले एक महीने के कार्यों का लिया फीडबैक
- लोकसभा चुनाव को बड़े मार्जिन से जीतने के लिए बूथों को और अधिक मजबूत करने पर दिया जोर

देव चौहान, देश रोजाना

गुरुग्राम। चुनावी अभियान को गति देने के लिए भाजपा जिला अध्यक्ष कमल यादव ने जिला पदाधिकारियों, मोर्चों के अध्यक्ष और मंडल प्रभारियों के साथ बैठक की। बैठक में कमल यादव ने सभी पदाधिकारियों से पिछले एक महीने में किए गए कार्यों का फीडबैक लिया और आगामी कार्यों पर भी विस्तार से चर्चा की।

जिला अध्यक्ष ने हर मंडल में 100-100 माइक्रो डोनेशन का कार्य करने की भी बात बैठक में कही। कमल यादव ने हर बूथ पर कमल खिलाने के लिए सभी बूथों पर अधिक सक्रियता से काम करने के दिशा निर्देश भी दिए।

बैठक में कमल यादव ने बताया कि रविवार को बाबा भीम राव अंबेडकर की जयंती को भाजपा हर बूथ पर मनाएगी। जिला अध्यक्ष ने बाबा साहब की जयंती पर ज्यादा से ज्यादा कार्यकताओं से अपने-अपने बूथों पर पहुंचने का आग्रह किया। जिला मीडिया प्रमुख गजेंद्र गुप्ता ने बताया कि गुरुकमल में शनिवार को हुई बैठक में जिला अध्यक्ष कमल यादव ने कहा है कि केंद्र व प्रदेश सरकार शहीदों, संतों एवं महापुरूषों के नाम से बड़े बड़े प्रतिष्ठानों और संस्थाओं के नाम रख रही है। हरियाणा में भाजपा सरकार ने संत महापुरूष सम्मान एवं विचार प्रचार प्रसार योजना चलाई है, जिसके तहत संत महापुरूषों की जयंतियों को सरकारी स्तर पर मनाए जाने की पहल की है, ताकि युवा पीढ़ी को संत महापुरूषों की जीवनी से समाज कल्याण की प्रेरणा मिले। उन्होंने कहा कि हमारे पास डबल इंजन सरकार की उपब्धियां है।

दस सालों में जनहित में किए गए कार्यों को लेकर कार्यकर्ता जनता के बीच जाएं और लोगों को भाजपा के पक्ष में वोट के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी लोगों को बताएं कि युवा, किसानों, महिलाओं के उत्थान और देश की प्रगति तथा आने वाली पीढ़ी के उज्जवल भविष्य के लिए मोदी सरकार जरूरी है।

बैठक मे जिला महामंत्री रामबीर भाटी, सर्वप्रिय त्यागी, जिला उपाध्यक्ष अर्जुन शर्मा, सुन्दरी खत्री, सचिव अवनीश राघव, पवन जांघू, निधि कोटिया, महेश वशिष्ठ, पीसी सैनी, कार्यालय सचिव यादराम जोया, सह कार्यालय सचिव ओम प्रकाश ठाकरान, मीडिया प्रमुख डॉ गजेंद्र गुप्ता, सह मीडिया प्रमुख पवन यादव, कोषाध्यक्ष हर्षवर्धन मित्तल, सह कोषाध्यक्ष जगतार सिंह, प्रवक्ता विपिन यादव, प्रदीप सैनी, आई टी प्रमुख सुमित वोहरा, युवा मोर्चा अध्यक्ष मयंक निर्मल, किसान मोर्चा अध्यक्ष प्रदीप गुर्जर, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष कृष्ण गुर्जर, एससी मोर्चा महामंत्री, अल्पसंख्यक मोर्चा महामंत्री, महिला मोर्चा महामंत्री, मानेसर मंडल प्रभारी और हेलीमंडी मंडल प्रभारी उपस्थित रहे।

स्वीप एक्टिविटी द्वारा मतदाता जागरूकता

देश रोजाना ब्यूरो, फरीदाबाद

- हरिजन चौपाल सराय ख्वाजा में नुक्कड़ नाटक से जागरूकता

जिला निर्वाचन अधिकारी और उपायुक्त फरीदाबाद विक्रम यादव के निर्देशानुसार तथा सी ई ओ जिला परिषद फरीदाबाद सतबीर मान के मार्गनिर्देशन में गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा फरीदाबाद के विद्यार्थियों ने प्राचार्य एवं तिगांव विधान सभा के ईआरओ स्वीप रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में सराय ख्वाजा फरीदाबाद की हरिजन चौपाल में नुक्कड़ नाटक द्वारा लोकसभा के चुनावों में मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस व ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि जे आर सी, एस जे ए बी सदस्यों और अध्यापकों ने हरिजन चौपाल सराय ख्वाजा फरीदाबाद में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एकत्रित हुए तथा प्रत्येक आने जाने वाले सामान्य व्यक्तियों को वोट डालने के लिए प्रेरित किया।

छात्रों ने नुक्कड़ नाटक मंचन करके सराय ख्वाजा फरीदाबाद की चौपाल पर एकत्रित और आने जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति को 25 मई को लोकसभा के चुनाव के लिए होने जा रहे मतदान के लिए कर्मठ, शिक्षित, ईमानदार और उन्नति शील समाज एवम राष्ट्र का निर्माण करने वाले लोकसभा उम्मीदवार को चुनने के लिए जागरूक किया। चुनाव विभाग द्वारा इस बार नए मतदाताओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा हैं ता कि वे सभी मतदाता बूथ पर आकर मतदान करें। जिला प्रशासन और निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार नए वोटर्स को एवम अन्य सभी वोटर्स को 25 मई को वोट डालने के लिए जागरूक करने के लिए प्रभात फेरी, नुक्कड़ नाटक, मानव श्रृंखला सहित अन्य कार्यक्रम निरंतर चलाए जा रहे हैं बी एल ओ भी बी ए जी एक्टिविटी द्वारा वोटर्स को बता रहे हैं कि आप सभी ने निष्पक्ष और तटस्थता से कार्य करने वाले उम्मीदवार का चुनाव करना हैं।

प्राचार्य मनचंदा, सोनिया जैन, सरिता, धर्मपाल सिंह, दिलबाग सिंह और संदीप सहित अन्य प्राध्यापकों ने मतदाता जागरूकता अभियान में सराहनीय सहयोग प्रदान किया।

ब्रह्मदत्त ब्लू बैल्स स्कूल में अलंकरण व पुरस्कार समारोह का हुआ आयोजन

देव चौहान, देश रोजाना, गुरुग्राम। ब्रह्मदत्त ब्लू बैल्स पब्लिक स्कूल छात्रों को 21वीं सदी के अनुकूल कौशल विकास के नए अवसर प्रदान करने के लिए प्रयासरत है। इसका उद्देश्य छात्रों में जिम्मेदारियां संभालने के साथ ही उनमें नेतृत्व व निर्णय लेने की क्षमता का विकास करना था। अनुभवी लोगों की चयन समिति द्वारा चयनित विद्यार्थी परिषद में बनज को मुख्य छात्र, गुहिका जोशी को मुख्य छात्रा, रक्षित भल्ला को स्कूल एंबेसडर, अनुष्णा श्रीवास्तव को हेल्थ एंड वेलनेस, तमन्ना और कुणाल वर्मा का स्पोर्ट्स कैप्टन, साक्षी सिंह को साइबर काउंसिल एंबेसडर, सिद्धांत कुमार को गणित विजार्ड, रिदिमा को विज्ञान विजार्ड, शौर्य प्रताप सिंह को केसी हाउस, प्राची गोयल को आके हाउस, शर्लिन को एसएन हाउस की जिम्मेदारी दी गई।

मोदी ही कर सकता है देश के गरीब, युवा, महिला और किसान का भला: कृष्णपाल गुर्जर

- हर ओर मोदी की लहर, देश में खिलेंगे 400 कमल : कृष्णपाल गुर्जर
- भाजपा और मोदी जी ने विकास के नए आयामों को छुआ : कृष्णपाल गुर्जर

देश रोजाना ब्यूरो, फरीदाबाद

देश की जनता अच्छे से जानती है कि भाजपा और मोदी जी ही देश के गरीब, युवा, महिला और किसान का भला कर सकते हैं, इसलिए देश की जनता ने मोदी जी को को मत देने का पक्का मन बना लिया है । हर ओर मोदी की लहर है और जनता के आशीर्वाद के दम पर 400 सीटों पर कमल खिलाएंगे और तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनायेंगे।

केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने एन.आई.टी के 3फ ब्लाक की आर.डब्लू.ए द्वारा आयोजित कार्यकम चाय पर चर्चा में कहा की मोदी जी को गरीब की चिंता है, आज गरीब के चेहरे पर मुस्कान मोदी जी की नीतियों के कारण आई है । देश के विकास पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि चाहे सड़कों की बात हो, चाहे रेलवे की बात, चाहे एयर कनेक्टिविटी की बात हो, हेल्थ की बात हो, नए एम्स और आई आई टी आई, आई एम, बनाने की बात हो, भाजपा और मोदी जी ने विकास के नए आयामों को छुआ है। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा, जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, सतीस फागना, राजन मुथरेजा अमित आहूजा पंडित सुरेन्द्र शर्मा आदि मुख्य तौर पर उपस्थित रहे। कृष्णपाल गुर्जर ने शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा, जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा के साथ पौधारोपण भी किया।

इस अवसर पर पंजाबी समाज ने राजकुमार वोहरा को जिला अध्यक्ष बनने पर कृष्णपाल गुर्जर का विशेष धन्यवाद दिया । जिस प्रकार अपने पंजाबी समाज का अध्यक्ष फरीदाबाद में बनाया है उसे पंजाबी समाज बहुत खुश और संतुष्ट है और पूरा पंजाबी समाज ज्यादा से ज्यादा संख्या में 25 मई को कमल के निशान का बटन दबाकर चौधरी कृष्ण पाल गुर्जर जी को 10 लाख से ज्यादा वोटो से जीत करने में पूर्ण सहयोग करेगा । पंजाबी समाज सदैव भाजपा संगठन और मनोहर लाल जी का ताउम्र इस बात के लिए आभारी रहेगा।

भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने कि फरीदाबाद में भाजपा उम्मीदवार कृष्णपाल गुर्जर के मुकाबले में कोई नहीं है । फरीदाबाद की जनता के आशीर्वाद से कृष्णपाल गुर्जर को 10 लाख से ज्यादा मतों से जीत दर्ज कर तीसरी बार संसद में पहुंचेंगे और और मोदी जी के 400 पार के नारे को पूर्ण करने में अपना अहम योगदान देंगे। इस अवसर पर उधोग मंत्री सीमा त्रिखा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कृष्णपाल गुर्जर फरीदाबाद के विकास पुरुष हैं और पिछले 10 वर्षों में फरीदाबाद का विकास करने में उन्होंने कोई कसर नहीं छोड़ी। फरीदाबाद की जनता भी कृष्णपाल गुर्जर को 10 लाख से ज्यादा मतों से जिताने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। इस अवसर पर आर.डब्लू. ए के प्रधान परविंदर सिंह, राजकुमार मदान, श्यमा सुंदर मुथरेजा, यशपाल जयसिंह, रितेश भाटिया ओमप्रकाश विरमानी, पी.डी. मुंजाल, राधेश्याम भाटिया, तरनजीत सिंह भाटिया, सुभाष मक्कड़, सुभाष चंद्र मेंहदीरत्ता जी, श्याम सुंदर मुथरेजा, अमन वोहरा, एडवोकेट वरुण, चंचल वोहरा, खुशबू शर्मा, सरिता, पंडित आत्म प्रकाश, अरुण वोहरा, संजय अरोड़ा, दीपक सेठी, हंसराज कुकरेजा, अणु, पंडित श्याम सुंदर, राजकुमार अरोड़ा, बब्बू मदान, संजय मदान, रमेश मदान, अरुण गुप्ता, सरदार सोढ़ी आदि उपस्थित रहे।

न्यूज डायरी

85 बसों का चालान और 17 बस को किया गया इंपाउंड

देश रोजाना ब्यूरो, फरीदाबाद। यातायात व्यवस्था सुधार सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के अंतर्गत के चेकिंग अभियान में दो दिनो मे यातायत नियमों का उल्लंघन करने वाले 152 स्कूल बस चालकों के चालान किए गए और 22 बसों को इंपाउंड किया गया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि फरीदाबाद पुलिस द्वारा सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत स्कूल बसों की लगातार चेकिंग की जा रही है। यातायात पुलिस उपायुक्त के अनुसार दुर्घटनाओं पर काबू पाने के लिए सड़क सुरक्षा के नियमों की पालना करना अति आवश्यक है।यातायात पुलिस रोजाना चौक-चौराहों पर ऐसी बसों को रोककर चालान कर रही है। फरीदाबाद पुलिस द्वारा कल 85 बसों का चालान किया गया और 17 बस इंपाउंड की गई वहीं आज अभी तक 67 बसों का चालान किया जा चुका है और 5 बसें इंपाउंड की जा चुकी हैं। स्कूल बसो की समय-समय पर चेकिंग की जाती है जिसमें वर्ष 2023 में 1162 स्कूल बस चालको के चालान किए गए थे वही इस वर्ष जनवरी से 10 अप्रैल तक करीब 105 बसो के चालान किए जा चुके हैं।

विधायक ने गांव-गांव जाकर किया जनसंपर्क

देश रोजाना ब्यूरो, फरीदाबाद। तिगांव विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक राजेश नागर ने विजय संकल्प रैली की सफलता के लिए दर्जन भर गांव में पहुंचकर लोगों को निर्मंत्रित किया। उन्होंने कहा कि 14 अप्रैल को आयोजित होने वाली विजय संकल्प रैली की सफलता से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 400 पार नारे को शक्ति मिलेगी। उन्होंने सभी से भाजपा उम्मीदवार केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर को वोट देकर तीसरी बार जिताने की अपील की। 14 अप्रैल को सेक्टर-31 एत्मादपुर में विजय संकल्प रैली का आयोजन होना है, जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में पहुंच रहे हैं। इस रैली की सफलता के लिए भारतीय जनता पार्टी के संगठन ने पूरी शक्ति लगा रखी है। वैसे भी मुख्यमंत्री सैनी की ताजपोशी के बाद फरीदाबाद में यह पहली रैली है, जिसकी सफलता फरीदाबाद लोकसभा में जीत तय करेगी। इसी के तहत विधायक राजेश नागर ने तिगांव विधानसभा क्षेत्र के गांवों पलवली, बादशाहपुर, ददसिया, किडावली, टिकावली रिवाजपुर, कांवरा, राजपुर कलां, अलीपुर तिलोरी, अमीपुर चीरसी आदि गांवों में जनसंपर्क किया।

नवजात बच्ची को बैग में डालकर लावारिस छोड़ा

हर्ष खटाना, देश रोजाना, गुरुग्राम। सिविल लाइंस थाना एरिया में नवजात बच्ची को बैग में डालकर झाड़सा चौक पर लावारिस छोडने का शर्मसार करने का मामला सामने आया है। मॉर्निंग वॉक कर रहे एक शिक्षक ने बच्ची के रोने की आवाज सुनी तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी और बच्ची को निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जिसके बाद पुलिस बच्ची को सेक्टर-10 के सिविल अस्पताल लेकर गए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-15 पार्ट-1 में रहने वाले शिक्षक नीरज सलूजा शुक्रवार को मॉर्निंग वॉक पर थे। करीब सवा सात बजे वे झाड़सा चौक पहुंचे तो उन्हें रोने की आवाज सुनाई दी। उन्होंने नजदीक जाकर देखा तो एक बैग के अंदर चुन्नी में लिपटी हुई बच्ची मिली। जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी और बच्ची को लेकर निजी अस्पताल पहुंचे। जहां से पुलिसकर्मी बच्ची को सेक्टर-10 के सिविल अस्पताल ले गई। चिकित्सकों ने जांच करने के बाद बताया कि बच्ची का जन्म कुछ ही घंटे पहले हुआ था और वह अब पूरी तरह से स्वस्थ है। नीरज सलूजा ने बताया कि बच्ची के माता पिता ने जानबूझ कर बच्ची को सूनसान जगह पर फैंक दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जांच अधिकारी ने कहा कि पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला जा रहा है।

युवक के सिर में ईंट मारकर हत्या

हर्ष खटाना, देश रोजाना, गुरुग्राम। बादशाहपुर थाना एरिया के गांव नूरपुर में एक युवक की ईंट से सिर कुचलकर हत्या करने का मामला सामने आया है। सूचना मिलने पर पुलिस सहित फॉरेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड मौके पर पहुंचे। पुलिस मामले में छानबीन कर रही है। समाचार लिखे जाने तक युवक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक, मृतक की उम्र करीब 32 साल है। प्रारंभिक जांच के दौरान सामने आया है कि शव के पास ही कुछ शराब की बोतलें व गिलास पड़े हुए थे। ऐसे में माना जा रहा है कि मृतक ने अपने साथियों के साथ मिलकर यहां शराब पी होगी और शराब पीने के दौरान उनमें किसी बात को लेकर विवाद हो गया होगा जिसके कारण इस वारदात को अंजाम दिया गया है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हुई है। आसपास के लोगों से इसकी पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस की फॉरेंसिक टीम ने मौके से गिलास और शराब की बोतल से फिंगरप्रिंट लिए हैं। मृतक की पहचान कराने के साथ ही आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही पूरी वारदात का खुलासा कर दिया जाएगा।

वाहन चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

देश रोजाना ब्यूरो, फरीदाबाद। थाना पल्ला की पुलिस टीम पुलिस चौकी नवीन नगर ने वाहन चोरी करने वाले 2 आरोपियो को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियो में रविंद्र और मोहित का नाम शामिल है। आरोपी रविंद्र भीम नगर हापुड़ उत्तर प्रदेश का तथा आरोपी मोहित संगम विहार लोनी गाजियाबाद का रहने वाला है। आरोपी रविंद्र आरोपी मोहित का भंजा है। पुलिस टीम के द्वारा आरोपियों को हापुड जेल से प्रोडक्शन पर लेकर गिरफ्तार किया गया है।

मंडी में फसल उठान का काम तेजी से हो : एसडीएम सोनू भट्ट

- सोहना एसडीएम ने अनाज मंडी का दौरा कर फसल उठान के कार्य का लिया जायजा

देव चौहान, देश रोजाना

गुरुग्राम। एसडीएम सोनू भट्ट ने कहा है कि अनाज मंडी से फसलों का उठान तीव्रता से किया जाए। मंडी में फसल पड़ी रहने के कारण यहां का खरीद कार्य काफी प्रभावित हो रहा है। सोहना एसडीएम शनिवार को हैफेड, हरियाणा वेयरहाउस कापोरेंशन तथा मार्केट कमेटी अधिकारियों के साथ सोहना अनाज मंडी का दौरा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मंडी में फसल का उठान नहीं होने की वजह से चारों तरफ गेहूं, सरसों की ढेरियां लगी हुई हैं। जिससे गांव से फसल बिक्री के लिए आ रहे किसानों को परेशानी हो रही है। मार्केट कमेटी सचिव सुनीता ने एसडीएम को बताया कि इस बार वेयरहाउस का लिफ्टिंग का टेंडर देरी से हुआ है। जिस कारण यह कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। अब टेंडर हो चुका है और सोमवार से नियमित रूप से फसल उठान का काम शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि अब तक मंडी में 17 हजार 195 क्विंटल गेहूं और 41 हजार 743 क्विंटल सरसों की खरीद हो चुकी है।एसडीएम ने कहा कि अनाज खरीद के दौरान किसानों की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाए। उनकी फसल का समय पर भुगतान होना चाहिए। इस अवसर पर हैफेड के एमओ विकास, वेयरहाउस से घनश्याम, मार्केट कमेटी से प्रदीप शर्मा, वीरेंद्र, भूपेंद्र सिंह, राजकुमार, आढ़ती राजेश, सौरभ, सुमित आदि मौजूद रहे।

आदर्श आचार संहिता और डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट के तहत नगर निगम की कार्रवाई

- राजनीतिक पार्टियों के होर्डिंग, बैनर, पंपलेट, स्टिकर हटाए गए

देव चौहान, देश रोजाना

गुरुग्राम। जिला में लागू आदर्श आचार संहिता व डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत विभिन्न स्थानों पर लगाए जाने वाले राजनीतिक पार्टियों के होर्डिंग, बैनर, स्टीकर व पंपलेट हटाने के साथ ही दीवारों पर लिखे नारों व स्लोगनों को साफ करने में अलग-अलग टीमें जुटी हुई हैं। नगर निगम गुरूग्राम के अतिरिक्त आयुक्त एवं एमसीसी नोडल अधिकारी डॉ. बलप्रीत सिंह द्वारा समय-समय पर इस मामले में समीक्षा भी की जा रही है। जिला में अलग-अलग क्षेत्रों के लिए अलग-अलग अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है कि उनके क्षेत्र में राजनीतिक पार्टियों से संबंधित किसी भी प्रकार की प्रचार सामग्री नहीं होनी चाहिए। अगर कहीं पर होर्डिंग, बैनर आदि लगाए जाते हैं, तो तुरंत उन्हें हटाने की कार्रवाई की जा रही है। डॉ. सिंह ने बताया कि सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में लगातार निगरानी बनाए हुए हैं तथा प्रतिदिन की रिपोर्ट वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से भेज रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से भी अपील करते हुए कहा कि अगर उन्हें कहीं पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन मिलता है, तो सी-विजिल एप के माध्यम से शिकायत भेजें। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को भी स्पष्ट निर्देश दिए हुए हैं कि प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अगर किसी भी अधिकारी की कोताही या लापरवाही पाई जाती है, तो उसके खिलाफ नियमानुसार

निर्देश

ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 के तहत बल्क वेस्ट जनरेटरों को स्वयं कचरा निष्पादन करना अनिवार्य

कचरा प्रबंधन की जिम्मेदारी निभाएं सभी बल्क वेस्ट जनरेटर : निगमायुक्त

- नियमों का पालन नहीं करने वालों पर की जाएगी कार्रवाई, लगेगा भारी जुर्माना

देव चौहान, देश रोजाना

गुरुग्राम। नगर निगम गुरूग्राम के आयुक्त डॉ. नरहरि सिंह बांगड़ ने कहा कि निगम सीमा में स्थित सभी रिहायशी सोसायटियों के प्रबंधक या आरडब्ल्यूए, औद्योगिक, वाणिज्यिक व संस्थागत प्रॉपर्टीज के प्रबंधक, होटल, मैरिज पैलेस आदि के मालिक कचरा प्रबंधन की जिम्मेदारी निभाएं।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा लागू ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 में प्रतिदिन 50 किलोग्राम या इससे अधिक कचरा उत्पन्न करने वालों को बल्क वेस्ट जनरेटर की श्रेणी में रखा गया है। नियम के तहत उनकी कचरा निष्पादन की जिम्मेदारी भी तय की गई है। बल्क वेस्ट जनरेटरों को अपने यहां से निकलने वाले कचरे का निष्पादन अपने ही परिसर में खुद करना अनिवार्य है।

नगर निगम गुरूग्राम द्वारा बल्क वेस्ट जनरेटरों की सहायता के लिए विभिन्न एजेंसियों को एंपैनल किया गया है साथ ही एक ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन पोर्टल भी चल रहा है। बीडब्ल्यूजी इस पोर्टल पर अपना पंजीकरण करें तथा एंपैनल एजेंसियों की जानकारी लेकर उनकी सहायता कचरा प्रबंधन के लिए लें। ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 के तहत बल्क वेस्ट जनरेटरों को अपने यहां उत्पन्न होने वाले कचरे को गीले, सूखे व हानिकारक तीन श्रेणियों में अलग-अलग करना अनिवार्य है।

गीले कचरे से अपने ही परिसर में खाद या बायोगैस बनाने की व्यवस्था करें तथा सूखा व हानिकारक कचरा अधिकृत रिसायकलर के माध्यम से निष्पादित करना सुनिश्चित करें। अगर बल्क वेस्ट जनरेटर ऐसा नहीं करते हैं, तो उन पर भारी जुमार्ना लगाया जाएगा। यह जुमार्ना लगातार भी किया जा सकता है। इसके अलावा, अन्य कानूनी प्रावधान भी लगाए जाएंगे।निगमायुक्त ने गुरूग्राम में स्थित सभी बल्क वेस्ट जनरेटरों से आह्वान किया कि वे मेरा कचरा-मेरी जिम्मेदारी का पालन करें तथा गुरूग्राम के कचरा प्रबंधन में अपना योगदान दें क्योंकि यह उनकी नैतिक जिम्मेदारी भी है और नियम के तहत भी उनकी जिम्मेदारी तय की गई है।

उन्होंने कहा कि नगर निगम गुरूग्राम बंधवाड़ी में कचरा निष्पादन का कार्य तेज गति से कर रहा है, लेकिन निगम क्षेत्र में 50 प्रतिशत से अधिक कचरा बल्क वेस्ट जनरेटरों द्वारा उत्पन्न किया जाता है। अगर बल्क वेस्ट जनरेटर अपने स्तर पर इस कचरे का निष्पादन करते हैं, तो शेष 50 प्रतिशत कचरे का निष्पादन करने में और अधिक तेजी आएगी तथा बंधवाड़ी में कचरे को खत्म किया जा सकेगा।

जिले भर में निजी स्कूलों की बसों के कागजात देखने की मुहिम चली

निजी बसों की फिटनेस, बीमा और अन्य दस्तावेज जांचती टीम।

बावल क्षेत्र में निजी स्कूलों की दस बसें इंपाउंड

कौशिक, देश रोजाना, बावल। उधर बावल के एसडीएम मनोज कुमार, रेवाड़ी के मोटर वाहन अधिकारी नरेश कुमार और डीएसपी बावल नरेन्द्र सांगवान के नेतृत्व में शनिवार को बावल के काफी निजी स्कूलों में वाहनों की जांच की गई। बाद में एसडीएम मनोज कुमार ने बताया कि मुख्य सचिव की ओर से इस मुहिम को लेकर एक परिपत्र भेजा गया है, जिसमें सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के निर्धारित बिंदुओं के तहत निजी बसों की जांच की गई है। उन्होंने कहा कि बसों का फिटनेस और उनका बीमा काफी अहम होता है। अगर किसी वाहन या स्कूल बस का बीमा और फिटनेस प्रमाण पत्र पूर्ण नहीं तो यह कानूनी अपराध है। शनिवार को उनकी टीम ने बावल क्षेत्र के सूरज स्कूल, खंडोडा के राष्ट्रीय स्कूल, तिहाडा के के सी. आर इंटरनेशनल स्कूल और धरचाना के दिल्ली पब्लिक स्कूल एवं नंगली परसापुर के सर्वोदय स्कूल की बसों की जांच की। प्रतिदिन पांच निजी स्कूलों के वाहनों की फिटनेस जांच और दस्तावेज जांच होगी। इस जांच को लेकर मोटर वाहन अधिकारी नरेश कुमार ने कहा कि कुछ बसों को इम्पाउंड किया गया है, जिनमें अकेले आज दस बसों को जब्त किया गया है। इनमें सर्वोदय स्कूल और दिल्ली पब्लिक स्कूल और राष्ट्रीय स्कूल की बसें शामिल हैं। इसके अलावा कुछ बसों का यातायात नियमों की अवहेलना करते पाए जाने पर चालान भी किया गया है। इतना ही नहीं टीम आने की सूचना के बाद भी निजी स्कूलों की कुछ बसें स्कूल से बाहर थी, जिनको स्कूल में वापस बुलाने के लिए आदेश दे दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसी बसों की सुरक्षित वाहन पॉलिसी के तहत जांच जारी रहेगी। खबर भेजे जाने तक यह टीम अपने काम में जुटी है।

- एसडीएम के मार्गदर्शन में आरटीए, पुलिस और शिक्षा विभाग की टीमें अब अलर्ट मोड में

धनेश विद्यार्थी, देश रोजाना

रेवाड़ी। गत गुरुवार को कनीना के पास उन्हाणी में हुए निजी स्कूल बस हादसे के बाद जिला प्रशासन हरकत में आ गया है।

राज्य मुख्यालय से विडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़ने बाद जिले में अब प्रशासन हरकत में है। पुलिस, आरटीए और शिक्षा विभाग के टीमें निजी स्कूलों के भीतर तक पहुंच गई हैं। स्कूली बच्चों को लाने और वापस ले जाने वाले वाहनों की फिटनेस, चालक के डाटा, अन्य दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं। खास यह है कि पुलिस निजी स्कूल मालिकों से सरकारी सभी नियम पूरे होने तथा गलत जानकारी नहीं देने संबंधी शपथ ले रही है। कल सभी जिलों के प्रशासनिक अधिकारियों की मुख्य सचिव के साथ हुई विडिओ कॉन्फ्रेंस मीटिंग के बाद हरियाणा के सभी जिलों को मुख्य सचिव की तरफ से जरूरी आदेश दिए गए।

बाइक चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

धनेश विद्यार्थी, देश रोजाना, रेवाड़ी। चौकी गोकल गेट पुलिस ने बाइक चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान आरोपी गांव हरिनगर निवासी गौरव के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई बाइक को बरामद कर लिया है। मोहल्ला नई बस्ती रेवाड़ी निवासी सुनील कुमार ने अपनी शिकायत में बताया की दिनांक 08 अप्रैल 2024 को शाम के समय उसने अपनी बाइक को अपने मकान के बाहर खडी किया था। जिसे कोई नाम पता ना मालूम व्यक्ति चोरी करके ले गया है। जिस पर पुलिस ने थाना शहर रेवाड़ी में चोरी का मामला दर्ज करके जांच शुरू की थी। जो जांच के बाद पुलिस ने शुक्रवार को मामले में आरोपी गांव हरिनगर निवासी गौरव को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई बाइक को बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को पेश अदालत कर न्यायिक हिरासत में भेजा दिया है।

न्यूज डायरी

प्रतियोगिता में 200 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

देश रोजाना ब्यूरो, फरीदाबाद। श्रीराम स्पोर्ट्स अकादमी और भारत विकास परिषद रेवाड़ी शाखा के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को एक निजी स्कूल के सहयोग से ताइक्वांडो प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें विभिन्न स्कूलों और अकादमी के लगभग 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि नवीन सैनी और विशिष्ट अतिथि रमेश सचदेवा ने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने कहा कि किसी प्रतियोगिता में जीत मायने नहीं रखती बल्कि प्रतियोगिता में भाग लेना और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन ही एक अच्छे खिलाड़ी की पहचान है। इस प्रतियोगिता में ओवर आल चैंपियन राज स्कूल की टीम, द्वितीय स्थान पर ताइक्वांडो चैंपियन अकादमी, रोहतक जबकि तृतीय स्थान पर डीपीएस स्कूल बावल और वृंदावन इंटरनेशनल स्कूल रही। इस प्रतियोगिता के दौरान नेशनल टीम के कोच सुनील कुमार और अशोक कुमार, दिल्ली यूनिवर्सिटी के कोच अनिल पाल की सराहनीय उपस्थिति रही जबकि दिलीप डाबला, मनीष कुमार, आशीष, तरुण कुणाल आदि तकनीकी अधिकारियों ने अपनी भूमिका निभाई। इस मौके पर भारत विकास परिषद के जिला अध्यक्ष मुकेश गोकल व रेवाड़ी शाखा के अध्यक्ष दिनेश सैनी, सचिव हुकुमचंद प्रजापत, कोषाध्यक्ष रामकिशोर सैनी, डा. दीपक सैनी और योगेश शर्मा भी उपस्थित रहें।

जागरुकता ही साइबर अपराध से बचने का सबसे बेहतर उपाय : एसपी सावन

धनेश विद्यार्थी, देश रोजाना, रेवाड़ी। साइबर अपराधी अपराध करने के हर दिन नए नए तरीके अपना रहे हैं। जागरूकता से ही साइबर अपराधियों के चंगुल में आने से बचा जा सकता है। पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी श्री शशांक कुमार सावन भा.पु.से. ने जानकारी देते हुए बताया कि आमजन को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने हेतू जिला पुलिस द्वारा समय समय पर अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा हैं। साइबर अपराधों से बचने के लिए जागरुकता व सतर्कता ही सबसे बडा हथियार है। आमजन जागरूकता से ही साइबर अपराधियों के चंगुल में आने से बच सकते हैं। यदि इसके बावजूद भी साइबर क्राइम के शिकार होते हैं तो तुरन्त भारत सरकार द्वारा जारी साइबर क्राइम हेल्पलाइन नं0 1930 पर कॉल करके तथा वेबसाइट पोर्टल पर शिकायत दर्ज करने पर आपका पैसा सुरक्षित वापिस आ सकता है।

स्वास्थ्य जांच शिविर 15 को

धनेश विद्यार्थी, देश रोजाना, रेवाड़ी। रविवार को प्रजापति सभा, कुतुबपुर 15 अप्रैल को फ्री स्वास्थ्य जांच शिविर प्रजापति धर्मशाला, कुतुबपुर में आयोजित करेगी। जिसमें उजाला सिग्नेस अस्पताल की टीम स्वास्थ्य जांच सुविधा उपलब्ध कराएगी। प्रजापति सभा के प्रधान संजय प्रजापति ने यह जानकारी दी।

जिला में स्वीप गतिविधियों का सिलसिला जारी

धनेश विद्यार्थी, देश रोजाना, रेवाड़ी। जिला प्रशासन की ओर से जिला में 18 वें लोकसभा आम चुनाव में 100 प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को हासिल करने के लिए डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा के मार्गदर्शन में स्वीप गतिविधियां आयोजित कर मतदाताओं को जागरूक करने का सिलसिला निरंतर जारी है। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार रेवाड़ी प्रशासन की ओर से लोकसभा आम चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बावल व रेवाड़ी विधानसभा क्षेत्र तथा रोहतक लोकसभा क्षेत्र में आने वाले वाले कोसली विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की स्वीप (व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी) गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को प्रभावी रूप से जागरूक किया जा रहा हैं। जिला प्रशासन की ओर से नागरिकों को जगह-जगह मातदाता जागरूकता सेल्फी पॉइंट व स्टैंड़ी के माध्यम से बढ़चढ़कर मतदान करने का संदेश दिया जा रहा है। जिला प्रशासन का एक ही लक्ष्य है कि कोई मतदाता मतदान के अधिकार से वंचित न रहे।

अवैध हथियार सहित आरोपी गिरफ्तार

देश रोजाना ब्यूरो, फरीदाबाद। अपराध शाखा सेक्टर-56 प्रभारी शिशपाल की टीम ने देशी कट्टे व जिंदा रोंद सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी रौनक(20) गावं नहेदा पुन्हाना का रहने वाला है। आरोपी को अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से सीकरी में नाका लगाकर काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से देशी कट्टा व जिंदा रोंद बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-58 में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया की आरोपी देशी कट्टे को आगरा के एक व्यक्ति से 5000/-रु में लेकर आया था। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी पहले राजस्थान में वाहन चोरी के मुकदमें में जेल जा चुका है। जहां से आरोपी जमानत पर चल रहा है। जो आरोपी ने चोरी की वारदातों को अनजाम देते समय लोगो में भैय बनाने के लिए देशी कट्टे को खरीदा था। आरोपी के संबंध में संबंधित राजस्थान पुलिस को सूचना भेजी जा रही है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

नियम विरुद्ध प्रचार सामग्री छापने पर होगी कड़ी कार्रवाई : डीसी

धनेश विद्यार्थी, देश रोजाना

रेवाड़ी। शनिवार को उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने जिला के प्रिंटिंग प्रेस मालिकों को निर्देश देते हुए कहा कि वे बिना जांच पड़ताल और नियमों के विरूद्ध जाकर कोई भी चुनाव प्रचार सामग्री नहीं छापें। चुनाव के दौरान मुद्रक और प्रकाशक के नाम के बिना चुनाव से संबंधित पम्पलेट व पोस्टर आदि छापना जनप्रतिनिधि अधिनियम 1951 की धारा 127 ए का उल्लंघन है और ऐसा करने वाले मुद्रक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा-188 के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

उन्होंने प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को यह भी निर्देश दिए हैं कि चुनाव से संबंधित हर सामग्री पर मुद्रक व प्रकाशक का नाम अवश्य छापें। उन्होंने कहा कि भारतीय चुनाव आयोग ने लोकसभा उम्मीदवारों के खर्च की सीमा निर्धारित की हुई है इसलिए यह जरूरी है कि उनके पम्पलेट व पोस्टर आदि के खर्च का भी पूरा हिसाब किताब रहे।

उन्होंने कहा कि ऐसे पोस्टर व पम्पलेट आदि छापने के बाद उनकी एक प्रति जिला मजिस्ट्रेट को भेजनी होगी और राज्य स्तर पर मुख्य चुनाव अधिकारी को भेजकर यह बताना होगा कि अमुक व्यक्ति ने चुनाव से संबंधित कितनी संख्या में पोस्टर अथवा पम्पलेट छपवाए हैं और उनके खर्च का भी विवरण देना होगा। उन्होंने कहा कि प्रति से छायाप्रति करना भी इसी श्रेणी में आता है। चुनाव पम्पलेट/पोस्टर का अर्थ प्रचार के लिए प्रयोग किए जाने वाले उन सभी कागजातों से है, जिनमें किसी भी राजनैतिक दल या लोकसभा चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार से संबंधित प्रचार की जानकारी हो।

रेवाड़ी और बावल अनाज मंडी में जारी रहेगी सरसों खरीद

- जिला प्रशासन ने जारी किया आगामी रोस्टर
- एसडीएम एवं प्रशासक मार्केट कमेटी रेवाड़ी विकास यादव ने दी जानकारी

धनेश विद्यार्थी, देश रोजाना

रेवाड़ी। एसडीएम एवं प्रशासक मार्केट कमेटी रेवाड़ी विकास यादव ने बताया कि किसानों की सुविधा के लिए रेवाड़ी व बावल स्थित नई अनाज मंडी में किसानों की सरसों की सरकारी खरीद सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य 5650- रुपए प्रति क्विंटल की दर से जारी किए गए गावों के रोस्टर के हिसाब से की जाएगी ताकि किसानों को समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे अपनी बारी अनुसार ही अपनी फसल को मंडियों में बचने के लिए लाएं।

प्रशासक मार्केट कमेटी ने किसानों से आह्वान किया कि वे अपनी सरसों की फसल को अच्छी तरह सुखाकर व साफ करके जिस दिन उनके गांव का नम्बर हो उसी दिन सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक किसी भी समय ला सकता है। उन्होंने बताया कि जिन किसानों ने अपना रजिस्ट्रेशन ई-खरीद में मेरी फसल मेरा ब्यौरा पर करवाया हुआ है केवल वही किसान अपनी सरसों लेकर आएं ताकि किसानों को को अपनी सरसों बेचने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने स्पष्ट किया कि गेट पास कटवाने के लिये किसान अपना आधार कार्ड अवश्य साथ लेकर आएं।

इस प्रकार रहेगा रेवाड़ी और बावल अनाज मंडी का रोस्टर

एसडीएम एवं प्रशासक मार्केट कमेटी रेवाड़ी ने बताया कि 15 अप्रैल को नैनसुखपुरा (मुण्डावास), गंगायचा जाट, मस्तापुर, टहना दीपालपुर, बासदूदा, मनेठी, पाडला, नांगल जमालपुर, नन्दरामपुरबास, मालहेडा, कापडीवास, रोजका, बालियर कलां, बालियर खुर्द, बिहारीपुर, डाबडी, पातुहेडा, झाबुआ, बीड झाबुआ, खिजूरी, 16 अप्रैल को मसानी, खटावली, खलियावास, खोल, मंदौला, बोहका, श्रीनगर, कोलाना, उंचा, रसूली, ततारपुर खालसा, जोनियावास, गुरदास माजरा, कोनसीवास, भटेडा, देहलावास, गुलाबपुरा, टांकडी, दुल्हेडा कलां, दुल्हेडा खुर्द, बखापुर, 17 अप्रैल को नांगल, मूंदी, बटौडी, खालेटा, कढ़ू, प्राणपुरा उर्फ गोपालपुर, नंगला मायण, मायण, अहरोद, गोबिन्दपुरी, चिताडूंगरा, माजरा मुस्तिल भालखी, भालखी, पाली, गोठडा टप्पा खोरी, रोलियावास, आलियावास, बावना गुर्जर, ढाणी सांतो, कुण्डल, खरखडी भीवा, 18 अप्रैल को जौनावास, डयोडई, भवाडी, छुरियावास, गुमीना, मैलावास, राजपुरा ईस्तमुरार, शहबाजपुर ईस्तमुरार, लालपुर, डवाना, बिठवाना, धामलाका, देवलावास, बैरियावास, आलमगीरपुर, राजगढ, लोधाना, पिथनवास, बखापुर, 19 अप्रैल को जडथल, साल्हावास, आसियाकि टप्पा जडथल, खिजूरी निखरी, रालियावास, डूंगरवास, मुण्डियाखेडा, लाधूवास गुर्जर, काठूवास, माजरी दूदा, घटाल महनियावास, गढी अलावलपुर, हांसाका, सुलखा, कमालपुर, बावल तथा 20 अप्रैल को रेवाड़ी, नयागावं दौलतपुर, ढालियावास, झांझनवास, पिवरा, खातीवास, पोखरपुर, कुतुबपुर मौला के किसानों की सरसों की पैदावार की निर्धारित एमएसपी पर खरीद की जाएगी। यदि कोई किसान किसी कारण से आपने शैड्यूल में सरसों नहीं बेच पाया है तो वह किसान शनिवार 20 अप्रैल को अपनी फसल बेच सकता है।

विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता : एसडीएम

- एसडीएम विकास यादव ने ली अधिकारियों व प्रिंसिपल की बैठक
- सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की अवहेलना पर तत्काल होगी कड़ी कार्रवाई

धनेश विद्यार्थी, देश रोजाना

रेवाड़ी। एसडीएम रेवाड़ी विकास यादव ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। एसडीएम ने शनिवार को विद्यार्थियों के लिए घर से स्कूल तक सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने के लिए आयोजित बैठक में 15 स्कूल परिवहन सुरक्षा निरीक्षण टीम का गठन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। टीम में विद्यालयों के प्राचार्य, नायब तहसीलदार, पुलिस कर्मचारी व लिपिक-डाटा एंट्री ऑपरेटर को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से गंभीर है।

एसडीएम ने स्कूल परिवहन सुरक्षा निरीक्षण टीम को निर्देश दिए कि वे स्कूल वाहनों में ड्राइवर के पास 5 वर्ष के अनुभव के साथ वैद्य ड्राइविंग लाइसेंस, वैद्य कंडेक्टर-एटेंडेंट लाइसेंस, चालक व परिचालक की नेम प्लेट लाइसेंस नंबर के साथ उनकी वर्दी पर, वाहनों का वैद्य रजिस्ट्रेशन व फिटनेस प्रमाण पत्र, वैद्य रूट परमिट की अनुमति, मापदंड के अनुसार बसों का रंग, वैद्य इंश्योरेंस, पॉल्यूशन प्रमाण पत्र, वाहनों में मापदंडों के अनुसार स्पीड गवर्नर व जीपीएस लगा हो और ठीक से कार्य कर रहा हो, अग्निशमन यंत्र लगा हो, वाहनों के हॉन चालू हालत में हों, टायर की हालत अच्छी हो, ब्रेके व आपातकालीन ब्रेक सही हालत में हों, इंडीकेटर चालू हों, हेड व बैक लाइट चालू हों, बसों के आगे व पीछे रिफलेक्टर व रिफलेक्टिव टेप लगी हुई हो, वाइपर चालू हों, दवाईयों की समाप्ति तिथि चैक किया हुआ फर्स्ट एड बॉक्स लगा हो, वाहनों पर रूट बोर्ड तथा समय सारणी डिसप्ले हो, नंबर प्लेट निर्धारित मापदंड अनुसार लगी हो, बसों में टिनटेड ग्लास व पर्दे लगे हुए हैं या नहीं, बस के आगे व पीछे स्पष्टद्द अक्षरों में ऑन स्कूल ड्यूटी लिखा हुआ हो, पुलिस, चाईल्ड हेल्पलाइन नंबर, कंट्रोल रूम नंबर, वाहन मालिक का नंबर अंदर व बाहर दर्शाए गए हों, आईपी कैमरा कम से कम 15 दिन की रिकार्डिंग के साथ निर्धारित मापदंड व चालू हालत में हो, छात्राओं के लिए बस में महिला अटेंडेंट उपलब्ध है या नहीं का निरीक्षण करें और रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

एम-परिवहन एप पर चेक कर आमजन व अभिभावक भी कर सकते हैं शिकायत : एसडीएम विकास यादव ने आमजन व अभिभावकों से असुरक्षित स्कूल बसों को लेकर जागरूक होने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति सरकार द्वारा सार्वजनिक रूप से जारी की गई एम-परिवहन मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से स्कूल बसों की फिटनेस व दस्तावेजों की मान्यता चेक कर सकता है। इस एप पर किसी भी वाहन के पंजीकरण नंबर के जरिये उक्त वाहन की पूरी जानकारी मिल जाती है। अगर किसी स्कूल वाहन के दस्तावेज पूरे नहीं हैं या फिर उसकी तय अवधि पूरी हो चुकी है तो कोई भी व्यक्ति इसकी सूचना प्रशासन को दें सकते हैं। आमजन व अभिभावक असुरक्षित स्कूल वाहन की शिकायत पुलिस सेवा के डायल 112 पर भी कर सकते हैं। बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी रेवाड़ी सत्यपाल धूपिया, संबंधित एसएचओ, नायब तहसीलदार आदि मौजूद रहे।

केवाईसी ऐप से मतदाता देखें अपने उम्मीदवार की प्रोफाइल : डीसी

धनेश विद्यार्थी, देश रोजाना

रेवाड़ी। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने कहा कि लोकतंत्र में मतदाता सर्वोपरि होता है और मतदाता को सशक्त बनाने के लिए चुनाव आयोग ने तकनीक के युग में बड़े कदम उठाए हैं। चुनाव में मतदाता अपने लोकसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं की प्रोफाइल से अवगत हों, इसके लिए आयोग ने स्पेशल केवाईसी (नो योर कैंडिडेट) एप की शुरूआत की है जिसके मतदाता चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के नामांकन में दर्ज जानकारी को देख सकते हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा जारी ऐप के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए स्वीप गतिविधियों को संचालित किया जा रहा है। आयोग द्वारा केवाईसी एप शुरू की गई है जो चुनाव प्रक्रिया में काफी अहम रोल रखती है। इस ऐप के जरिये कोई भी व्यक्ति स्वयं के लोकसभा क्षेत्र ही नहीं बल्कि समूचे भारत की लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के नामांकन पत्र देख सकता है। उम्मीदवारों द्वारा नामांकन में दर्ज की गई विस्तृत जानकारी इस ऐप के माध्यम से देखी जा सकती है। नो योर कैंडिडेट (केवाईसी) नाम की यह ऐप गूगल प्ले स्टोर या एप्पल स्टोर से फ्री में डाउनलोड की जा सकती है। इस ऐप पर उम्मीदवार का नाम, पिता/पति, पार्टी, उम्र, लिंग, पता, राज्य, विधानसभा/लोकसभा की जानकारी मेन डिस्प्ले में दिखाई देती है। इसके साथ ही उम्मीदवार द्वारा नामांकन के दौरान दिया गया हलफनामा इस ऐप में अपलोड किया जाता है। मतदाता सीधे उम्मीदवार के हलफनामे में दी गई जानकारी प्राप्त सकते हैं। इसके अलावा ऐप पर चुनाव के दौरान सभी नामांकन, स्वीकार नामांकन, निरस्त हुए नामांकन और नाम वापस लेने वाले प्रत्याशियों की भी जानकारी मिलती है।

डालसा ने गांव संगवाड़ी में लगाया जागरुकता शिविर

धनेश विद्यार्थी, देश रोजाना

रेवाड़ी। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण ने गांव संगवाड़ी में बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 को लेकर जागरूकता शिविर आयोजित किया। लीगल सेल वालिंटियर मनोज यादव ने उक्त प्राधिकरण के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कौन कौन व्यक्ति इसकी सेवाओं का लाभ किस तरह ले सकता है।

केंद्र और प्रदेश सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। इनमें वृद्धावस्था सम्मान पेंशन 60 साल के बाद मिलती है तथा परिवार पहचान पत्र में आय वेरिफाई करना कि पति तथा पत्नी की आय 3 लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, लाडली पेंशन का लाभ कैसे लिया जाए, इसकी जानकारी दी गई।

इस शिविर में मुख्य अतिथि जिला बाल कल्याण अधिकारी वीरेंद्र सिंह यादव थे। उन्होंने बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के बारे में बताया कि भारत में शादी के लिए युवक की आयु 21 वर्ष जबकि युवती की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। इससे कम उम्र के बच्चों का विवाह, बाल विवाह की श्रेणी में आएगा, जोकि एक अपराध है। जिसके अंतर्गत 2 वर्ष तक कठोर कारावास या 1 लाख रुपए तक का जुमार्ना या दोनों हो सकते हैं।

दूल्हा दुल्हन दोनों दंडित हो सकते हैं, लेकिन महिला को कारावास की सजा नहीं होती। बाल विवाह में शामिल बच्चों के माता पिता, अभिभावक, पुजारी, दोनों पक्षों के रिश्तेदार व मित्र को भी दंडित किया जा सकता है। प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट इस नियम के तहत निषेधाज्ञा जारी कर सकता है। ऐसी शिकायत पुलिस, मजिस्ट्रेट, बाल विवाह निषेध अधिकारी एवम जिला मजिस्ट्रेट के पास की जा सकती है। उन्होंने बताया कि बाल विवाह से कम उम्र के किशोर - किशोरी के शारीरिक, मानसिक, मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक विकास में बुरा असर पड़ता है। बाल विवाह बच्चों के मानक अधिकारों का हनन है।

जागरुकता शिविर में ग्राम सरपंच रामसिंह छाबड़ी, सचिव समयपाल, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, ग्रामीण उत्तम पंच, कप्तान रामरतन, ओमप्रकाश, लाला राम सौदागर, नंदलाल पूर्व सरपंच, राम करण, रामफल, केदारनाथ, अजीत सिंह, बलवंत, योगेश, सत्य प्रकाश, कवल सिंह, नरवीर आदि मौजूद रहे।

महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया जागरूक

धनेश विद्यार्थी, देश रोजाना

रेवाड़ी। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के दिशा निर्देश पर महिलाओं/बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने व उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से दुर्गा शक्ति इंचार्ज एएसआई सुनीता और उनकी टीम ने शनिवार को फ्लैली ठरड कंपनी, आईएमटी बावल में विशेष कार्यक्रम आयोजित करके महिलाओं/बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों व उनसे बचाव, ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम, डायल 112 व दुर्गा शक्ति ऐप के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया।

इस विशेष जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम दुर्गा शक्ति टीम ने कंपनी

में काम करने वाली महिलाओं को उनकी सुरक्षा और उनके अधिकारों की जानकारी देकर जागरूक किया तथा महिलाओं को बताया कि हरियाणा पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा को लेकर सेफ सिटी कैपेन चलाया हुआ है। जिसके तहत प्रदेश में महिला सुरक्षा को लेकर ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम की भी शुरूआत की गई है।

अकेले में सफर करने वाली छात्राएं/महिलाएं हरियाणा 112 पर खुद को पंजीकृत करते हुए हरियाणा पुलिस द्वारा शुरू की गई इस सेवा का लाभ उठा सकती हैं। खुद को पंजीकृत करने के बाद /महिलाएं अपने सफर को सुरक्षित बना सकती है। सफर के दौरान हरियाणा पुलिस की टीम द्वारा महिला को तब तक ट्रैक किया जाता रहेगा, जब तक महिला अपने गंतव्य तक सुरक्षित नहीं पहुंच जाती। उन्होंने कंपनी में काम करने वाली महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि वे अधिक से अधिक संख्या में अपने आप को पंजीकृत करते हुए इसका लाभ उठाएं। पुलिस टीम ने कंपनी में काम करने वाली महिला कर्मचारियों को जानकारी देते हुए बताया कि महिला विरुद्ध अपराधों पर पुलिस द्वारा सख्ती से कार्रवाई की जा रही है।

हमारे देश का पढ़ा लिखा नौजवान बेरोजगार घूम रहा है: अखिलेश

गठबंधन प्रत्याशी मनोज कुमार की जनसभा को सम्बोधित किया

देश रोजाना ब्यूरो, बिजनौर

नगीना लोकसभा क्षेत्र के नहटौर मे इंडिया गठबंधन प्रत्याशी पूजन मनोज कुमार की चुनावी सभा को संबोधन करने पहुंचे।

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव कार्यक्रम में पहुंचे पर मंच मौजूद इंडिया गठबंधन कार्यकर्ताओ व पदाधिकारीयों द्वारा अखिलेश यादव का फूल मालाओ से स्वागत किया।कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने नगीना सुरक्षित लोकसभा शीट से प्रत्याशी मनोज कुमार के हक में वोट की अपील की। बिजनौर में 19 अप्रैल को पहले पहले चरण का मतदान होना है। पश्चिमी यूपी में नगीना लोकसभा सीट काफी अहम मानी जाती है आज यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव नगीना लोकसभा सीट से घोषित प्रत्याशी पूर्व जज मनोज कुमार हक में वोट की अपील करने कस्बा नहटौर के जैन इंटर कॉलेज के मैदान में पहुंचे।

अखिलेश को सुनने के लिए दूर-दराज से जन सैलाब उमड पड़ा कार्यक्रम में पहुंचे अखिलेश यादव ने सत्ता पर आसीन भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला उन्होंने कहा कि हमारे देश का पढ़ा लिखा नौजवान बेरोजगार घूम रहा है परीक्षा होने से पहले पेपर लीक हो रहे है। यह पेपर पेपर लीक नहीं हो रहा है इनको कराया जा रहा है जिससे भाजपा सरकार को रोजगार न देना पड़े। हमारे देश में किसानों को अपमान का सामना करना पड़ रहा है अपने हक के लिए सरकार से जो किसानों के हाथ में कानून बनाए थे सरकार ने अगर में सही कानून थे तो वापस क्यों लिए। वर्तमान सरकार 400 पार का नारा लगा रहे हो और सरकार बना रहे हो तो दिल्ली के मुख्यमंत्री को भेजना क्यों पड़ गया।

और उन्होंने कहा कि यह इंडिया गठबंधन कोई मामूली गठबंधन नहीं है यह इंडिया गठबंधन संविधान बचाना एवं लोकतंत्र की रक्षा करने के लिए इंडिया गठबंधन बना है इसलिए आने वाली 19 तारीख को नगीना लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी पूर्व जज मनोज कुमार के पक्ष में ही वोट करें और इंडिया गठबंधन के हाथों को मजबूत करें। इस दौरान नगीना विधायक मनोज पारस, नजीबाबाद विधायक हाजी तस्लीम अहमद, चांदपुर विधायक स्वामी ओमवेश, किरतपुर नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल मन्नान, पूर्व विधायक नईम उल हसन,सपा जिला अध्यक्ष अनिल यादव, कांग्रेस जिला अध्यक्ष शेरबाज पठान, मुजस्सिमजमा खाँ काँग्रेस प्रवक्ता पूर्व सांसद ओमवती देवी पूर्व, आईएएस आरके सिंह, राधा सैनी, प्रभा चौधरी, जावेद अख्तर, विधानसभा अध्यक्ष बहादुर अंसारी, सिकन्दर कस्यार, पप्पू अखलाक, पूर्व सांसद यशवीर सिंह धोबी, पूर्व चेयरमैन एडवोकेट मुनज्जम खा , पूर्व विधायक शेख सुलेमान,नजाकल, पूर्व चेयरमैन शेख कमरूल इस्लाम,मेराज अली अंसारी, एवं समस्त इंडिया गठबंधन कार्यकर्ता व पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

कोणार्क विद्यापीठ में मनाया गया 24वां स्थापना दिवस

देश रोजाना ब्यूरो, बागपत

कोणार्क विद्यापीठ में 24वां स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें विद्यालय की उपलब्धियां बच्चों के रूप में जो अलग-अलग क्षेत्र में विभिन्न पदों पर कार्यरत हैं के माध्यम से बच्चों को अवगत कराया गया। उन्हें भी जीवन में विभिन्न आयामों को प्राप्त करके अपने आप को विशिष्ट स्थान पर पहुंचने की प्रेरणा दी गई।

बच्चों ने अपनी कविताओं के माध्यम से कोणार्क के बारे में बताया। शिक्षिका राम तेवतिया ने कोणार्क विद्यापीठ में अपने 18 वर्ष के लंबे कार्यकाल का अनुभव साझा कर बताया कि पढ़ाई व अनुशासन के संबंध में कोणार्क का कोई सानी नहीं है। इस अवसर पर विद्यालय में बच्चों व अध्यापकों के बीच मिठाइयां वितरित की गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक देवेंद्र धामा ने इस पावन अवसर पर बच्चों व अध्यापकों के साथ अपने विचार साझा किये एवं भविष्य में विद्यालय और उपलब्धियां प्राप्त करेगा, ऐसी ईश्वर से कामना की। प्रधानाचार्य अतुल कुमार गोस्वामी ने भी इस अवसर पर विद्यालय के साथ अपने पूर्व अनुभव साझा किये। इस अवसर पर सभी शिक्षक गण मौजूद रहे।

जनरल डायर के आदेश पर चलाई गई थी गोलियां : दुष्यंत

देश रोजाना ब्यूरो, बागपत। जिलेभर में लोगों ने जलियावाला कांड की बरसी पर शहीद हुए देशभक्तों को याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। इस मौके पर युवा समाज सेवी दुष्यंत चौहान ने कहा कि तेरह अप्रैल का दिन आते ही देश को मिला एक पुराना जख्म हरा हो जाता है। 13 अप्रैल वर्ष 1919 को पंजाब के अमृतसर स्थित जलियावाला बाग में जब जनरल डायर ने कई मासूम लोगों पर गोलिया चलाने का आदेश दिया तो हजारों लोगों की मौत हो गई थी। इस बाग में बाहर से आए नागरिक इकट्ठा हुए थे, जो हर वर्ष होने वाले बैसाखी के जश्न के लिए पहुंचे थे। यहां पर तकरीबन दस मिनट तक बिना रूके गोलियां बरसाई गई थी। इस कांड में मरने वालों में हिन्दू, मुस्लिम व सिख सभी धर्मों के लोग शामिल थे। जब जनरल डायर के आदेश पर गोलियां बरसाई जा रही थी, उस समय कई लोग अपनी जान बचाने के लिए बाग में स्थित कुएं में कूद गये थे।

अंबेडकर शोभायात्रा 21 को फिरोजाबाद में

राशिद मैनेजर, देश रोजाना, फिरोजाबाद। भारतरत्न डा भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती पर 21 अप्रैल को भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जायेगा। जिसमें सर्व समाज के लोग शामिल होगें। कार्यक्रम के अध्यक्ष रवि आनंद ने पत्रकारों को बताया कि 14 अप्रैल को अंबेडकर की जयंती है और उस दिन गांवों में लोग अपने स्तर पर अनेक कार्यक्रम आयोजित होते है। सभी को साथ लेकर कार्यक्रम आयोजित करने के उद्देश्य से 21 अप्रैल को शोभायात्रा निकाली जायेगी। शोभायात्रा में कई झांकियां आकर्षण का केन्द्र रहेगी। शोभायात्रा नयी बस्ती अंबेडकर धर्मशाला से प्रांरभ होकर सैन्ट्रल चैराहा, रसूलपुर , सर्कुलर रोड, पुराना डाकखाना चैराह, रामलीला होते हुये कोटला चुंगी, सैलई, रैपुरा रोड होते हुये पुनः कोटला चुंगी के नगला करनसिंह में स्थित अंबेडकर कालेज में समापन होगा। जहॉ अतिथियों एंव झांकियों को लाने वाले एंव वरिष्ठ समाज सेवियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया जायेगा।

किसान की हत्या का खुलासा, आरोपित गिरफ्तार

अपमान का बदला लेने के लिए किया था मर्डर पहले शराब पिलाई फिर सर पर डंडा मारा

देश रोजाना ब्यूर, बागपत

बागपत के मलकपुर में हुई किसान की हत्या का पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। मामूली कहांसुनी के बाद आरोपित ने किसान की हत्या कर दी थी।

फिलहाल पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है और घटना में प्रयुक्त एक डंडा भी बरामद किया है। मृतक किसान के बेटे नितिन ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया था कि दाहा निवासी आनंदपाल ने उसके पिता की हत्या कर दी और शव को जंगल में ले जाकर फेंक दिया।

पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए खुलासे का प्रयास शुरू किया।आरोपित आनंदपाल को गिरफ्तार कर पूछताछ किया तो उसने बताया कि वह मलकपुर गांव में यशपाल से मिलने के लिए पहुंचा था यशपाल तब अपने दोस्तों के साथ ताश खेल रहा था। उसने शराब के लिए पैसे मांगे तो यशपाल ने सभी के बीच में उसे गाली- गलौच की और काफी बेइज्जती की थी। जिसका बदला लेने के लिए उसने यशपाल को बड़ौत ले जाकर पहले शराब पिलाई और फिर मलकपुर जाते वक्त उसके सिर पर डंडा मार कर उसकी हत्या कर दी थी।

देवी स्कंदमाता के जयकारों से गूंजे मंदिर

देश रोजाना ब्यूरो, बागपत। नवरात्र के पांचवे दिन मंदिरों में मां भगवती के पांचवे स्वरुप देवी स्कंदमाता की विधि- विधान के साथ पूजा- अर्चना की गई। इस दौरान मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा मंदिर स्कंदमाता की जय-जयकार के उद्घघोषों से गूंज उठा।समाजसेवी संजीव कुमार व मनोरमा श्रोती ने देवी स्कंदमाता की पूजा- अर्चना की और उनसे घर-परिवार व देश-समाज की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इस दौरान मंदिरों को बहुत ही भव्य तरीके से सजाया गया है, जिसकी रौनक देखते ही बनती है। सुबह से लेकर रात तक मंदिरों में श्रद्धालुओं का आना जाना लगा हुआ है और बाजार मां की चुनरी व व्रत के सामानों से सजे हुए हैं। जगह-जगह देवी के जागरण आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ रही है। पूजा-अर्चना के बाद मंदिरों में सभी को प्रसाद का वितरण किया गया।

विद्यार्थियों ने रैली निकाल मतदाताओं को दिया संदेश

राशिद मैनिजर, देश रोजाना

फिरोजाबाद। शनिवार को ईएलसी सहायक नोडल अधिकारी हिमांशु शर्मा ने बताया कि बिहारी नगर रहना स्थित सेंट एसडी मेमोरियल स्कूल के विद्यार्थियों को मतदान के महत्व की जानकारी दी।आगामी लोकसभा चुनाव के लिए निर्वाचन साक्षरता क्लब की गतिविधियों के जरिए लोकतंत्र के महापर्व में सहभागिता सुनिश्चित करने व लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन कर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया।

मतदान में सहभागी बनने का संकल्प लिया।गतिविधियों के माध्यम से सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में मतदान का महत्व भी बताया। साथ ही युवा, महिला और बुजुर्ग मतदाताओं से अन्य पर्व की भांति लोकतंत्र के महापर्व में भी अनिवार्य रूप से भागीदार बनने का आग्रह किया जा रहा है। विद्यार्थियों ने जागरूकता संदेश के माध्यम से मतदाताओं को प्रेरित किया और जागरूकता फैलाई।रैली का नेतृत्व करते हुए प्रबन्धक आशीष शर्मा ने कहा कि देश के संविधान ने प्रत्येक वयस्क को मतदान का अधिकार दिया है। इसलिए हमें अपने मताधिकार का उपयोग कर अपनी सरकार चुनने में अपनी भागीदारी अवश्य करनी चाहिए।प्रधानाचार्य नीतू शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों ने सुबह 8 बजे से 9 बजे तक रैली निकाली।विद्यार्थी विभिन्न गलियों में गए। हाथों में बोर्ड व पोस्टर के माध्यम से मतदाता जागरूकता रैली निकाली। बोर्ड व पोस्टर पर अंकित स्लोगन व संदेश के माध्यम से मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। हर मतदाता जागरूक, जिम्मेदार बने और अपने मताधिकार का सही उपयोग सुनिश्चित कर सकें। कार्यक्रम में ईएलसी सहायक नोडल अधिकारी हिमांशु शर्मा,प्रबंधक आशीष शर्मा,प्रधानाचार्य नीतू शर्मा,पीके गौतम,सोनम,सिमरन,पवन शर्मा,मधु श्याम,शैलेंद्र सिंह,कीर्ति यादव आदि रहें।

निजी होम्योपैथिक चिकित्सकों ने मनाई हैनीमैन जयंती

देश रोजाना ब्यूरो, बलरामपुर

स्थानीय तुलसीपार्क में जनपद के निजी होम्योपैथिक चिकित्सको की उपस्थित में पूर्व राज्यमंत्री एवं सदर विधायक पल्टूराम के मुख्य अतिथि में गत वर्षो की भांति इस बार भी होम्यों पैथिक चिकित्सा पद्धति के जनक हैनीमैन की 270वीं जयंती मनाया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ चिकित्सक डा.दिलीप कुमार सिंह ने किया तथा वे हैनीमैन जी के जीवन पर विस्तृत प्रकाष डाला तथा कहा कि उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता वे एक महात्मा स्वरूप थे। सर्वप्रथम पूर्वमंत्री ने हैनीमैन के मूर्ति पर माल्यार्पण करके उनके जयंती पर बोलते हुये कहा कि हमारे समाज में दिन प्रतिदिन होम्योपैथिक को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होने कहा कि हौम्योपैथिक दवाएं हानिरहित पीडा रहित है। कार्यक्रम के आयोजक वरिष्ठ चिकित्सक डा.सतीष सिंह ने आये हुये मुख्य अतिथि सदर विधायक पल्टूराम सहित चिकित्सको को सम्मानित करके प्रमाण पत्र व अंगवस्त्र दिया गया। इस जयंती अवसर पर डा.षिवाली सिंह, डा.संतोष पांडेय, डा.अखिलेष उपाध्यय, डा.एके बोस, डा.अभिषेक श्रीवास्त, डा.अनंत श्रीवास्तव, डा.संजू चैहान एवं ऐरिया सेल्स मैनेजर, धीरज कुमार मिश्र ने भी अपना विचार व्यक्त किया। अंत में आयोजक डा.सतीष सिंह ने आये हुये अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

पत्रिका का लोकार्पण समारोह इंटर कॉलेज खेकड़ा के प्रांगण में आयोजित हुआ

पत्रिका भेंट की गई

देश रोजाना ब्यूरो, खेकड़ा

अखिल भारतवर्षीय धर्म संघ खेकड़ा के तत्वाधान में प्रतिवर्ष प्रकाशित होने वाली व्रतोत्सव तिथि पत्रिका का लोकार्पण समारोह नगर के अवार्चीन इंटर कॉलेज खेकड़ा के प्रांगण में आयोजित किया गया।

समारोह का शुभारंभ शिक्षाविद राजेंद्र शर्मा, राकेश शर्मा, कुलदीप शर्मा, डॉ अभिषेक शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष मंत्रों उच्चारण के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। शानिवार को राजेंद्र शर्मा ने कहा कि धर्म संघ खेकड़ा द्वारा नगर एवं क्षेत्र में समय-समय पर धार्मिक- सामाजिक कार्य आयोजित होते रहते हैं। आज संपूर्ण वर्ष की व्रतोत्सव तिथि पत्रिका जो सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार में मिल के पत्थर के समान है इसमें संपूर्ण वर्ष के व्रत त्यौहार एवं एकादशी, पूर्णिमा, अमावस्या, राहुकाल समय, विवाह मूहूर्त, आदि काशी विद्वत परिषद के द्वारा प्रतिपादित पंचांग के आधार पर अंकित हैं। यह एक उपयोगी और सार्थक धार्मिक पत्रिका है।

उमेश शर्मा ने कहा कि इस पर्व पत्रिका में सहयोग देने वाले सभी धर्म निष्ठ बांधुओं का धर्म संघ की ओर से आभार व्यक्त करते हैं। यह एक उपयोगी एवं सरल भाषा में पंचांग पत्रिका है जिसे ग्रहणियां सरलता से उपयोग कर सकती हैं इस अवसर पर धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, जय घोषों के साथ उपस्थित राजीव गौड़, बृजपाल कौशिक, सनी गुप्ता, आशु शर्मा, राकेश शर्मा, डॉक्टर अभिषेक शर्मा, पुनीत शर्मा, अनुज शर्मा, प्रबंधक उमाशंकर शर्मा, अखिलेश शास्त्री, कुलदीप शर्मा,प्रज्ञ शर्मा, उमेश शर्मा, हरिओम शर्मा, हर्ष धामा,रोहन, सचिन धामा को प्रसाद के साथ तिथि पर्व पत्रिका भेंट की गई।

सैन्य सम्मान के साथ पूर्व सैनिक कैप्टन का अंतिम संस्कार

बनवारी लाल कुशवाह, देश रोजाना, शिकोहाबाद। मई खास रूचन मानिकपुर के कैप्टन रामदास यादव का मधुमक्खी के काटने से असमय निधन हो गया। पूर्व सैनिक कैप्टन रामदास यादव को तिरंगे में लपेटकर पूर्व सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

भूतपूर्व सैनिक कल्याण समिति नगला गुलाल के रामपाल सिंह, हबलदार राजेन्द्र, हबलदार दलवीर सिंह तथा कैप्टन रामनरेश यादव, हबलदार रामप्रकाश, हबलदार अहिबरन सिंह, हबलदार शिवराज सिंह व अन्य ने पुष्प चक्र चढाकर अंतिम विदाई दी। शहरवासी नम आंखों से पूर्व सैनिक कैप्टन के अंतिम दर्शन कर अंतिम यात्रा में शामिल हुए। हाथों में तिरंगा, कंधे पर सैनिक का शव, मुख पर वंदे मातरम, भारत माता की जय, कैप्टन रामदास यादव अमर रहे, अमर रहे के घोष से देशभक्ति व सैनिक सम्मान का भाव देख हर आंख नम नजर आई।

जानिब से एसपी, कप्तान और एसपी टीआई को दी ईद की मुबारकबाद

देश रोजाना ब्यूरो, बागपत

जमीयत यूथ क्लब भारत स्काउट एंड गाइड से मौलाना हुसैन अहमद मदनी स्काउट दल के स्काउट ने जिला प्रशासन के साथ ईद मिलन का प्रोग्राम किया। जिसमें स्काउट के बच्चों ने कप्तान साहब जिला बागपत को गुलदस्ता पेश किया और ईद की मुबारकबाद पेश की एसपी ऑफिस के तमाम कार्यकर्ता को स्काउट ने सैल्यूट करके ईद मिलन का प्रोग्राम पेश किया। हाफिज मोहम्मद कासिम जनरल सेक्रेटरी जमीयत उलेमा जिला बागपत की निगरानी में जिला बागपत में चल रहे जमीयत यूथ क्लब की कार्यप्रणाली पर रोशनी डालते हुए बताया कि हमारे बच्चे माशाल्लाह बहुत उम्दा तरीके से खिदमत खल्क को अंजाम दे रहे हैं। जिसमें रैलियां निकाली जाती हैं अभियान चलाए जाते हैं। हमारी कोशिश है की जिला बागपत में जमीयत युथ क्लब भारत स्काउट एंड गाइड के बच्चे इसी तरह देश की उन्नति के लिए काम करते रहें। एसपी साहब ने भी बच्चों के कार्य पर बधाई पेश की हैं इस अवसर पर डॉ मुजफ्फर साहब, सईद साहब, मोहम्मद साजिद स्काउट मास्टर आदि उपस्थित रहे।

चुनाव कार्यालय का उद्घाटन कर सभा को किया संबोधित

देश रोजाना ब्यूरो, बागपत



समाजवादी पार्टी ने बागपत में क्या चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद जनसंपर्क किया। शनिवार को पार्टी कार्यालय का उद्घाटन कर शौकत मार्केट स्थित नवाब अहमद हमीद की हवेली पर अमरपाल शर्मा पहुंचे।

जहा जन सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता हसन नेता और संचालन इफ्तकार एडवोकेट व इरफान ने की। शनिवार को सभा को संबोधित करते हुए अमरपाल शर्मा ने बताया कि बागपत लोकसभा में दूसरे चरण 26 अप्रैल को मतदान होना है। मतदान को लेकर जहां जिला प्रशासन पूरी तरीके से अलर्ट मोड पर है वहीं विभिन्न दलों के प्रत्याशीयो भी चुनाव प्रचार तेज कर दिया है।आज समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन ने संयुक्त प्रत्याशी अमरपाल शर्मा ने बागपत विधानसभा में अपने चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया और लोगों से कहा कि वह आने वाली 26 तारीख को उनका मतदान करें वह पांच साल तक बागपत लोकसभा के प्रत्येक जाति और बिरादरी का लोगों का सम्मान करेंगे। अहमद हमीद का दिल से शुक्रिया भी किया। वही अहमद हमीद ने जनता को संबोधित करते हुए कहा की गठबंधन पार्टी ने अमरपाल शर्मा पर जो भरोसा जताया है। उस पर खरा उतरना हैं।

सर्व समाज के लोगों को एक साथ लेकर चलेंगे और लोकसभा क्षेत्र को विकास की ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। आने वाली 26 तारीख को उनका मतदान करें वह पांच साल तक बागपत लोकसभा के प्रत्येक जाति और बिरादरी का लोगों का सम्मान करेंगे। इस मौके पर वक्ता नईम एडवोकेट, डॉ आलिम साहब, हाफिज फजरूद्दीन, असगर, इंसार अली कुर्बान अली, बृजमोहन शर्मा, हजरत प्रधान, लियाकत, पप्पू, जमशेद अली, जाकिर हुसैन, फिरोज भाई, शौकीन, शौकीन मलिक, चौधरी वकील, इरशाद, अनीश, मुन्नू, जाहिद फौजी, हबीबुररहमान, जरीफ, वकील अहमद, इदरीश प्रधान, हाजी नजाकत, इकबाल प्रधान, नावेद प्रधान आदि उपस्थित रहे।

अजितनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक दिवस मनाया

देश रोजाना ब्यूरो, बागपत

आचार्य श्री वसुनंदी जी महाराज के सुशिष्य मुनि श्री शुभानंद जी महाराज और मुनि श्री ध्रुवानंद जी महाराज के पावन सानिध्य में श्री अजितनाथ दिगंबर जैन मन्दिर मंडी बड़ौत में जैन धर्म के दूसरे तीर्थकर भगवान अजितनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव धूम धाम से मनाया गया। सोधर्म इंद्र राजेश जैन के नेत्रत्व मे 100 से अधिक इंद्रगनो ने अजितनाथ भगवान की प्रतिमा का गर्म प्रासुक जल से अभिषेक किया।

शांति धारा का सौभाग्य सोधर्म इंद्र राजेश जैन के साथ राजकुमार जैन, सौरभ जैन ,दिनेश जैन, सचिन जैन, राकेश जैन, मुकेश जैन,आदि को प्राप्त हुआ। इसके बाद सभी ने अष्ट द्रव्यों से अजितनाथ भगवान की पूजन की और भगवान के चरणो मे निर्वान लाडु समर्पित किया। प्रथम लाडु राजेश जैन, दूसरा लाडु श्री स्याद्वाद महिला संगठन, मंडी ने और तीसरा लाडु श्री अजितनाथ पाठशाला की अध्यापिकाओ ने चढ़ाया।इस अवसर पर वरदान जैन और शुभम जैन ने सुंदर भजन प्रस्तुत किये। इसके बाद जैन श्रधालुओ ने भक्ति भाव से अजितनाथ विधान की पूजन की और मांडले पर 108 अर्घ समर्पित किये। विधान के मध्य मंगल प्रवचन देते हुए मुनि श्री शुभानंद जी महाराज ने कहा कि जहाँ पर धर्म होता है, वहीं लक्ष्मी का वास होता है, वहीं परस्पर प्रेम भाव होता है। आज व्यक्ति धर्म को ना अपनाकर लक्ष्मी के पीछे भाग रहा है, लेकिन उसे यह नही पता कि जहा धर्म नही होता, वहाँ लक्ष्मी भी निवास नही करती।इसलिए बंधुओ जिनेंद्र भगवान की भक्ति करते हुए देव शास्त्र गुरु मे अपनी आस्था रखो, तभी तुम्हारा मानव जीवन सार्थक है।

मुनिवर के पाद प्रक्षालन का सौभाग्य राजकुमार जैन को और दीप प्रज्वलन का सौभाग्य सुभाष जैन और अशोक जैन को प्राप्त हुआ। शाम को मन्दिर जी मे आरती हुई और श्री अजितनाथ पाठशाला के बच्चों के द्वारा धार्मिक नाटिका की प्रस्तुति दी गयी। पुरस्कार वितरण विमर्श जागृति मंच द्वारा किया गया। कार्यक्रम मे डिंपल जैन, रश्मि जैन, नीतू जैन, अर्चना जैन, इंद्राणी जैन,विवेक जैन,ऋषभ जैन, अमित जैन, संकल्प जैन,अनुज जैन,नरेंद्र जैन, विकास जैन, हंस कुमार जैन आदि उपस्थित थे।

मॉल में चाकू लेकर दौड़ा हमलावर गोलियां भी चलीं, चार की मौत

एजेंसी, सिडनी

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी स्थित वेस्टफील्ड बॉन्डी जंक्शन मॉल में चाकूबाजी और गोलीबारी की घटना घटी, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए।

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी शहर में स्थित वेस्टफील्ड बॉन्डी जंक्शन मॉल में चाकूबाजी और गोलीबारी के कारण हड़कंप मच गया। मौके पर पुलिस का अभियान जारी है। घटना में चार लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल है। हालांकि वेस्टफील्ड बॉन्डी जंक्शन मॉल परिसर से जुड़ी घटना पर न्यू साउथ वेल्स पुलिस ने एक पोस्ट साझा किया। जिसमें कहा गया कि बॉन्डी जंक्शन पर एक व्यक्ति द्वारा चाकू से हमला किया गया। शनिवार शाम 4 बजे से ठीक पहले कई लोगों को चाकू मारने की रिपोर्ट के बाद आपातकालीन सेवाओं को बुलाया गया और लोगों से घटनास्थल से दूर रहने का आग्रह किया जाता है। घटना के संबंध में पूछताछ जारी है और कोई और विवरण नहीं है।

वहां मौजूद लोगों ने बताया कि मॉल के भीतर से गोलीबारी की आवाज आ रही थी। तकरीबन चार लोगों पर चाकू से हमला किया गया। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई। घटना को बाद भीड़ को इधर-उधर भागते हुए देखा गया था। घटना की जानकारी मिलते ही कई पुलिस गाड़ी और एम्बुलेंस घटनास्थल पर पहुंच गई। सोशल मीडिया पर घटना से जुड़ी कई वीडियो वायरल हो रही है।

बॉन्डी जंक्शन मॉल पर चाकूबाजी की घटना पर ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बानीज ने कहा कि यह दुखद घटना है। इसमें कई लोगों के हताहत होने की सूचना मिली है। घटना में मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति मैं संवेदना व्यक्त करता हूं।

वहां मौजूद लोगों के मुताबिक, एक आदमी मॉल के भीतर चाकू लेकर दौड़ रहा था, जिसने चार लोगों पर वार कर दिया। हालांकि पुलिस ने उसे मार गिराया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए कहा कि अभी केवल एक अपराधी ही घटना में शामिल है।

बैंक दे रहे हैं एफडी पर शानदार रिटर्न

एजेंसी, नई दिल्ली।

अगर आप इन दिनों फिक्स्ड डिपॉजिट यानी एफडी कराने की योजना बना रहे हैं तो ये खबर आपके काम की है। आज हम आपको ऐसे बैंकों के बारे में बताने जा रहे हैं जहां एफडी पर सबसे ज्यादा ब्याज मिल रहा है। देश में ज्यादातर लोगों को एफडी कराना पसंद है। एफडी को निवेश का एक सुरक्षित विकल्प माना जाता है।

बैंक समय-समय पर अपनी ब्याज दरों में बदलाव करते रहते हैं। अगर आप एफडी कराने की योजना बना रहे हैं तो आपको अलग-अलग बैंकों की ब्याज दरों की जानकारी कर लेनी चाहिए। हर एक बैंक की एफडी पर ब्याज दरें अलग-अलग होती हैं। देश के कई बैंक 3 साल की एफडी पर अपने ग्राहकों को बंपर ब्याज ऑफर कर रहे हैं। आईए आपको बताते हैं ऐसे 5 बैंकों के बारे में जहां एफडी पर सबसे ज्यादा ब्याज मिल रहा है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया अपने सामान्य ग्राहकों को अलग-अलग अवधि के लिए 3.0 फीसदी से 7.10 प्रतिशत तक का ब्याज दे रहा है। वहीं सीनियर सिटीजन को बैंक 3.50 से 7.60 फीसदी तक का ब्याज दे रहा है। कोटक महिंद्रा बैंक अपने सामान्य ग्राहकों को एफडी कराने पर 2.75 से 7.20 फीसदी और सीनियर सिटीजन को 3.25 से 7.70 फीसदी तक का ब्याज दे रहा है। एचडीएफसी बैंक में लोगों को एफडी कराने पर तीन फीसदी से लेकर 7.25 प्रतिशत तक का ब्याज मिल रहा है। आरबीएल बैंक अपने सामान्य ग्राहकों को अलग-अलग अवधि के लिए 3.50 फीसदी से 7.80 फीसदी तक का ब्याज दे रहा है। वहीं सीनियर सिटीजन को बैंक 4 फीसदी से लेकर 8.30 फीसदी तक का ब्याज दे रहा है।

वहीं आईडीएफसी फर्स्ट बैंक अपने सामान्य ग्राहकों को अलग-अलग अवधि के लिए 3.50 फीसदी से 7.50 फीसदी तक का ब्याज दे रहा है। जबकि बैंक इसी अवधि के लिए सीनियर सिटीजन को 4 फीसदी से 8 प्रतिशत तक का ब्याज दे रहा है। हालांकि आप किसी भी बैंक में एफडी कराने से पहले एक बार बैंक की वेबसाइट या बैंक में जाकर ब्याज की जानकारी जरूर कर लें। बैंक समय-समय पर अपनी एफडी की ब्याज दरों में बदलाव करते रहते हैं। इससे आपको अपनी एफडी पर शानदार रिटर्न मिल सकेगा।

पुरानी बीमारियों के इलाज के लिए तीन साल से ज्यादा नहीं करना होगा इंतजार

एजेंसी, नई दिल्ली। इरडा के मुताबिक, स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी के शुरू होने से 36 महीने तक की अवधि के दौरान उल्लिखित बीमारियां या इलाज (दुर्घटना के कारण को छोड़कर) कवर नहीं होते हैं। इसके तहत पॉलिसीधारकों को अब पुरानी बीमारियों के इलाज के लिए 36 महीने से ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। पहले इन बीमारियों के इलाज के लिए प्रतीक्षा अवधि 48 महीने थी। नया नियम एक अप्रैल, 2024 से लागू है। बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण की जांच स्वास्थ्य बीमा कंपनी की ओर से जारी पॉलिसी के शुरू होने की तारीख से 36 माह पहले फिजिशियन द्वारा किया जाता है या चिकित्सा सलाह या उपचार की सिफारिश की गई है तो ऐसे मामलों में वेटिंग अवधि 36 माह से ज्यादा नहीं होगी।

राष्ट्रपति चुनाव को दौड़ में बाइडन-ट्रंप को टक्कर देगा शिक्षक

- कहा- राजनीति को रीसेट करना जरूरी

एजेंसी, नई दिल्ली

डस्टिन इबे ने बताया कि राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ में शामिल होने के लिए उन्होंने कानूनी तौर पर अपना नाम बदल लिया और खुद को मतपत्र में लाने के लिए लंबे समय से लोगों के हस्ताक्षर एकत्र कर रहे हैं। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ में जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप के अलावा एक नए व्यक्ति का नाम सामने आया है। इसके लिए एक 35 वर्षीय शिक्षक डस्टिन इबे ने आधिकारिक तौर पर अपना नाम भी बदला है। उन्होंने राष्ट्रपति की दौड़ में बाइडन और ट्रंप के बीच दोबारा मुकाबले को देखते हुए निराशा व्यक्त की है। हालांकि, यह एक ध्यान आकर्षित करने वाला निर्णय है, लेकिन इबे के पास उठाने के लिए कई गंभीर मुद्दे हैं। मीडिया से बात करते हुए डस्टिन इबे ने कहा, मेरा नाम 'कोई भी अन्य' (लिटरली एनीबडी एल्स) है और मैं राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ में शामिल हुआ हूं। उन्होंने बताया कि वह और उनकी पत्नी अपने वेतन पर घर खरीदने में असमर्थ हैं। डस्टिन इबे ने कहा, मौजूदा स्थिति में हम और कई युवा घर ढूंढने में संघर्ष कर रहे हैं। हम अब उन चीजों के लिए संघर्ष कर रहे हैं जो 20 से 30 साल पहले चिंता का विषय नहीं था। गणित के शिक्षक इबे ने कहा कि अब अमेरिकी राजनीति को रीसेट करने की आवश्यकता है और वह इसका तरीका ढूंढ रहे हैं।

यूक्रेन पर हमले में चीन कर रहा रूस की सहायता

एजेंसी, वॉशिंगटन

रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिका और यूरोप की तुलना में रूस तोप के लिए तीन गुना से अधिक गोला-बारूद तैयार कर रहा है। रूस में इतने बड़े पैमाने में तोप के लिए गोला-बारूद बनाने में चीन की प्रमुख भूमिका है।

यूक्रेन में जारी युद्ध के बीच रूस के सबसे बड़े सैन्य विस्तार में चीन उसकी मदद कर रहा है। इससे यूक्रेन में चिंताएं बढ़ने लगी है। एक अधिकारी ने दावा किया कि चीन और रूस मिलकर रूस के भीतर ड्रोन के उत्पादन में संयुक्त रूप से काम कर रहे हैं। चीन का समर्थन रूस की तरफ से यूक्रेन पर हमला जारी रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मौजूदा स्थिति में यूक्रेन की सेना हथियारों की कमी से जूझ रही है। इसी बीच अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी की ओर से कीव को नए अमेरिकी सैन्य सहायता पैकेज पर वोटिंग को रोकने के बाद यूक्रेन की चिंता और भी बढ़ गई थी।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अमेरिका को यूक्रेन का समर्थन करने के लिए पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी) को रूस को अपने सैन्य औद्योगिक के पुनर्गठन में मदद करने से रोकना होगा। उन्होंने आगे कहा कि रूस पीआरसी के मदद के बिना अपने युद्ध प्रयासों को जारी रखने में संघर्ष करेगा। अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि चीन ने रूस को मशीन टूल्स में 900 मिलियन डॉलर का 70 फीसदी से अधिक प्रदान किया।

पायल धर ने इंजीनियरिंग करने के बाद गेमिंग से पाई शोहरत

एजेंसी, नई दिल्ली। पायल के गेमिंग की यात्रा तब शुरू हुई जब उनके चचेरे भाइयों ने उन्हें वीडियो गेम की दुनिया से परिचित कराया। पायल के गेमर बनने की यात्रा में उनके पिता ने उनका अटूट समर्थन किया। हालांकि मां शुरू में उनके भविष्य को लेकर चिंतित थीं लेकिन पायल के दृढ़ संकल्प और जुनून को देखकर उनका दृष्टिकोण भी बदला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुछ समय पूर्व भारत के टॉप गेमर्स से बातचीत की। इससे जुड़ा एक वीडिओ शनिवार को सार्वजनिक किया गया। पीएम मोदी जिन गेमर्स से मिले उनमें अनिमेष अग्रवाल, मिथिलेश पाटणकर, पायल धारे, नमन माथुर और अंशू बिष्ट शामिल हैं। पीएम ने इन गेमर्स से मुलाकात कर उनकी सफलता की कहानी के बारे में जाना।

200 करोड़ की संपत्ति दान कर सन्यास लेंगे गुजरात के कारोबारी

- फोन, एसी, पंखा सब छोड़ करेंगे भिक्षाटन

एजेंसी, नई दिल्ली

साबरकांठा जिले के हिम्मतनगर में धूमधाम से चार किलोमीटर लंबी एक शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान सन्यास ग्रहण करने जा रहे भावेश भाई भंडारी और उनकी पत्नी ने अपनी 200 करोड़ रुपये की संपत्ति दान में दे दी। उन्होंने अचानक कारोबारी से दीक्षार्थी बनने का फैसला किया है।

गुजरात के साबरकांठा जिले का एक कारोबारी परिवार सुर्खियों में है। दरअसल हिम्मतनगर के रहने वाले बिजनेसमैन भावेश भाई भंडारी और उनकी पत्नी ने अपनी 200 करोड़ की संपत्ति दान कर सन्यास लेने का फैसला किया है। उनके इस फैसले की खूब चर्चा हो रही है। भावेश भाई को जाननेवालों का मानना है कि भंडारी के परिवार का हमेशा से जैन समाज की ओर झुकाव रहा है।

अक्सर इनके परिवार की मुलाकात दीक्षार्थियों और गुरुजनों से होती रहती थी। भावेश भाई और उनकी पत्नी ने अपनी एशो-आराम की जिंदगी त्यागकर जैन धर्म की दीक्षा लेने और सन्यासी जीवन बिताने का फैसला किया है। भावेश बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन के बिजनेस से जुड़े हुए हैं। उनका कारोबार साबरकांठा से अहमदाबाद तक फैला हुआ है।

साबरकांठा जिले के हिम्मतनगर में धूमधाम से चार किलोमीटर लंबी एक शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान सन्यास ग्रहण करने जा रहे भावेश भाई भंडारी और उनकी पत्नी ने अपनी 200 करोड़ रुपये की संपत्ति दान में दे दी। उन्होंने अचानक कारोबारी से दीक्षार्थी बनने का फैसला किया है। जानकारी के अनुसार 22 अप्रैल को भावेश भाई और उनकी पत्नी समेत 35 लोग हिम्मतनगर रिवर फ्रंट पर संयमित जीवन जीने का संकल्प लेंगे।

दो दिनों में ही बड़े मियां छोटे मियां ने बॉक्स ऑफिस पर जड़ा अर्धशतक

अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की एक्शन से भरपूर फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' ने ईद के मौके पर 11 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक दी। ओपनिंग डे पर फिल्म ने बंपर कमाई कर शानदार तरीके से अपना खाता खोला। हैरतअंगेज एक्शन दृश्यों भरी यह फिल्म न सिर्फ भारतीय दर्शकों को पसंद आ रही है, बल्कि विदेशी दर्शक भी फिल्म पर टूट कर पड़ रहे हैं। फिल्म का वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस कारोबार इस बात की गवाही दे रहा है।

रिलीज के महज दो दिनों के अंदर फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कमाई का अर्धशतक जड़ दिया है। पूजा एंटरटेनमेंट की अली अब्बास जफर द्वारा निर्देशित फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' पर दर्शक खूब प्यार लुटा रहे हैं। देशभर में पहले दिन फिल्म ने 15.65 करोड़ रुपये का कारोबार किया। दूसरे दिन शुक्रवार को फिल्म ने 7.06 करोड़ कमाए। घरेलू बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने महज दो दिनों में 23.28 करोड़ कमा लिए हैं। वहीं, वर्ल्डवाइड कारोबार और ज्यादा चौंकाने वाला है।

इस फिल्म ने पहले दिन दुनियाभर में 36.33 करोड़ रुपये का कारोबार किया। फिल्म को ईद की छुट्टी का पूरा फायदा मिला। अब दूसरे दिन भी इसके कारोबार में अच्छा इजाफा हुआ है, जिसके बाद फिल्म की कमाई रिलीज के महज दो दिनों के अंदर 50 करोड़ रुपये पार हो गई है। आंकड़ों के मुताबिक वर्ल्डवाइड 'बड़े मियां छोटे मियां' का ग्रॉस कलेक्शन 55.14 करोड़ रुपये हो गया है।

वीकएंड में इस फिल्म को और ज्यादा फायदा मिलने वाला है। एक्शन के साथ-साथ इस फिल्म में हास्य का भी तड़का है। यह खूबियां दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींच रही हैं। यह एक पारिवारिक मनोरंजन फिल्म कही जा रही है। ईद की छुट्टी और फिर वीकएंड पर लोग अपने परिवार के साथ इसे देखने निकल रहे हैं। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म का मुकाबला अजय देवगन की 'मैदान' से है।

अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के अलावा फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन, मानुषी छिल्लर, अलाया एफ, सोनाक्षी सिन्हा और रोनित बोस रॉय भी अहम भूमिकाओं में हैं। अक्षय कुमार और टाइगर दोनों ही इंडस्ट्री में अपने एक्शन और स्टंट के लिए मशहूर हैं। अब जब दोनों एक ही फिल्म में साथ नजर आए हैं तो पूरी उम्मीद है कि बॉक्स ऑफिस पर कुछ नए रिकॉर्ड तो जरूर बनेंगे।

डिजाइनर रॉबर्टो कैवल्ली का 83 साल की उम्र में निधन

फैशन जगत से जुड़ी एक बुरी खबर सामने आई है। फैशन में दिलचस्पी लेने वाले लोग डिजाइनर रॉबर्टो कैवल्ली का नाम जानते ही होंगे। वे मशहूर इटालियन डिजाइनर है, जिनका 83 साल की उम्र में निधन हो गया है। फैशन प्रेमियों को इस खबर से बड़ा धक्का पहुंचा है। रॉबर्टो के निधन के बारे में जानकर उनके चाहने वाले सदमे में है। रॉबर्टो कैवल्ली अपने एनिमल प्रिंट्स और सैंड-ब्लास्टेड डेनिम्स के लिए जाने जाते थे।

जब भी बड़े फैशन डिजाइनरों का ज़िक छिड़ता है, तो रॉबर्टो का नाम जरुर सामने आता है। उनके डिजाइन किए कपड़ों को कई बड़े फिल्म सितारे पहन चुके हैं। फिल्म से जुड़े बड़े आयोजनों में कई अभिनेत्रियां उनकी ड्रेस पहनकर अपना जलवा बिखेरती रही है। रेड कार्पेट पर कई मशहूर फिल्मी हस्तियां उनके तैयार किए गए गाउन को पहने नजर आ चुकी हैं। इनमें ऐश्वर्या राय बच्चन भी शामिल हैं। उन्होंने साल 2014 में कान फिल्म महोत्सव में रॉबर्टो की ड्रेस को पहना था।

अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा भी कैवल्ली की ड्रेस पहन चुकी हैं। वे रॉबर्टो द्वारा डिजाइन किए गए कपड़ो में ग्लैमर का तड़का लगा चुकी हैं। रॉबर्टो के एनिमल प्रिंट्स उनकी सुंदरता में चार चांद लगा देते हैं। जान्हवी कपूर को भी रॉबर्टो की ड्रेस पहनने का मौका मिला है। उन्होंने एक बार काले रंग वाला मिरर गाउन पहना था, जिसमें वे बेहद खूबसूरत नजर आ रही थीं। सोनम कपूर अपने फैशन की वजह से काफी चर्चा में रहती हैं। वे आए दिन अपने-अपने लुक को प्रशंसकों के साथ साझा करती रहती हैं। उनका और रॉबर्टो के बीच का रिश्ता तो एकदम अलग किस्म का था।

डिलीवरी बॉय ने ग्राहक के घर से चोरी किए जूते, बचाव में उतरे सोनू सूद



अभिनेता सोनू सूद अपनी प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर जाने जाते हैं। अभिनेता आए दिन किसी न किसी की मदद कर मिसाल पेश करते रहते हैं। फैंस भी अभिनेता के इस अंदाज के मुरीद हैं। अब सोनू सूद एक बार फिर चचाओं में आ गए हैं। दरअसल हाल ही में, सोनू ने एक डिलीवरी बॉय के चोरी का बचाव किया है, जिसे लेकर उन्हें खूब ट्रोल किया जा रहा है।

सोनू सूद ने फूड डिलीवरी बॉय का बचाव किया है, जिसने गुरुग्राम में एक ग्राहक के घर से ब्रांडेड जूते की एक जोड़ी चुरा ली थी। बता दें कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक सीसीटीवी फुटेज वायरल हो रहा है, जिसमें डिलीवरी बॉय को खाना पहुंचाने के बाद जूते चुराते हुए देखा जा सकता है, जिस शख्स के जूते चोरी हुए हैं, उसने डिलीवरी बॉय की शिकायत फूड डिलीवरी कंपनी से की, हालांकि उन्हें कोई जवाब नहीं मिला।

एक तरफ जहां कई लोगों ने डिलीवरी बॉय की इस हरकत के लिए उसकी आलोचना की और कंपनी से उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा। वहीं, अभिनेता सोनू सूद ने उसका बचाव किया और कहा कि उसे जूते की एक नई जोड़ी उपहार में दी जानी चाहिए। अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर, सोनू ने पोस्ट किया, अगर डिलीवरी बॉय किसी के घर पर खाना पहुंचाते समय जूते की एक जोड़ी चुरा लेता है। उसके खिलाफ कोई कार्रवाई न करें।

उसे जूते की एक नई जोड़ी खरीद कर दें। वह हो सकता है। वास्तव में दयालु बनो। अभिनेता की इस पोस्ट पर सोनू के प्रशंसकों ने सहमति व्यक्त की और कहा कि दयालु के छोटे कार्य किसी का दिन अच्छा बना सकते हैं। हालांकि, उनका पोस्ट यूजर्स के दूसरे वर्ग को पसंद नहीं आया। लोगों ने तर्क दिया कि चोरी करना गलत है। चाहे कोई व्यक्ति किसी भी तरह की स्थिति में हो।

पांच मैचों की सीरीज में भारतीय हॉकी टीम की चौथी हार

एजेंसी, पर्थ

भारतीय हॉकी टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट में 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। पांच मैचों की श्रृंखला में यह मेहमान टीम की चौथी हार है। बिजली कड़कने के कारण 40 मिनट देरी से शुरू हुए मैच में चारों गोल पेनाल्टी कॉर्नर पर आए। भारत ने कप्तान हरमनप्रीत की मदद से 12वें मिनट में बढ़त बनाई थी लेकिन जेरेमी हेवर्ड (19वां मिनट, 47 वां मिनट) ने दो और जैक वेल्क (54वां मिनट) ने ऑस्ट्रेलिया की जीत सुनिश्चित की। पहले टेस्ट में भारत को 1-5, दूसरे में 2-4 और तीसरे में 1-2 से हार का सामना करना पड़ा था। पेरिस ओलंपिक की तैयारियों के मद्देनजर खेली जा रही श्रृंखला का पांचवां मैच शनिवार को खेला जाएगा।

न्यूजीलैंड भारतीय सेना की हॉकी टीम की ओर से 1926 में किए गए दौरे के सौ वर्ष होने का जश्न मनाने जा रहा है। तीन माह तक चले इस दौरे की टीम में हॉकी के जादूगर ध्यानचंद भी शामिल थे। माना जाता है कि इसी दौरे से ध्यानचंद का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उदय हुआ था। भारत में न्यूजीलैंड के राजदूत डेविड पाइन ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि 2026 दोनों देशों के संबंधों का विशेष वर्ष होगा। उन्होंने कहा कि इस जश्न के लिए एक समिति का गठन हो चुका है और समय के अनुसार चीजें आगे बढ़ती चली जाएंगी। उन्होंने कहा कि हम हर खेल में भारत के साथ जुड़ाव का जश्न मनाएंगे। चाहे ये क्रिकेट हो, वेटलिफ्टिंग, जूडो या फिर बॉक्सिंग। हमें उम्मीद है कि भारत के प्रधानमंत्री 2026 में इस जश्न में शामिल होने न्यूजीलैंड आएंगे। भारतीय हॉकी संघ के गठन के बाद 1926 में पहली बार न्यूजीलैंड टीम भेजी गई थी। इस दौरे पर भारतीय टीम ने 21 मैच खेले, जिसमें 18 उसने जीते। इस दौरे पर ध्यानचंद ने शानदार प्रदर्शन कर वहां के लोगों का दिल जीता था।

गुकेश को कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में मिली पहली हार

एजेंसी, टोरंटो (कनाडा)

डी गुकेश को कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में पहली हार का सामना करना पड़ा। उन्हें फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा के खिलाफ अच्छी स्थिति में होने के बावजूद मात सहनी पड़ी। इस हार के बाद गुकेश (4) को संयुक्त शीर्ष स्थान भी गंवाना पड़ा। अब वह आर प्रगनानंदा और फैबियानो कारुआना के साथ दूसरे स्थान पर हैं। प्रगनानंदा (4) और शीर्ष वरीय कारुआना (4) ने सातवें दौर की बाजी ड्रॉ खेली। विदित गुजराती (3.5) का भी अजरबैजान के निजात एबासोव (2) से मुकाबला बराबरी पर छूटा।

रूस के इयन नेपोमनियाच्ची (4.5) अमेरिकी नाकामुरा (3.5) से ड्रॉ खेलकर इकलौती बढ़त पर हैं। महिला वर्ग में आर वैशाली को चीन की ली टिंगजी (4) से हार का सामना करना पड़ा, जबकि कोनेरू हंपी ने यूक्रेन की मुजिशुक (2.5) से ड्रॉ खेला। दोनों के 2.5 अंक हैं। चीन की झोंगयी तान (5) ने रूस की अलेक्जेंडर गोर्याचकिना (4.5) से ड्रॉ खेल महिला वर्ग में अपनी बढ़त को कायम रखा है।

सात दौर के बाद टूर्नामेंट का आधा पड़ाव समाप्त हो चुका है। अब अगले सात दौर में विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को चुनौती देने वाले का फैसला होगा। टूर्नामेंट में पहली बार चीजें गुकेश की योजनाओं के अनुसार नहीं चलीं। मध्य खेल तक गुकेश अच्छी स्थिति में थे, लेकिन उन्हें गैरजरूरी जटिलताओं को अपनाना महंगा पड़ा। वह बुरी तरह समय के फेर में फंस गए थे। प्रगनानंदा ने 41 चालों में फ्रेंच रक्षण का सहारा लेते हुए कारुआना से ड्रॉ खेला। गुजराती भी मध्य खेल में मजबूत स्थिति में थे, लेकिन एबासोव ने खेल के अंत में मजबूत रक्षण का परिचय देकर ड्रॉ खेला। वैशाली और हंपी दोनों सबसे निचले स्थान पर हैं। ऐसे में उनकी टूर्नामेंट में वापसी की उम्मीदें लगभग समाप्त हो चुकी हैं।

डेब्यू पर छाए दिल्ली के नए सिक्स हिटर जेक

एजेंसी, लखनऊ

इस मैच में दिल्ली की टीम ने 22 साल के युवा खिलाड़ी जेक फ्रेजर मैकगर्क और कप्तान ऋषभ पंत की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत जीत हासिल की। मैकगर्क ने जहां आईपीएल डेब्यू पर सूझबूझ वाली पारी खेल अर्धशतक जमाया, वहीं पंत ने 41 रन की पारी खेली।

यह इस सीजन दिल्ली की दूसरी जीत रही। टीम इस मैच से पहले दबाव में थी, लेकिन मैकगर्क ने दबाव में शानदार पारी खेली और टीम को जीत दिलाई। मैकगर्क को लेकर पिछले काफी समय से क्रिकेट की दुनिया में काफी चर्चा हो रही है। उन्हें सिक्स हिटर कहा जाता है। मैकगर्क साउथ ऑस्ट्रेलिया से आते हैं और उन्होंने घरेलू क्रिकेट में काफी छक्के जड़े हैं। शुक्रवार को भी उन्होंने लखनऊ के स्टार स्पिनर क्रुणाल पांड्या की गेंद पर तीन छक्के जड़े। इसी साल फरवरी में मैकगर्क ने ऑस्ट्रेलिया के लिए वेस्टइंडीज के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया था और दो वनडे खेले थे। जेक फ्रेजर मैकगर्क का जन्म 11 अप्रैल 2002 को हुआ था और हाल ही में उन्होंने भारत में ही अपना 22वां जन्मदिन मनाया। वह मूलतः विक्टोरिया के रहने वाले हैं। उन्होंने कई एज ग्रुप्स में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया है।

AIS Asahi India Glass Ltd. SAINT-GOBAIN
M :7678601638
Windshield Fitment Expert
All Car Glass Repair & Replacement With Insurance & Cash Facility
(Service Available At Your Home)
शीशे ही शीशे
सभी गाड़ियों के शीशे लगाये जाते है कैश व इश्योरेंस द्वारा
SERVICE AVIAILABLE AT FARIDABAD, DELHI & NCR
e-mail : windshield.fitment.expert@gmail.com

नवरंग

बाल कविताएं

नशे का दुखद परिणाम

मै बेचैन हूं तकलीफ में हूं।
घर की दिक्कतों से हूं परेशान।
साथ नहीं रह पा रहा मैं।
कही ये चिंता ले ना ले मेरी जान।।
तभी एक दोस्त मिला और कहने लगा।
ले कर ले भाई थोड़ा नशा।।
मैं करना तो नही चाहता था।
पर मन चाहता थोड़ा आराम।।
वो दिन तो गुजरे मजे मजे में।
पर दूजे दिन मैं तड़प रहा था।
कोई प्यार से भी बुलाता तो।
मैं बेमतलब का भड़क रहा था।।
वो थी शुरूआत बबार्दी की मेरी।
मैं करने लगा था रोज नशा।
सोचा ना तब इसका परिणाम।।
सूख रहा था गला मेरा।
लग रही थी बार बार प्यास।
बेचैन था मैं, हो गया था मुझको।
अपनी बबार्दी का एहसास।।
हाल था मेरा बेहाल।
रोक ना पाया था मैं खुद को।
लग चुकी थी लत तब मुझको।।
मैं होने लगा था बदनाम।
उस अनजानी गलती का मैं।
अब भुगत रहा हूं अंजाम।।

कविता
नीतू रावल

चलो एक नई शुरूआत करते हैं

चलो एक नई शुरूआत करते हैं।
ज्यादा नहीं थोड़ी खुशियां बेटियों के नाम करते हैं।।
ना कभी खुद को समझे कमजोर
ऐसी ताकत देते हैं।
सुनसान राहों में भी चल सके
अकेले, ऐसी हिम्मत देते हैं।।
चलो एक नई शुरूआत करते हैं।
ज्यादा नहीं थोड़ी खुशियां बेटियों के नाम करते हैं।।
खुल के जीने का इनको एहसास देते हैं।
अपने सपनों को पूरा कर सके,
ऐसा अधिकार देते हैं।।
ज्यादा नहीं थोड़ी खुशियां बेटियों के नाम करते हैं।।
ना समझे किसी से कम खुद को,
कभी ऐसा मान देते हैं।
आगे बढ़ते कदमों को ना रोक पाए कोई।।
ऐसी सब जंजीरों को तोड़ देते हैं।।
किसी के सहारे की ना हो कभी
इनको जरूरत।
इतना आगे चलो इनको भी हौसला की उड़ान देते हैं।।
चलो एक नई शुरूआत करते हैं।
ज्यादा नहीं थोड़ी खुशियां बेटियों के नाम करते हैं।।
(चरखा)

कविता
सिमरन सहनी

कुलदेवी की पूजा

शीला मन में सोचने लगी कि कम से कम अम्मा नाराज तो नहीं हुई फिर शीला ने अपने मन को समझाते हुए अम्मा से पूछ ही लिया अम्मा आप क्या सोच रही हैं? सभी लोग पूजा घर में आ चुके हैं 'माता रानी' की आरती का समय हो रहा है चलिए आरती करते है।

पूजा जायसवाल

नवरात्रि यानी देवी पूजन का पहला दिन और घर में चहल-पहल का माहौल था। सब खुश थे क्योंकि घर में अखंड दीप प्रज्वलित किया जाना था। मेरी सासू मां, जिनको हम प्यार से 'अम्मा' भी कहते है। प्रातः काल उठते ही स्नान ग्रहण कर माला पर उनका जाप चलता ही रहता था। उनकी 'माता' के प्रति आस्था इतनी थी , कि वह सुबह उठते ही उनको अपने हाथों से स्नान करवा कर श्रृंगार करती और उनके लिए नए-नए पकवान इत्यादि अपने हाथ से ही बनाती इससे अम्मा को मन में बहुत खुशी मिलती हैं। नवरात्र के दिन यूं ही निकलते जा रहे थे। सुबह सप्तमी वाले दिन अम्मा स्नान करके अपनी आराम कुर्सी में बैठ गई रोज की तरह ना पूजा पाठ ना माला जाप किया अम्मा यूं ही बहुत देर तक कुर्सी में बैठ कर मंद मंद मुस्कुरा रही थी । शीला सोच में पड़ गई की आज अम्मा को क्या हो गया? वह आंखें बंद करके क्या सोच रही है ?और ऐसे क्यो मुस्कुरा रही है ? वह धीरे-धीरे से अम्मा की कुर्सी के पास गई और डरते-डरते हिलाते हुए की कहीं अम्मा मुझे डांट ना दे और बोली। अम्मा ....अम्मा..... कुछ तो बोलो अम्मा ने आंखें खोली शीला को लगा अब तो पक्का अम्मा मुझे डाटेंगी और वह अम्मा की तरफ शर्मिंदा सी सिर झुका कर खड़ी हो गई। शीला ने देखा अम्मा की आंखें लाल थी मगर जैसे ही शीला ने उनके मुख पर ध्यान दिया तो हल्की सी मुस्कुराहट देखी।

शीला मन में सोचने लगी कि कम से कम अम्मा नाराज तो नहीं हुई फिर शीला ने अपने मन को समझाते हुए अम्मा से पूछ ही लिया अम्मा आप क्या सोच रही हैं? सभी लोग पूजा घर में आ चुके हैं 'माता रानी' की आरती का समय हो रहा है चलिए आरती करते है।

अम्मा ने बहू की तरफ देखा और लम्बी सांस लेकर आंखों में भर आए आंसू पोछें और कहने लगी बहू आज मुझे अपनी छोटी बेटी हंसिका की बहुत याद आ रही है। शीला ने धीरे से स्वर में बोला अम्मा दीदी से आप फोन लगा कर बात कर लो अम्मा ने आह भरी और कहा बहू मुझे हंसिका कि कुछ बात याद आ रही है जब वह छोटी सी थी तो हर सप्तमी को कुलदेवी की पूजा में मुझसे और 'देवी मां' से नाराज हो जाती थी। शीला ने धीरे से कहा ऐसा क्यों अम्मा ? अम्मा फिर धीरे-धीरे मुस्कुराने लगी आह! भरते हुए बोली शीला भी उनको प्यार भरी नजरों से देखने लगी अम्मा ने कहा! अपने यहां सप्तमी वाले दिन कुलदेवी की पूजा होती है । उस पूजा में सिर्फ बहू , बेटे और परिवार के लोग ही पूजा करते हैं। शीला अचरज मैं पड़ गई और गंभीरता से सोचने लगी आखिर उसने अम्मा से पूछ ही लिया ! अम्मा दीदी भी तो परिवार का हिस्सा है। अम्मा ने बोला मैंने कहा ना बहू ,बेटे और परिवार वाले ! शीला अम्मा को अजीब सी नजरों से देखने लगी अम्मा समझ गई उस समय जो मनःस्थिति बेटी हंसिका की होती थी , आज वही मनःस्थिति बहू की भी है। उसके मन में भी हजारों प्रश्न उठ रहे होंगे। शीला बहू का अम्मा के प्रति मन में आक्रोश स्वाभाविक था। शीला मन को शांत कर चुप हो गई। अम्मा ने जब बहू की तरफ देखा तो बहू उनको गुस्से से देख रही थी। लेकिन अम्मा शीला बहू को देखकर मुस्कुरा दी और शीला के हाथ को अपने हाथ में रखकर कहा बेटा ! यह नियम हमने नहीं बनाए है लेकिन जो नियम पीढ़ी दर पीढ़ी चले आ रहे है। हम उन नियमों को झुठला भी नहीं सकते। हम अपने पूर्वजों के द्वारा बनाए गए नियमों और आस्था को जीवित रखना चाहते है।

बहू कुलदेवी के पूजन का अर्थ है! हम अपने परिवार की ,पीढ़ियों और अपने पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करे।

हमारे पूर्वजों के द्वारा बनाए गए 'पूजा पद्धति' को हम अपनी सोच के जरिए बदलना नहीं चाहते। ना हम ' महिला विरोधी है ' और ना ही ' पुरुष विरोधी' यह हमारी सोच पर निर्भर करता है। की हम अपने बच्चों को अपने रीति, रिवाज और परंपराओ से अवगत कराये और जो हमारे पूर्वजों ने हमें सिखाया उसे हम पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ा सके।

अम्मा! गहरी सांस लेते हुए अपनी बहू का हाथ थामे हुए कहती है। बहू हंसिका भी हमेशा इसी बात पर लड़ती थी, की 'देवी मां 'भी तो एक स्त्री का रूप है फिर मैं उनकी पूजा में क्यों शामिल नही हो सकती ? हम लोग यह कहकर इस बात को खत्म कर देते थे, कि लड़कियां पराये घर की अमानत होती है, वह दूसरे घर की बहू है, इसलिए वह इस पूजा में नहीं बैठ सकती है, सिर्फ घर के बेटे ही पूजा को कर सकते हैं और वही इस पूजा का प्रसाद ग्रहण करते है।

बहू पता है! हंसिका मजाक-मजाक में हमेशा यह गाना गुनगुनाती थी और कहती थी अम्मा मैं ' देवी मां ' से यह कहूंगी की.....

जो अब किये हो दाता ऐसा ना की जो
अगले जनम मोहे बिटिया ना की जो
जो अब किये हो दाता ऐसा ना की जो।।।

अम्मा ! कुछ पल के लिये शांत हो कर बैठ गई। धीरे स्वर मैं कहा चलो शीला बहू आरती का समय हो चला सब हमारा इंतजार कर रहे होंगे।

आओ चित्र में रंग भलें



बच्चों के लिए चुटकुले

दिवाली की शाम को तांत्रिक की पत्नी को भूत पकड़ लिया और फिर, यह देख तांत्रिक सब काम छोड़ भूत भगाने बैठ गया

तांत्रिक- तुम कौन हो?
तांत्रिक की पत्नी- आमी मोजंलिका...
तांत्रिक- क्या चाहिए?
तांत्रिक की पत्नी- 25 हजार टका
तांत्रिक- क्यों?
तांत्रिक की पत्नी-सोने की अंगूठी खरीदनी है।
फिर...भूत की जमकर हुई कुटाई

****

टीचर- बच्चों पृथ्वीराज कौन थे?
बच्चा- अभिनेता राजकपूर के पिता।
टीचर- बेहोश...

****

राज- अगर तुम्हें गर्मी लगती है तो क्या करते हो?
मोटू- मैं कूलर के पास जाकर बैठ जाता हूं.
राज- अगर फिर भी गर्मी लगती है तो क्या करते हो?
मोटू- तो फिर मैं कूलर चालू कर लेता हूं।

****

संता अपने पड़ोसी दोस्त बंता से बोला, अबे आज सुबह तेरे कुत्ते ने मेरी किताब फाड़ दी।

बंता- मैं उसे अभी सजा देता हूं।

संता- रहने दे भाई, मैंने सजा दे दी है।

बंता- हैरानी से, 'कैसे?'

संताः मैंने उसके कटोरे का दूध पी लिया।

****

पत्नी- तुम मुझे सोते हुए गाली दे रहे थे

संता- नहीं तुम्हें कोई गलतफहमी हुई है

पत्नी- क्या गलतफलमी?

संता- यही, "कि मैं सो रहा था"

... तब से वाकई में संता की नींद गायब है।

अद्भुत कपड़ा

कहानी

एक समय की बात है। राजा कृष्णदेव राय विजयनगर में दरबार लगाकर बैठे थे। उसी समय दरबार में एक सुंदर महिला एक बक्सा लेकर आई। उस बक्से में एक मखमली साड़ी थी, जिसे निकालकर वह दरबार में राजा और सभी दरबारियों को दिखाने लगी। साड़ी इतनी सुंदर थी कि जो भी उसे देखता वह हैरान रह जाता।

महिला ने राजा से कहा कि वह ऐसी ही सुंदर साड़ी बनाती है। उसके पास कुछ कारीगर हैं, जो अपनी गुप्त कलाओं से इस साड़ी की बुनाई करते हैं। उसने राजा से निवेदन किया कि अगर राजा उसे कुछ धन दें, तो वह उनके लिए भी ऐसी ही साड़ी बना देगी।

राजा कृष्णदेव राय ने महिला की बात मान ली और उसे धन दे दिया। महिला ने साड़ी तैयार करने के लिए 1 साल का समय मांगा। इसके बाद वह महिला साड़ी बुनने वाले अपने कारीगरों के साथ राजा के महल में रहने लगी और साड़ी की बुनाई करने लगी।

इस दौरान उस महिला व कारीगरों के खाने-पीने से लेकर तमाम खर्चे राजमहल ही उठाता था। इसी तरह 1 साल का समय निकल गया। फिर राजा ने अपने मंत्रियों को उस साड़ी को देखने के लिए उस महिला के पास भेजा। जब मंत्री कारीगर के पास गए, तो वह देखकर हैरान रह गए। वहां दो कारीगर बिना किसी धागे या कपड़े के कुछ बुन रहे थे।

महिला ने बताया कि उसके कारीगर राजा के लिए साड़ी बुन रहे हैं, लेकिन मंत्रियों ने बताया कि उन्हें कोई साड़ी दिखाई नहीं दे रही है। इस पर उस महिला ने कहा कि यह साड़ी सिर्फ वही लोग देख सकते हैं, जिनका मन साफ हो और जीवन में उन्होंने कोई पाप न किया हो।

महिला की यह बात सुनकर राजा के मंत्री परेशान हो गए। उन्होंने बहाना बनाते हुए उस महिला से कहा कि उन्होंने वह साड़ी देख ली है और वो वहां से चले गए। राजा के पास वापस आकर उन्होंने कहा कि वह साड़ी बहुत ही सुंदर है।

राजा इस बात से काफी खुश हुए। अगले दिन उन्होंने उस महिला को वह साड़ी लेकर दरबार में हाजिर होने का आदेश दिया। वह महिला एक बक्सा लिए हुए अपने कारीगरों के साथ अगले दिन दरबार में आ गई। उसने दरबार में बक्सा खोला और सबको साड़ी दिखाने लगी।



दरबार में बैठे सभी लोग बहुत हैरान थे, क्योंकि राजा समेत किसी भी दरबारी को कोई साड़ी नहीं दिखाई दे रही थी। यह देखकर तेनाली राम ने राजा के कान में कहा कि उस महिला ने झूठ बोला है। वह सभी को बेवकूफ बना रही है।

इसके बाद तेनाली राम ने उस महिला से कहा कि उन्हें या दरबार में बैठे किसी भी दरबारी को यह साड़ी दिखाई नहीं दे रही है।

तेनाली राम की यह बात सुनकर महिला ने कहा कि यह साड़ी सिर्फ उसी को दिखाई देगी जिसका मन साफ होगा और उसने कोई पाप न किया हो।

महिला की इस बात को सुनकर तेनाली राम के मन में एक योजना आई। उन्होंने उस महिला से कहा राजा चाहते हैं कि तुम खुद उस साड़ी को पहनकर दरबार में आओ और सभी को वह साड़ी दिखाओ।

तेनाली राम की यह बात सुनकर वह महिला राजा के सामने मांफी मांगने लगी। उसने राजा को सब सच-सच बता दिया कि उसने कोई साड़ी नहीं बनाई है। वह सबको मूर्ख बना रही थी।

महिला की बात सुनकर राजा को बहुत गुस्सा आया। उन्होंने उसे जेल में डालने की सजा सुना दी, लेकिन जब उस महिला ने बहुत विनती की, तो उन्होंने उसे छोड़ दिया और माफ करके उसे जाने दिया। साथ ही राजा ने तेनाली राम की चतुराई की तारीफ भी की।

कहानी से सीख इ्र अधिक दिनों तक झूठ या धोखा छिपाया नहीं जा सकता है। एक न एक दिन सच्चाई सबसे सामने आ ही जाती है।

महान मत्स्य

जातक कथा

श्रावस्ती के निकट जेतवन में कभी एक जलाशय हुआ करता था। उसमें एक विशाल मत्स्य का वास था। वह शीलवान, दयावान और शाकाहारी था।

उन्हीं दिनों सूखे के प्रकोप के उस जलाशय का जल सूखने लगा। फलतः वहाँ रहने वाले समस्त जीव-जन्तु त्राहि-त्राहि करने लगे। उस राज्य के फसल सूख गये । मछलियाँ और कछुए कीचड़ में दबने लगे और सहज ही अकाल-पीड़ित आदमी और पशु-पक्षियों के शिकार होने लगे। अपने साथियों की दुर्दशा देख उस महान मत्स्य की करुणा मुखर हो उठी। उसने तत्काल ही वर्षा देव पर्जुन का आह्वान अपनी सच्छकिरिया के द्वारा किया। पर्जुन से उसने कहा, हे पर्जुन अगर मेरा व्रत और मेरे कर्म सत्य-संगत रहे हैं तो कृपया बारिश करें। उसकी सच्छकिरिया अचूक सिद्ध हुई। वर्षा देव ने उसके आह्वान को स्वीकारा और सादर तत्काल भारी बारिश करवायी। इस प्रकार उस महान और सत्यव्रती मत्स्य के प्रभाव से उस जलाशय के अनेक प्राणियों के प्राण बच गये।